मूल्य : 2 रुपए | पृष्ठ : 12 | वर्ष : 28 | अंक : 148

जयपुर

मिशन पत्रकारिता का प्रहरी

# महानगर टाइम्स

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।

facebook YouTube twitter

www.mahanagartimes.com | जयपुर, रविवार, 20 अप्रेल, 2025 | जयपुर, कोटा, दौसा, अलवर, उदयपुर एवं जोधपुर से एक साथ प्रकाशित



12

## दिल्ली में 20 साल पुरानी 4 मंजिला इमारत गिरी

# एक ही परिवार के 8 लोगों सहित 11 की मौत, 11 घायल

### दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता ने घटना की जांच के दिए आदेश

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुस्तफाबाद इलाके में शुक्रवार देर रात करीब 2:39 बजे 4 मंजिला बिल्डिंग ढह गई। हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि 11 लोग घायल हुए। इनमें से 5 गंभीर रूप से घायलों का इलाज जारी है। 20 साल पुरानी चार मंजिला इमारत गिरने के बाद 12 घंटे से ज्यादा समय तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। हादसे के बाद एनडीआरएफ और दिल्ली पुलिस की टीमों ने घायलों को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस के मुताबिक इमारत में 22 लोग थे। इनमें बिल्डिंग के मालिक तहसीन और उनके परिवार के 6 सदस्य भी मारे गए। इनमें 3 महिलाएं और 4 बच्चे शामिल हैं। डिविजनल फायर ऑफिसर राजेंद्र अटवाल के



अनुसार देर रात मकान ढहने की सूचना पर मौके पर पहुंचे तो देखा पूरी बिल्डिंग ढह गई थी और लोग मलबे में फंसे हुए थे। दरअसल शुक्रवार रात दिल्ली में मौसम ने अचानक करवट बदल ली थी। तेज बारिश और आंधी-तूफान के चलते कई इलाकों में नुकसान हुआ। माना जा रहा है कि इसी वजह से मुस्तफाबाद की यह इमारत भी ढह गई।



मलबे से शव निकालकर ले जाती एनडीआरएफ टीम।



मलबे से बचाई गई एक महिला हाथ जोड़े नजर आई।

### दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई

दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि इमारत गिरने की घटना दुखद है। घटना की जांच के आदेश दिए हैं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### हादसे में मरने वालों के नाम

इशाक (75), तहसीन (60), रेशमा (38), नजीम (30), शाहिना (28), चांदनी (23), दानिश (23), नावेद (17), अनस (6), आफरीन (2), अफान (2)।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का तीन दिवसीय दौरा, सीकर-झुंझुनूं सहित कई जगह की जनसभाएं

# 'सरकार ने शेखावाटी के लिए किया यमुना जल समझौता'

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने तीन दिवसीय शेखावाटी दौरे पर हैं। इसकी शुरुआत उन्होंने शनिवार से की। पहले दिन जयपुर एवं सीकर जिले में कई जगह स्वागत हुआ।

श्रीमाधोपुर विधानसभा क्षेत्र के सरगोठ में आयोजित जनसभा में सीएम ने कहा कि हमने आमजन से शेखावाटी में यमुना का जल लाने की बात कही थी और इस पर काम भी किया, लेकिन हरियाणा चुनाव में कांग्रेस ने उसके घोषणा पत्र में लिखा कि हरियाणा में उनकी सरकार बनने पर राजस्थान से किया यमुना जल समझौता रद्द किया जाएगा, लेकिन हरियाणा में भाजपा की प्रचंड जीत के बाद हमने यमुना जल समझौते पर काम कर टास्क फोर्स बनाई और डीपीआर बनाने का कार्य शुरू हुआ। शेखावाटी क्षेत्र में यमुना का जल आने से किसान को फायदा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने अटकी हुई ईआरसीपी योजना को आगे बढ़ाया। इस योजना के जरिए 17 जिलों में 4 लाख हेक्टेयर भूमि से अधिक क्षेत्र में सिंचाई होगी और 3 करोड़ लोगों को पीने का पानी मिलेगा। हमारी सरकार ने बिजली के लिए 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक के एमओयू किए। देवास योजना को आगे बढ़ाकर एनिकट-टनल निर्माण के जरिए उदयपुर की जलापूर्ति क्षमता बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी नहर के तहत श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ में नहरी तंत्र मजबूत करने के लिए 3400 करोड़ का बजट हमारी सरकार ने दिया है। हमने राइजिंग राजस्थान में 35 लाख करोड़ रुपए के एमओयू किए। मात्र 3 माह में 3 लाख करोड़ से अधिक के एमओयू का काम धरातल पर शुरू हुआ। श्रीमाधोपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए हमारी सरकार ने 250 करोड़ रुपए से अधिक के कामों को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि 200 करोड़ रुपए के विकास कार्यों से खंडेला के विकास को गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने दांतारामगढ़ विस क्षेत्र के पलसाना में हुई जनसभा में कहा कि शेखावाटी क्षेत्र का किसान बहुत मेहनती है, वहीं यहां का युवा देश की सीमाओं की रक्षा करने में भी आगे रहता है। उन्होंने कहा कि कुंभाराम लिफ्ट के लिए भी हमने बजट में वित्तीय प्रावधान किया है।



### 'कांग्रेसी पंजे ने प्रदेश को धकेला गर्त में'

नीमकाथाना विधानसभा क्षेत्र में सीएम ने लोगों से कहा कि दोनों हाथ बांध कर भारत माता की जय बोलो। एक हाथ से पंजा दिखाकर मत बोलो। इस कांग्रेसी पंजे ने प्रदेश और देश को गर्त में धकेला है। इसके बाद उन्होंने रामूकाबास, गोकुलपुरा में जनसभा की। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भैरोसिंह शेखावत ने 1993 में बतौर सीएम केंद्र व हरियाणा की सरकार को शेखावाटी के यमुना जल समझौते को लेकर पत्र लिखा था। उन्होंने शेखावाटी की जल आवश्यकता को समझा। सीएम भजनलाल ने आमजन से कहा कि जब भी उनके बीच यहां के कांग्रेस के नेता आएं तो वे उनसे पूछें कि उन्होंने कांग्रेस सरकार के केंद्र व राज्य में होते हुए शेखावाटी में यमुना जल लाने के लिए कौन-कौन से प्रयास किए।

## अफगानिस्तान में आया 5.8 तीव्रता का भूकंप

### दिल्ली-एनसीआर और जम्मू-कश्मीर में भी असर

**जयपुर (मसं)।** अफगानिस्तान में शनिवार दोपहर 12:17 बजे रिक्टर पैमाने पर 5.8 तीव्रता का भूकंप आया। इसका असर जम्मू-कश्मीर और दिल्ली-एनसीआर तक महसूस किया गया। हालांकि जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक भूकंप का असर जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में भी महसूस किया गया। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार भूकंप सतह से 86 किलोमीटर नीचे आया। इसका केंद्र अफगानिस्तान-ताजिकिस्तान सीमा क्षेत्र में था। यह इलाका भूकंप के लिए सेंसिटिव जोन में गिना जाता है।

## अब आधार के जरिए हो सकेगी डमी अभ्यर्थियों की जांच

**जयपुर (मसं)।** कर्मचारी चयन बोर्ड के जरिए होने वाली सरकारी भर्तियों में अब बोर्ड आधार के जरिए डमी अभ्यर्थियों की जांच कर सकेगा। राज्य के कार्मिक विभाग ने कर्मचारी चयन बोर्ड को आधार के डाटा का इस्तेमाल करने की अनुमति दे दी है।

कार्मिक विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार कर्मचारी चयन बोर्ड एक ही अभ्यर्थी द्वारा भरे गए डुप्लीकेट आवेदन पत्रों की जांच, अभ्यर्थियों के सत्यापन और प्रॉक्सी अभ्यर्थियों की जांच आदि के लिए आधार डाटा का इस्तेमाल कर सकेगा।

दरअसल आधार डाटा के इस्तेमाल के लिए केंद्र सरकार की अनुमति जरूरी होती है। केंद्र सरकार ने इसके लिए कार्मिक विभाग को अधिकृत किया था और कार्मिक विभाग ने ही कर्मचारी चयन बोर्ड को फर्जी या डमी अभ्यर्थियों की जांच के लिए आधार डाटा के इस्तेमाल की अनुमति दी है। इससे अब कर्मचारी चयन बोर्ड आधार के बायोमेट्रिक डाटा का इस्तेमाल कर सकेगा और डमी अभ्यर्थियों की जांच आसानी से हो सकेगी।

## अनुराग कश्यप के खिलाफ जयपुर में परिवाद पेश

**जयपुर (मसं)।** बॉलीवुड फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप की ब्राह्मणों पर सोशल मीडिया पर की गई कथित टिप्पणी से ब्राह्मण समाज में रोष है। हिंदूवादी संगठनों ने कश्यप के खिलाफ जयपुर के कोतवाली थाने में परिवाद पेश किया है। विजय कौशिक के नेतृत्व में पेश किए परिवाद में संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की गई है। वहीं गौ सांसद सुरेंद्र सिंह अचलपुरा ने कहा है कि कश्यप का हश्र संजय लीला भंसाली जैसा होगा। गौरतलब है कि पूर्व में जयपुर में फिल्म निर्देशक संजय लीला भंसाली को राजपूत समाज का रोष झेलना पड़ा था।

## बांग्लादेश में हिंदू नेता की पीट-पीटकर हत्या



**ढाका (विसं)।** बांग्लादेश में अज्ञात लोगों ने गुरुवार दोपहर एक बड़े हिंदू नेता की हत्या कर दी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक भाबेश चंद्र रॉय (58) को उनके घर से किडनैप किया गया और पीट-पीटकर मार डाला गया। वे बांग्लादेश पूजा उद्यापन परिषद की बीराल इकाई के उपाध्यक्ष थे। हिंदू समुदाय में उनकी बड़ी पकड़ थी। पुलिस ने बताया कि वे ढाका से 330 किमी दूर दिनाजपुर के बसुदेवपुर गांव के रहने वाले थे।

## पंजाब में आईएसआई और बीकेआई से जुड़े 13 आतंकी गिरफ्तार

महानगर संवाददाता

**जालंधर।** पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से जुड़े 13 आतंकी गिरफ्तार किए हैं। इसमें 1 नाबालिग है। 4 दिन से चल रहे पंजाब पुलिस के ऑपरेशन में दो आतंकी मॉड्यूल का सफाया किया गया है। पुलिस का दावा है कि इनके निशाने पर थाने और प्रमुख लोग थे। आतंकियों से 2 रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड, 1 ग्रेनेड लांचर, ढाई-ढाई किलो की दो आईईडी, डेटोनेटर, 2 हथगोले, रिमोट कंट्रोल और 2 किलो रॉयल डिमॉलिशन एक्सप्लोसिव, 5 पिस्तौल (बेरेटा और ग्लॉक), 6 मैगजीन, 44 कारतूस, 1 वायरलेस सेट और 3 वाहन मिले हैं।

## मालेगांव विस्फोट मामला: एनआईए कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

महानगर संवाददाता

**मुंबई।** स्पेशल एनआईए कोर्ट ने महाराष्ट्र के नासिक जिले के मालेगांव में हुए बम विस्फोट मामले में लगभग 17 साल बाद सुनवाई पूरी कर ली। कोर्ट ने शनिवार को सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। इसके बाद स्पेशल जज एके लाहोटी ने मामले को फैसले के लिए 8 मई तक स्थगित कर दिया। गौरतलब है कि 29 सितंबर 2008 को मुंबई से लगभग 200 किमी दूर मालेगांव में एक मस्जिद के पास मोटरसाइकिल पर बंधे विस्फोटक उपकरण के फटने से छह लोगों की मौत हो गई थी और 100 से ज्यादा घायल हो गए थे।

### 15 साल बाद जयपुर में हटना शुरू हुआ बीआरटीएस कॉरिडोर

# अब फिर से चौड़ी होगी अजमेर रोड और सीकर रोड, खत्म होगी जाम की समस्या

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर में करीब 15 वर्ष पहले बना बस रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (बीआरटीएस) को हटाने की शुरुआत शनिवार से कर दी गई। जयपुर में अजमेर रोड और सीकर रोड पर बने बीआरटीएस कॉरिडोर में से सबसे पहले सीकर रोड से इसे हटाने की शुरुआत की गई है। इसे पूरा हटाने में करीब चार से पांच माह का समय लगेगा, लेकिन इसके हटने से इन दोनों ही प्रमुख मार्गों पर वाहनों को चलने के लिए अतिरिक्त जगह मिल सकेगी।

जेडीए आयुक्त आनंदी की अध्यक्षता में जेडीए की कार्यकारी समिति की इस वर्ष 7 जनवरी को हुई बैठक में बीआरटीएस कॉरिडोर को हटाने पर चर्चा की गई थी। कार्यकारी समिति के इस फैसले को मंजूरी के लिए राज्य सरकार को भेजा गया। इसके बाद सरकार ने जेडीओ को इसे हटाने की मंजूरी दे दी। सीकर रोड स्थित रोड नंबर 12 पर शनिवार को बीआरटीएस कॉरिडोर की रेलिंग हटाना शुरू किया है। बाद में इस पर मीडियन बनाया जाएगा। पहले चरण में सीकर रोड पर, फिर दो सौ फीट बाईपास को जोड़ने वाली न्यू सांगानेर रोड और इसके बाद अजमेर रोड से बीआरटीएस कॉरिडोर हटाया जाएगा।



### हटाने का फैसला इसलिए लिया

बीआरटीएस का उद्देश्य शहरी सार्वजनिक परिवहन की बसों के लिए अलग कॉरिडोर उपलब्ध कराना था, ताकि इसमें सफर करने वाले लोग अन्य वाहनों की अपेक्षा अधिक तीव्र गति और कम समय में गंतव्य तक पहुंच सके। इसके तहत 7.1 किलोमीटर लंबाई में सीकर रोड पर एक्सप्रेस-वे से अंबाबाड़ी तक और 9 किलोमीटर लंबाई में अजमेर रोड से किसान धर्मकांटा होते हुए न्यू सांगानेर रोड बी-2 बाईपास तिराहा तक कॉरिडोर बनाया गया। साथ ही दो सौ फीट बाइपास से लेकर अजमेर रोड एलिवेटेड तक दो किलोमीटर की लंबाई में यह कॉरिडोर बनाया गया। जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड की ओर से इस कॉरिडोर पर पर्याप्त संख्या में बसें नहीं चलाई गईं। इस कारण यात्रियों को जो सुविधाएं मिलनी चाहिए थीं, वे नहीं मिल पाईं। मसलन पैदल चलने वालों की सुविधा, यात्रियों के लिए ऑफ बोर्ड टिकटिंग सुविधा, इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनजेमेंट सिस्टम और पूरे सिस्टम के लिए कंट्रोल रूम आदि जेसीटीएसएल की ओर से विकसित नहीं किए गए।

### ट्रैफिक सुधार की बजाय लगने लगा जाम

बीआरटीएस कॉरिडोर बनने के बाद स्थिति यह बनी कि ट्रैफिक की सुविधा के लिए बना यह कॉरिडोर जाम का कारण बनने लगा। सड़क की जगह घिरने और अन्य वाहन के लिए कम स्थान उपलब्ध होने के चलते इस सिस्टम की आलोचना होने लगी। 20 अगस्त 2009 को राज्य सरकार ने फैसला किया कि 45 मीटर से अधिक चौड़ी सड़क पर ही बीआरटीएस कॉरिडोर बनाया जाएगा।

### सीआरआरआई ने रिपोर्ट में हटाने को कहा था

मौजूदा सरकार में केंद्रीय सड़क अनुसंधान संगठन (सीआरआरआई) से बीआरटीएस को लेकर स्टडी कराई गई। सीआरआरआई की जेडीए को सौंपी गई स्टडी रिपोर्ट के आधार पर ही फैसला किया गया कि इसे हटाया जाए, क्योंकि रिपोर्ट में स्पष्ट कहा गया था कि या तो मौजूदा कॉरिडोर को हटा दिया जाए या फिर इस सिस्टम को पूरी तरह से लागू किया जाए। चूंकि सरकार अब बीआरटीएस की जगह मैट्रो को ज्यादा अहमियत दे रही है, इसलिए अंततः इसे हटाने का फैसला कर लिया गया।



# परिसीमन पर निगम शहरी क्षेत्र में आई 199 आपत्तियां

## परिषद और पालिका क्षेत्र में मात्र 183 ही लोगों ने दिखाई रुचि

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** इस बार परिसीमन के बाद बदले समीकरणों का असर जयपुर शहर में अधिक पड़ रहा है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में लोग इस ओर उदासीन रवैया अपनाए हैं। 17 अप्रेल तक परिसीमन के लिए मांगी गई आपत्तियों के बाद तो यही दिखाई दे रहा है। शहर के लोगों ने जयपुर नगर निगम के लिए अंतिम तारीख तक कुल 199 आपत्तियां या सुझाव दिए हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में नगर परिषद, नगर पालिका क्षेत्रों में कुल मिलाकर यह आपत्तियां मात्र 183 ही दर्ज की गई, जिसका सीधा असर जयपुर शहर और आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों पर पड़ेगा। इन आपत्तियों पर राज्य सरकार 22 मई तक विचार करेगी, जिसके बाद परिसीमन प्रस्ताव को अंतिम रूप दिया जाएगा।

### नगर निगम की सीमा में किया गया विस्तार

परिसीमन के लिए जयपुर नगर निगम की सीमाओं का विस्तार भी किया गया है, जिसमें शहर से सटे 80 गांवों को शामिल किया जाएगा। इनमें सांगानेर, झोटवाड़ा, बगरू और आमेर जैसे क्षेत्रों के गांव शामिल हैं, जिससे इन विधानसभा क्षेत्रों में बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं। जयपुर में चल रही परिसीमन की प्रक्रिया शहर की प्रशासनिक और राजनीतिक संरचना में महत्वपूर्ण बदलाव लाएगी, जिसका असर आने वाले चुनावों और शहरी विकास पर देखने को मिलेगा।

### जयपुर पर क्या असर रहेगा

परिसीमन के बाद वार्डों की सीमाओं में बदलाव से मतदाताओं का समीकरण बदल सकता है। इससे कुछ क्षेत्रों में राजनीतिक दलों के पारंपरिक वोट बैंक प्रभावित हो सकते हैं। नए वार्डों के गठन से राजनीतिक दलों को नए सिरे से अपनी रणनीति बनानी होगी। जयपुर नगर निगम की सीमाओं में विस्तार से ग्रामीण क्षेत्रों के मतदाताओं की संख्या बढ़ेगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के मुद्दों का चुनावों पर अधिक प्रभाव पड़ेगा। ग्रामीण और शहरी मतदाताओं के बीच संतुलन स्थापित करना राजनीतिक दलों के लिए एक चुनौती होगी।

शहरी बुनियादी ढांचे, जल आपूर्ति और स्वच्छता जैसे मुद्दों पर मतदाताओं की राय चुनावों को प्रभावित कर सकती है। जयपुर में परिसीमन का विधानसभा चुनावों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की संभावना है। राजनीतिक दलों को नए सिरे से अपनी रणनीतियां बनानी होंगी और मतदाताओं के बदलते समीकरणों के अनुसार अपने चुनावी अभियान को समायोजित करना होगा।

# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भर्ती के लिए 23 लाख से अधिक आवेदन

## अंतिम तिथि को भी साइट पर आते रहे फार्म

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से निकाली गई चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भर्ती 2025 के लिए 19 अप्रेल अंतिम तिथि को भी भर्ती के लिए साइट पर लगातार फार्म अपडेट होते रहे। अंतिम तिथि होने के कारण ई-मित्र वालों के यहां भी खासी भीड़ लगी रही, जिसके चलते ई-मित्र वालों की मनमानी भी देखने को मिली।

उल्लेखनीय है कि बोर्ड की ओर से 53749 पदों के लिए भर्ती विज्ञप्ति जारी की गई थी, जिसमें पदों के क्रम में गैर अनुसूचित क्षेत्र के 48199 पद, अनुसूचित क्षेत्र के लिए 5550 पद रखे गए हैं। इन पदों के लिए प्रदेश से बड़ी संख्या में बेरोजगार आवेदन भरते रहे।

- **उम्र**

चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भर्ती के लिए अभ्यर्थी की आयु 18 से 40 वर्ष की होनी चाहिए। उम्र का आकलन 1 जनवरी 2025 के आधार पर होगा, जबकि आरक्षित वर्ग को नियमानुसार उम्र में छूट का प्रावधान होगा।

- **योग्यता**

चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भर्ती के लिए न्यूनतम योग्यता 10 वीं पास होना आवश्यक है। इसके साथ ही उसका सामान्य ज्ञान भी आंका जाएगा। राजस्थान के बारे में अभ्यर्थी की जानकारी पर्याप्त मात्रा में होनी चाहिए। इसके साथ उसे इस बार कंम्यूटर की बेसिक नॉलेज भी होनी चाहिए। इसके लिए 21 मार्च से 19 अप्रेल तक ऑनलाइन फार्म भरने की तिथि रखी गई।

### सेलेक्शन प्रक्रिया

**लिखित परीक्षा के बाद डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के बाद चयन होगा।**

### सितंबर में होगी लिखित परीक्षा

18 से 21 सितंबर के बीच परीक्षा आयोजित होगी। लिखित परीक्षा के आधार पर दो घंटे का पेपर होगा। यह कंप्यूटर या टैबलेट आधारित होगा। एग्जाम में दोगुना अभ्यर्थियों को क्वालिफाई किया जाएगा। इसमें 10 वीं कक्षा के लेवल के सवाल पूछे जाएंगे। प्रश्न पत्र सामान्य हिंदी, अंग्रेजी, मैथ्स और जनरल नॉलेज के होंगे। यह परीक्षा 200 अंकों की होगी। परीक्षा में विशेष रूप से राजस्थान के त्योहार, भूगोल व सामान्य जानकारी पर अधिक फोकस किया जाएगा। इसके साथ ही विशेष रूप से कम्प्यूटर की बेसिक नॉलेज भी अतिरिक्त प्राथमिकता के रूप में देखी जाएगा।

### बोर्ड सचिव बोले...

कर्मचारी चयन बोर्ड के सचिव डॉ. भागचंद बधाल ने बताया कि साइट पर पिछले दो दिनों से लगातार फार्म अपलोड किए जा रहे हैं। अभ्यर्थी किसी प्रकार की चूक नहीं चाह रहे हैं। इस कारण एक बार साइट पर ओटीपी की समस्या भी आई थी, जो कि दूर कर ली गई। शनिवार शाम तक 23 लाख से अधिक फार्म आ चुके हैं। इनकी संख्या में अभी और इजाफा होगा।

# अमेरिकी उपराष्ट्रपति की जयपुर यात्रा कल से, मुख्यमंत्री ने की तैयारियों की समीक्षा

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संयुक्त राज्य अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की प्रस्तावित (21 से 24 अप्रेल) जयपुर यात्रा को लेकर की जा रही तैयारियों के संबंध में शनिवार सुबह मुख्यमंत्री निवास पर अधिकारियों की बैठक ली।

बैठक में शर्मा ने निर्देश दिए कि उपराष्ट्रपति वेंस की जयपुर यात्रा को यादगार और ऐतिहासिक बनाने के लिए संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय के साथ सभी तैयारियां समय से पूर्ण करें। उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि सुरक्षा से संबंधित सभी व्यवस्थाएं पूर्व में ही सुनिश्चित कर ली जाएं। साथ ही, शहर में यातायात नियंत्रण को लेकर भी समुचित व्यवस्था रखी जाए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपराष्ट्रपति की जयपुर यात्रा से संबंधित विभिन्न कार्यों के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को प्रभारी नियुक्त किया जाए।

गौरतलब है कि संयुक्त राज्य अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की प्रस्तावित जयपुर यात्रा में उनके साथ उनकी पत्नी उषा वेंस, उनके बच्चे और अमेरिकी प्रशासन के वरिष्ठ सदस्य भी शामिल होंगे। इस दौरान उपराष्ट्रपति का जयपुर के ऐतिहासिक स्थलों के भ्रमण का कार्यक्रम भी प्रस्तावित है।

## 21 को दोपहर 12 बजे से बंद रहेगा आमेर महल

### 22 को दोपहर 12 बजे बाद खुलेगा



अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के जयपुर दौरे को देखते हुए आमेर महल की व्यवस्थाओं में फिर से बदलाव किया गया है। इसके तहत 21 अप्रेल को दोपहर 12 बजे से अगले 24 घंटों के लिए आमेर महल पर्यटकों के अवलोकनार्थ बंद रहेगा।

दरअसल, जयपुर में अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस अपने परिवार के साथ विश्व प्रसिद्ध आमेर महल का भ्रमण करेंगे। महल अधीक्षक डॉ. राकेश छोलक ने बताया कि अमरीकी उपराष्ट्रपति के आमेर महल भ्रमण को देखते हुए 21 अप्रेल को आमेर महल दोपहर 12 बजे से 22 अप्रेल को दोपहर 12 बजे तक पर्यटकों के लिए बंद रहेगा। पहले यह व्यवस्था 21 अप्रेल को सायं 5 बजे से लागू होनी थी, जिसके समय में अब परिवर्तन किया गया है। इसके साथ ही 22 अप्रेल को आमेर महल में संचालित हाथी सवारी को भी पूर्णतया बंद रखा जाएगा। पुरातत्व विभाग के निदेशक डॉ. पंकज धरेंद्र ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। गौरतलब है कि अमेरिकी उपराष्ट्रपति के जयपुर भ्रमण के चलते सुरक्षा एजेंसियों का मूवमेंट भी बढ़ गया है।

# आरटीओ दस्ते के साथ मारपीट, मामला दर्ज

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रादेशिक परिवहन कार्यालय जयपुर द्वितीय में कार्रवाई के दौरान तैनात दस्ते के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। इस संबंध में विद्याधर नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

जानकारी के अनुसार, आरटीओ द्वितीय के जिला परिवहन अधिकारी को लिखित में शिकायत मिली थी कि कुछ लोग मंदिर मोड़ सर्किल के आस-पास अवैध रूप से जल परिवहन का काम कर रहे हैं। इस दौरान जल परिवहन में लगी ट्रैक्टर ट्रॉली को नाबालिगों द्वारा तेज रफ्तार में सड़कों पर दौड़ाया जाता है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। शिकायत पर सतर्कता दिखाते हुए 18 अप्रेल को आरटीओ द्वितीय के मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर अनिल बसवाल के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची। रिपोर्ट के अनुसार टीम ने टैंकर चालकों के दस्तावेज की जांच करना शुरू किया, तो कुछ लोगों ने दस्ते के साथ मारपीट की और एमवीआई की वर्दी फाड़ दी। इस संबंध में एमवीआई अनिल बसवाल ने विद्याधर नगर थाने में मामला दर्ज कराया है। अब पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

### राजपूत सभा भवन ने की दीयाकुमारी पर दिए विवादित बयान की निंदा, कहा-

# प्रताप सिंह खाचरियावास को मांगनी होगी माफी

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** ईडी के खिलाफ कांग्रेस की ओर से किए गए प्रदर्शन के दौरान पूर्व मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास द्वारा डिप्टी सीएम दीयाकुमारी को लेकर दिए गए विवादित बयान का मामला तूल पकड़ रहा है। भाजपा के कई नेताओं ने जहां इस बयान की आलोचना की है, वहीं राजपूत सभा भवन ने भी खाचरियावास के इस बयान की निंदा करते हुए उनसे माफी मांगने को कहा है। हालांकि खाचरियावास ने माफी मांगने से इनकार करते हुए कहा है कि मैंने कुछ भी गलत नहीं कहा है। मेरा बयान पूरी तरह से राजनीतिक बयान था।

गौरतलब है कि प्रताप सिंह के इस बयान के बाद राजपूत सभा भवन ने पत्र लिखा था कि यह समाज की बेटी के लिए अशोभनीय है। इसके लिए प्रतापसिंह को माफी मांगनी होगी। नवनियुक्त अध्यक्ष रामसिंह चंदलाई के साथ महामंत्री धीर सिंह और उपाध्यक्ष प्रताप सिंह राणावत ने खाचरियावास के बयान की कड़ी निंदा की है।

# जयपुर में ईडी ऑफिस के बाहर यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन

## पार्टी के नेताओं ने कहा-सरकार विपक्ष के नेताओं को परेशान कर रही



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ दाखिल चार्जशीट के विरोध में शनिवार को जयपुर में यूथ कांग्रेस ने ईडी ऑफिस के सामने प्रदर्शन किया। यूथ कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष सुधींद्र मूंड और पूर्व एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक चौधरी की अगुवाई में प्रदर्शन करने पहुंचे। इस दौरान तैनात पुलिस ने जवानों ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को रोक लिया। यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया।

राजस्थान खेल परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष और कांग्रेस नेता सतवीर चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार विपक्ष के नेताओं को परेशान कर रही है। लगभग 12 साल पुराने बेबुनियाद मामले में कोई सच्चाई नहीं है। इंडिया गठबंधन के नेताओं को परेशान किया जा रहा है। यूथ कांग्रेस का नेता आज पूरे देश में विपक्ष के नेताओं की आवाज को लेकर ईडी के कार्यालय पर ताला लगाने आए हैं।

### पुलिस ने प्रदर्शन से रोका और गिरफ्तार किया

प्रदर्शन के दौरान राजस्थान यूथ कांग्रेस के प्रवक्ता रवि कुमार सिगदार ने आरोप लगाया कि ईडी नरेंद्र मोदी के दबाव में राहुल गांधी पर झूठी एफआईआर कर रही है। इसे लेकर हमने प्रदर्शन किया था, मगर पुलिस ने हमें प्रदर्शन नहीं करने दिया और गिरफ्तार करके हमें रोका गया। संसद में राहुल गांधी सवाल पूछ रहे हैं तो उनकी आवाज को दबाया जा रहा है। कभी सदस्यता रद्द करके, कभी माइक बंद कर दिया जाता है और अब ईडी का दबाव बना उनकी आवाज को दबाया जा रहा है।

# भीषण गर्मी में मानव एवं पशु-पक्षी सेवा अभियान का शुभारंभ

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** अखिल भारतीय भ्रष्टाचार निरोधक एवं मानव अधिकार संस्थान की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने भीषण गर्मी में मानव एवं पशु-पक्षी सेवा अभियान का प्रारंभ किया है। भट्टा बस्ती थानाधिकारी मुकेश मीणा ने थाना परिसर मे परिंडा बांधे। मुकेश मीणा, भंवर सिंह का सम्मान किया गया। इस अवसर पर संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुषमा पारीक, राष्ट्रीय महासचिव रघुवीर सिंह नाथावत, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सत्य नारायण गुप्ता, राष्ट्रीय विधि महासचिव रोहित शर्मा, श्याम गुप्ता, भाजपा नेता एवं अंतरराष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश सचिव आलोक पारीक उपस्थित रहे।

# परिंदों के लिए परिंडे वितरित

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** मालवीय नगर विधान सभा क्षेत्र में भीषण गर्मी में परिंदों के लिए शनिवार को वरिष्ठ समाजसेवी राजीव अरोड़ा ने परिंडा स्थापन एवं वितरण किए। पूर्व राज्यमंत्री राजीव अरोड़ा ने इस अवसर पर झालाना स्थित सरकारी डिस्पेंसरी से इस अभियान की शुरुआत की। राजीव अरोड़ा ने कहा देश में अतिवादी विचारधारा हावी होने से रोकने के लिए कांग्रेस की समावेशी विचारधार अति महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर साईनाथ ग्रुप के सीईओ आलोक गुप्ता, शौर्य फाउंडेशन के नीरज चतुर्वेदी, जयपुर जिला कांग्रेस के कोषाध्यक्ष नितिन शारदा भगेरिया, कांग्रेस सेवा दल के दीपक धीर भी उपस्थित रहे।

# विधायक गोपाल शर्मा ने किया 'बदलते हिंदुस्तान का बदलता गांधी' का विमोचन

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आधारित है चौमूं के युवा पत्रकार कमलेश शर्मा की कृति




महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने शनिवार को राज ब्रह्म कार्मिक समूह परिवार के तेजतर्रार युवा पत्रकार एवं लेखक कमलेश शर्मा द्वारा लिखित 'बदलते हिंदुस्तान का बदलता गांधी...' पुस्तक का विमोचन छाबड़ा मार्ग स्थित सेवा भवन कार्यालय में किया। इस अवसर पर विधायक शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आधारित यह पुस्तक देश के बदलते परिदृश्य में प्रधानमंत्री मोदी के प्रभावशाली नेतृत्व को दर्शाने वाली एक प्रेरणास्पद कृति है।

विधायक शर्मा ने लेखक कमलेश शर्मा को इस उत्कृष्ट लेखन के लिए बधाई देते हुए कहा कि पुस्तक में प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल की अनेक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया है। लेखक ने पीएम मोदी के विचारों की राष्ट्रपति महात्मा गांधी के विचारों से समानता को लेकर विस्तार से लिखा है। इस दौरान टीम राज ब्रह्म कार्मिक समूह, चौमूं के कवि पं. पंकज, सामाजिक कार्यकर्ता अश्विनी शर्मा, परमेश्वर शर्मा, मनोज अधवाई आदि प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

# मुकेश दत्त माथुर प्रदेश महासचिव संगठन नियुक्त



**जयपुर (मसं)।** एबीकेएमएस फाउंडेशन के राष्ट्रीय महासचिव संगठन अनुराग श्रीवास्तव ने राजस्थान के प्रादेशिक पुनर्गठन के तहत प्रदेश कार्यकारिणी के प्रदेश महासचिव संगठन पद पर मुकेश दत्त माथुर को नियुक्त किया है। नवनियुक्त राजस्थान प्रदेश महासचिव संगठन मुकेश दत्त माथुर के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि उनकी नियुक्ति से राजस्थान में नई ऊर्जा के साथ संगठन विस्तार के माध्यम से प्रदेश के कायस्थ समाज के सामाजिक एवं व्यावसायिक विकास कार्यों को नई दिशा प्रदान करेंगे।

# ब्राह्मण समाज के विरुद्ध की गई टिप्पणी से भारी आक्रोश

## अनुराग कश्यप का मुंह काला करने पर 1 लाख का इनाम देगी चाणक्य सेना

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** फिल्म निर्देशक अनुराग कश्यप द्वारा ब्राह्मण समाज के विरुद्ध की गई टिप्पणी से समाज में भारी आक्रोश है। चाणक्य सेना ने घोषणा की है कि अनुराग कश्यप का जो भी व्यक्ति मुंह काला करेगा, उसे 1 लाख रुपए नगद इनाम दिया जाएगा।

शनिवार को देशभर के ब्राह्मण संगठनों ने जबरदस्त विरोध एवं आक्रोश व्यक्त किया है। चाणक्य सेना, सर्व ब्राह्मण महासभा, ब्राह्मण सेवा संघ, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा, विश्व ब्राह्मण परिषद, अखिल भारतीय ब्राह्मण संघ की शनिवार को ऑनलाइन बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें देशभर से संगठनो के पदाधिकारी जुड़े। बैठक की अध्यक्षता सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं चाणक्य सेना के मुख्य संरक्षक पं. सुरेश मिश्रा ने की।

उन्होंने कहा कि अनुराग कश्यप जैसे पागल लोगों का इलाज होना जरूरी है। जो कि ब्राह्मणों के विषय में अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं और समाज में विध्वंस फैलाने का काम कर रहे हैं। मिश्रा ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जो ब्राह्मण सबके हित की बात करता है और देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर किया है। उस समाज के विषय में कुछ पागल लोग अनवरत इस प्रकार की हरकतें कर रहे हैं ऐसे लोगो समाज के सामने लाकर अपमानित और प्रताड़ित करना चाहिए।

बैठक में सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं चाणक्य सेना के मुख्य संरक्षक पं. सुरेश मिश्रा, ब्राह्मण सेवा संघ विशम्भर दयाल शर्मा, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा केएन तिवाडी, विश्व ब्राह्मण परिषद डॉ. के.वी. शर्मा, अखिल भारतीय ब्राह्मण संघ के प्रवीण मिश्रा, कनाडा से डॉ. आजाद कौशिक, नरिष्यन्त शर्मा, डॉ. ओम शर्मा, जितेश शुक्ला सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता को मानचित्र पेश करने के निर्देश

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने भरतपुर को बाढ़ से बचाने के लिए बनाए गई सिटी फ्लड कन्ट्रोल ड्रेन में हुए अतिक्रमण के मामले में जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता को 13 मई को व्यक्तिशः हाजिर होकर मौजूदा स्थल पर राजस्व मानचित्र को सुपर इंपोज करते हुए मानचित्र पेश करने को कहा है।



अदालत ने कहा कि मामला साल 2019 से लंबित है और अदालत ने गत वर्ष राज्य सरकार से यह रिकॉर्ड मांगा था। इसके बावजूद अब तक अदालत को सुपर इंपोज मानचित्र की जानकारी नहीं दी गई है। अदालत ने स्पष्ट किया है कि यदि आगामी सुनवाई से तीन दिन पहले अदालत में रिकॉर्ड पेश कर दिया जाता है, तो फिर मुख्य अभियंता को आने की जरूरत नहीं है। सीजे एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस आनंद शर्मा ने यह आदेश मामले में लिए गए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान पर सुनवाई करते हुए दिए। गौरतलब है कि पूर्व में राज्य सरकार की ओर से अदालत को बताया गया था कि हाईकोर्ट ने सभी प्राकृतिक जल स्रोतों की साल 1947 और 1955 की स्थिति पुनः कायम करने के निर्देश दिए थे। इसकी पालना में भरतपुर की सीएफसीडी के किनारों पर 272 अतिक्रमण चिन्हित किया गए थे। प्रशासन इनमें से 171 से अधिक अतिक्रमणों को हटा चुका है। वहीं दूसरी ओर प्रभावितों की ओर से कहा गया था कि वे साल 1947 से पहले से इस जमीन पर काबिज हैं। अदालत ने मामले 21 नवंबर, 2024 को आदेश जारी करते हुए सीएफसीडी के मौजूदा स्थल पर राजस्व मानचित्र को सुपर इंपोज करते हुए मानचित्र पेश करने को कहा था।

## रिश्वत मामले में जेडीए के तत्कालीन प्रवर्तन अधिकारी सहित दो को सजा

**जयपुर।** एसीबी मामलों की विशेष अदालत क्रम-2 महानगर द्वितीय ने 15 साल पहले विश्वकर्मा क्षेत्र में हो रहे अवैध निर्माण को नहीं तोड़ने की एवज में 7 हजार रुपए की रिश्वत लेने के मामले में जेडीए के रिटायर हो चुके तत्कालीन प्रवर्तन अधिकारी ओमप्रकाश शर्मा और फील्ड सहायक कैलाश जांगिड़ को दो साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही पीठासीन अधिकारी बृजेश कुमार शर्मा ने दोनों अभियुक्तों पर कुल तीस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। वहीं अदालत ने मामले में रिश्वत राशि का लिफाफा लेने वाले जीप चालक कैलाश चौधरी को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया है। अदालत ने कहा कि ऐसे कृत्यों से आमजन में लोक सेवकों के प्रति अविश्वास का भाव पैदा होता है। ऐसे में अभियुक्तों के प्रति नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक मंजुला जैन ने बताया कि राम बच्चन यादव ने 7 मई, 2010 को एसीबी में शिकायत दी थी। रिपोर्ट में कहा गया कि वह अपना मकान बना रहा है। कुछ दिन पहले अभियुक्त मौके पर आए और नोटिस नहीं देने और निर्माण नहीं तोडऩे की एवज में उससे 40 हजार रुपए मांगे। रकम नहीं देने पर निर्माण तोडने की धमकी दी। एसीबी ने शिकायत का सत्यापन किया और सौदा 7 हजार रुपए में तय हुआ। इस पर एसीबी ने 10 मई को तत्कालीन प्रवर्तन अधिकारी व जीप चालक को गिरफ्तार किया और बाद में 25 मई को फील्ड सहायक को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की ओर से कहा गया कि उनसे रिश्वत राशि बरामद नहीं हुई है। ऐसे में उन्हें दोषमुक्त किया जाए। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने अभियुक्त ों को सजा और जुर्माने से दंडित किया है।

# 25 तक दें अचल सम्पत्ति की जानकारी, वरना रुकेगी वेतन वृद्धि व पदोन्नति

## सरकारी कर्मचारियों को सरकार ने दिया अंतिम अवसर

**जयपुर।** राज्य सरकार ने अचल सम्पत्ति की जानकारी नहीं देने वाले राज्य कर्मचारियों को 25 अप्रेल तक का समय दिया है। सरकार ने कहा है कि अब तक एक बार भी सम्पत्ति की जानकारी नहीं देने वाले सरकारी कर्मचारियों के लिए यह अंतिम अवसर है। इसके बाद उनकी वेतन वृद्धि रोके जाने और पदोन्नति पर विचार नहीं किए जाने जैसे कदम उठाए जाएंगे। प्रदेश में पहले सिर्फ राजपत्रित अधिकारियों द्वारा अचल सम्पत्ति की जानकारी दिए जाने का प्रावधान था। जून 2021 में राज्य सरकार ने इस नियम को सभी सरकारी कर्मचारियों के लिए लागू कर दिया था। यानी अब चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों से लेकर आईएएस अधिकारियों तक सभी को हर वर्ष अपनी अचल सम्पत्ति की जानकारी देने का नियम है, लेकिन सरकार के कई कर्मचारी अभी भी अपनी सम्पत्ति का विवरण ऑनलाइन दर्ज नहीं कर रहे हैं। ऐसे सभी कर्मचारियों को सरकार ने अब अंतिम अवसर दिया है और कहा है कि 25 अप्रेल तक सम्पत्ति का विवरण दर्ज कराएं अन्यथा उन्हें विजिलेंस क्लीयरेंस नहीं दी जाएगी और पदोन्नति पर भी विचार नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही वेतन वृद्धि भी रोकी जाएगी।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।



# विवाहिता ने फंदा लगाकर किया सुसाइड

### ससुरालवालों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर में फंदा लगाकर एक विवाहिता के सुसाइड करने का मामला सामने आया है। मरने से पहले विवाहिता ने अपने भाई को कॉल कर कहा था, मुझे बचा लो वरना ये लोग मुझे जान से मार देंगे। करधनी थाना पुलिस ने कांवटिया हॉस्पिटल में पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मृतका के पिता ने ससुरालवालों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस ने बताया कि मृतका नीलम उर्फ रीना पुत्री कृष्णपाल सिंह निवासी डीफेंस कॉलोनी खोह नागोरियान की रहने वाली थी। फरवरी-2017 में उसकी शादी रावणगेट करधनी निवासी विक्रम सिंह से हुई थी। 16 अप्रेल की दोपहर नीलम ने अपने कमरे में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। दोपहर करीब 1:30 बजे परिजन को नीलम कमरे में फंदे से लटकी मिली। सुसाइड की सूचना पर करधनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए शव को कांवटिया हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी भिजवाया। पुलिस ने मृतका के पास किसी प्रकार का सुसाइड नोट मिलने की बात से इनकार किया है।

### ससुरालवाले कर रहे थे टॉर्चर

करधनी थाने में मृतका के पिता कृष्णपाल ने ससुरालवालों के खिलाफ सुसाइड के लिए उकसाने का मामला दर्ज करवाया है। आरोप है कि शादी के दो महीने बाद ही पति व ससुरालवालों ने नीलम को टॉर्चर करना शुरू कर दिया। बेटी के परेशान होने का पता चलने पर उसे ससुराल से घर लेकर आए थे। ससुरालवालों ने उनके घर आकर गलती दोबारा नहीं करने की कहकर नीलम को वापस अपने साथ ले गए थे।

कुछ समय सब कुछ ठीक रहने के बाद दोबारा नीलम को टॉर्चर करना शुरू कर दिया। उसके साथ मारपीट करने लगे। 16 अप्रेल को सुबह करीब 8 बजे नीलम ने अपने भाई अभिमन्यु को कॉल किया। कॉल कर कहा- भैया, मेरे पति, सास व देवर तीनों मिलकर मेरे साथ मारपीट कर रहे है। बहुत तंग परेशान किया जा रहा है। मुझे बचा लो वरना ये मुझे जान से मार देंगे। उसी दिन दोपहर को नीलम के सुसाइड की सूचना मिली।

# सिंधीकैंप बस स्टैंड पर युवक से लूट

### बदमाश ने धमकाया- साथी का हाथ छोड़ नहीं तो काट डालूंगा

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर के सिंधीकैंप बस स्टैंड पर एक युवक से लूट का मामला सामने आया है। पर्स निकालते समय पकड़े बदमाश को छुड़ाने के लिए साथी बदमाश ने धमकाया- साथी को छोड़ नहीं तो काट डालूंगा। पर्स लूटकर भागे दोनों हथियारबंद बदमाशों को सिंधीकैंप थाना पुलिस ने अरेस्ट किया है।

डीसीपी (वेस्ट) अमित कुमार ने बताया कि लूट मामले में आरोपी वासिफ पुत्र आदिल निवासी आगरा उत्तरप्रदेश और मुसरत अली पुत्र मुसरत अली अलीगढ़ उत्तर प्रदेश को अरेस्ट किया है। दोनों ही स्टेशन रोड पर खानाबदोश रहकर जेबतराशी व चोरी की वारदात करते हैं। 17 अप्रेल को सिंधीकैंप थाने में अरविंद कुमार सिंह ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। रात करीब 9 बजे वह सिंधीकैंप बस स्टैंड के प्लेटफार्म नंबर-4 पर सीकर जाने के लिए बस का इंतजार कर रहा था।

उसकी जेब से पर्स निकालते समय उसने एक लड़के को पकड़ लिया। तभी उसके साथी ने धारदार हथियार दिखाकर धमकाया- मेरे साथी का हाथ छोड़ नहीं तो काट डालूंगा, जान से मार दूंगा। दोनों बदमाश उसका पर्स लूटकर फरार हो गए। लूट गए पर्स में करीब 2 हजार रुपए व डॉक्यूमेंट रखे थे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तुरंत दोनों बदमाश को चिह्नित कर धर-दबोचा।

# थार में आए बदमाशों ने किया युवक का अपहरण

### 30 हजार की मांगी फिरौती, सुनसान जगह पर छोड़कर हुए फरार

महानगर संवाददाता

**चौमूं।** सामोद थाना क्षेत्र में एक युवक के अपहरण का मामला सामने आया है। रानी चौक निवासी विकास कुमार कुम्हार का काली थार में सवार बदमाशों ने अपहरण कर लिया।

घटना 17 अप्रेल की शाम करीब साढ़े 7 बजे की है। रमन जाट नाम के व्यक्ति ने विकास को एसबीआई बैंक सामोद के पास बुलाया। वहां काली थार में आए 3-4 बदमाशों ने विकास को जबरन गाड़ी में डाल लिया। बदमाशों ने धारदार हथियार दिखाकर उसका मोबाइल फोन छीन लिया। आरोपी पीड़ित को चौमूं के जयपुर रोड स्थित एक अस्पताल के पास ले गए। वहां से उन्होंने पीड़ित की मां को फोन कर 30 हजार रुपए की फिरौती मांगी। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। बाद में बदमाश पीड़ित को कालाडेरा की ओर ले गए और सुनसान जगह पर छोड़कर फरार हो गए। पीड़ित शुक्रवार को थाने के कई चक्कर लगाता रहा। शनिवार को गोविंदगढ़ सीओ राजेश जांगिड़ के निर्देश पर रमन जाट और नाथूलाल जाट के खिलाफ अपहरण सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया। सीओ जांगिड़ ने कहा कि आरोपियों को किसी भी सूरत में नहीं बख्शा जाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कार से टकराई बस, युवक ने गुस्से में निकाली रिवॉल्वर

महानगर संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर में मामूली विवाद के बाद एक युवक की पिटाई का मामला सामने आया है। आरोप है कि कार को बस ने टक्कर मार दी। इसके चलते कार सवार गुस्साए युवक ने बीच सड़क पर रिवॉल्वर तान दी। इस पर आसपास के लोग गुस्सा गए और उन्होंने युवक की पिटाई करना शुरू कर दिया। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें कुछ लोग युवक की पिटाई करते हुए नजर आ रहे हैं।

पूरी घटना जोधपुर के एक शराब ठेके के पास की बताई जा रही है। यहां पर पांचवी रोड से बारहवीं रोड को लिंक करने वाली सड़क पर गड्ढे थे। इसमें आगे चल रही आईआईटी की बस एक कार से टकरा गई इसके चलते कार सवार युवक को गुस्सा आ गया और उसने बाहर निकलकर बस ड्राइवर पर रिवॉल्वर तान ली। इसके चलते मौके पर जमा लोगों को भी गुस्सा आ गया और उसके हाथों से रिवॉल्वर छीन कर उसके साथ पिटाई करना शुरू कर दिया। पिटाई वीडियो सोशल मीडिया पर भी सामने आया। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद सरदारपुरा थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और युवक को छुड़ाया। फिलहाल पुलिस अभी जांच करने में जुटी हुई कि युवक रिवॉल्वर कहां से लेकर आया था।

## आदिवासी कथोडी गैंग की वारदात, मांस की पोटलियां और हथियार बरामद

# बंदरों की बेरहमी से हत्या करने वाले 12 शिकारी गिरफ्तार

महानगर संवाददाता

**उदयपुर।** उदयपुर में सात बंदरों का शिकार कर उनकी बेरहमी से हत्या करने के मामले में 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने बंदरों को न केवल मारा बल्कि लोहे के हाशिए से उनके शवों के टुकड़े-टुकड़े कर दिए। इनके पास से बंदरों के मांस से भरी पोटलियां बरामद की गई है। पुलिस ने सायरा थाना इलाके के कुंभलगढ़ अभयारण्य क्षेत्र के कड़ेच ग्राम पंचायत के रीछवाड़ा गांव में कार्रवाई कर आरोपियों को पकड़ा। आरोपी आदिवासी कथोड़ी समाज के हैं।



पुलिस टीम हायला रेंज के फॉरेस्टर तुलसीराम मेघवाल टीम के साथ मौके पर पहुंची थी। तब आरोपियों ने अधिकारियों को ही घेरकर हमला करने की कोशिश की, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। इसके बाद जैसे-तैसे वन अधिकारियों ने अपना बचाव किया। इसके बाद बोखाड़ा रेंज से क्षेत्रीय वन अधिकारी जयंतीलाल गरासिया, फॉरेस्टर नारायण सिंह राणावत, वनरक्षक वीरेंद्र सिंह शेखावत, अशोक गरासिया, ओमप्रकाश व नीरज मौके पर पहुंचे। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से बंदरों का मांस, शिकार में प्रयोग हथियार और चार बाइक भी बरामद की है। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर बोखाड़ा वन विभाग कार्यालय लाया गया। पूछताछ में उन्होंने बंदरों का शिकार करना कबूल किया है।

बंदरों को लोहे के तार में फंसाते, फिर मारते थे

वन विभाग ने आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की धाराओं में मामला दर्ज कर आगे जांच शुरू कर दी है। वन विभाग के अनुसार सभी आरोपी ओगणा थाना क्षेत्र के समीजा गांव के निवासी हैं। ये बंदरों को लोहे के तार में फंसाकर शिकार करते थे। इसके बाद धारदार हाशिए से शवों के टुकड़े कर मांस पोटलियों में भरते थे। फिलहाल वन विभाग ने पूरे क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है और वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है।

### जंगल में रहता था कथोड़ी समाज

जानकारी अनुसार आदिवासी कथोड़ी समाज जंगलों में रहकर वन्यजीवों के शिकार से जीवनयापन करता था। अब राज्य सरकार की ओर से उन्हें विभिन्न योजनाओं और सुविधाओं से जोड़ा जा रहा है। बावजूद इसके ये इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे रहे है। जो जैव विविधता के लिए भी बड़ा खतरा बन चुकी है।

## नागौर में बाइक सवार दंपती की मौत, सिरोही में बाइक दुर्घटना में दो घायल

# सड़क हादसों दो की मौत, 12 घायल

महानगर संवाददाता

**नागौर।** बीकानेर रोड़ पर शनिवार दोपहर को दर्दनाक सड़क हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई। नागौर-डीडवाना हाईवे पर रोडवेज बस ने ट्रैक्टर को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बस ड्राइवर सहित 10 जने घायल हो गए। वहीं सिरोही में बाइक दुर्घटना में दो जने घायल हो गए।

बीकानेर रोड स्थित गोगेलाव टोल नाके के पास एक ट्रेलर चालक ने मोटरसाइकिल पर सवार पति-पत्नी को टक्कर मार दी, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। सदर थानाधिकारी सुरेश कसवा के अनुसार इससे पहले ट्रेलर ने एक टैंकर को टक्कर मार दी थी। इससे टैंकर पलट गया था।

जानकारी के अनुसार ट्रेलर चालक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मारने से पहले एक दूध के टैंकर को टक्कर मारी थी। जिससे टैंकर पलट गया। इसमें टैंकर चालक तो बच गया, लेकिन टैंकर सड़क पर पलट गया। सदर थानाधिकारी सुरेश कसवा ने बताया कि ट्रेलर दोपहर को बीकानेर की ओर से आ रहे ट्रेलर चालक ने गोगेलाव टोल नाके के पास नागौर से बीकानेर जा रहे दूध के टैंकर को पहले टक्कर मारी। उन्होंने बताया कि इससे टैंकर चालक का संतुलन बिगड़ गया और ट्रेलर ने इसके बाद टैंकर के पीछे चल रहे मोटरसाइकिल सवार सथेरण निवासी जगदीश पुत्र नेनूराम विश्नोई व बिन्दु पत्नी जगदीश को टक्कर मार दी। जिससे दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना में दूध का टैंकर पलट गया, जबकि ट्रेलर असंतुलित होकर सड़क से नीचे उतर गया। दुर्घटना में ट्रेलर चालक भी घायल हो गया।



### बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत

सिरोही में शनिवार शाम को दो अलग-अलग स्थानों पर सड़क हादसे हुए। पहला हादसा पालड़ी एम थाने के पास हुआ। यहां शाम 6:30 बजे दो बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस हादसे में भेव निवासी पका राम (पिता बाबा राम) गंभीर रूप से घायल हो गए। एनएचएआई की एम्बुलेंस के पायलट कलाराम देवासी और मेल नर्स रवि कुमार ने घायल को प्राथमिक उपचार दिया और सिरोही सरकारी अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। दूसरा हादसा कैलाश नगर में शाम 5:30 बजे हुआ। यहां एक बाइक फिसल गई। इस हादसे में एक व्यक्ति के सिर में गंभीर चोट लग गई। घायल को पहले कैलाश नगर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे सिरोही ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। घायल व्यक्ति बेहोश होने के कारण उसकी पहचान नहीं हो पाई है।

### ट्रैक्टर को रोडवेज ने पीछे से मारी टक्कर, ड्राइवर समेत 10 घायल

नागौर-डीडवाना हाईवे पर 101 मील के पास रोडवेज बस ने ट्रैक्टर को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बस ड्राइवर सहित 10 जने घायल हो गए। घायलों को रोल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। 3 गंभीर घायलों को नागौर जिला अस्पताल रेफर किया गया। ये बस नागौर से जायल की ओर जा रही थी। ट्रैक्टर भी उसी दिशा में था। टक्कर इतनी तेज थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रैक्टर में लदे भारी सीमेंट के कट्टे बस की केबिन में जा गिरे। ड्राइवर कट्टों के नीचे दब गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के वक्त रोडवेज ड्राइवर को नींद की झपकी आ गई थी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर की ट्रॉली का हुक टूट गया। ट्रॉली सड़क पर करीब 200 मीटर तक घिसटती रही और फिर पलट गई। हादसे के समय सामने से कोई वाहन नहीं आ रहा था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

हैड कांस्टेबल ओमप्रकाश मुंडेल ने बताया कि हादसे में रोडवेज बस चालक संजय रेगर, ट्रैक्टर चालक बालवा निवासी गोपालराम, फतेहपुर निवासी सुरेश जाट, बरसूणा बड़ीखाटू निवासी सुमन दमामी गंभीर घायल हो गए। चाचा जिला जैसलमेर निवासी कलसुम, सोहेल खान, पांचू बीकानेर निवासी सुभाष जाट के हल्की चोट आई है जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया।

# बिजनेसमैन सुसाइड मामला 40 लाख में हुआ राजीनामा

### पिता बोले-पहले 10 लाख दे देती तो आज मेरा बेटा जिंदा होता

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर में अपार्टमेंट की 14वीं मंजिल से छलांग लगाकर बिजनेसमैन के सुसाइड में नया मोड़ आ गया है। सुसाइड के दूसरे दिन आरएएस मुक्ताराव व मृतक के पिता के बीच 40 लाख रुपए में राजीनामा हो गया। इस राजीनामे के बाद रोते हुए पिता ने बताया कि आरएएस मुक्ताराव पहले 10 लाख दे देती तो आज मेरा बेटा जिंदा होता। बिंदायका थाने में मृतक के पिता ने एफआईआर वापस लेने के लिए एप्लिकेशन दी है। हालांकि, बिंदायका थाना पुलिस की ओर से दर्ज एफआईआर पर जांच जारी है।

एसएचओ (बिंदायका) विनोद वर्मा ने बताया कि करधनी के गोविन्दपुरा निवासी भारत कुमार सैनी पुत्र भानुप्रताप सैनी ने शुक्रवार को अपार्टमेंट की 14वीं मंजिल पर छत से छलांग लगाकर सुसाइड किया था। मृतक की जेब में मिले सुसाइड नोट के आधार पर पिता की ओर से दी शिकायत पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया था।

### एफआईआर वापस के लिए दी एप्लीकेशन

मृतक के पिता भानुप्रताप की ओर से बिंदायका थाने में आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला शुक्रवार शाम दर्ज कर लिया गया था। इसके बाद 18 अप्रेल की देर रात आरएएस मुक्ताराव और मृतक के पिता भानुप्रताप के बीच मीटिंग में 40 लाख रुपए में राजीनामा हो गया। राजीनामा होने पर भानुप्रताप की ओर से एफआईआर को वापस लेने के लिए लिखित एप्लिकेशन बिंदायका थाने में दी गई।

### 40 लाख कैश देकर गए

पिता भानुप्रताप का कहना है कि शाम को बिंदायका थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली थी। देर रात प्रकरण को लेकर आरएएस मुक्ताराव के पक्ष से राजीनामा हो गया। जो हमारा पैसा निकला तो वह उन्होंने दे दिया। सुबह करीब 5 बजे 40 लाख रुपए कैश देकर गए। रोते हुए पिता बोला- अगर पहले ही 10 लाख भी दे देती तो मेरा बेटा नहीं मरता।

# सीवरेज लाइन की जहरीली गैस से दो मजदूरों की मौत

महानगर संवाददाता

**अलवर।** अलवर के खेड़ली कस्बे में शनिवार को सीवरेज लाइन में दम घुटने से दो मजदूरों की मौत हो गई। जिसमें एक नाबालिग भी था। यह हादसा नवकार वाटिका स्थित पेपर मिल में हुआ। दोनों मजदूर सफाई के लिए सीवरेज लाइन में उतरे थे। जिससे लच्छी पुत्र मंगू और 13 वर्षीय हेमराज उर्फ आकाश पुत्र सागर वाल्मीकि की मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार लच्छी काफी देर तक सीवरेज लाइन से बाहर नहीं आया तो उसे देखने के लिए 13 वर्षीय बालक हेमराज नीचे उतर गया। फिर वह भी अचेत होकर गिर गया। बाद में दोनों को बाहर निकाला गया। तुरंत जिला अस्पताल लेकर गए। लेकिन डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।



घटना की सूचना पर खेड़ली थाना अधिकारी धीरेंद्र गुर्जर मौके पर पहुंचे। मृतकों के परिजन और बाल्मीकि समाज के लोग भी अस्पताल पहुंच गए। नगर पालिका के वाइस चेयरमैन संदेश खंडेलवाल, पार्षद मुरारीलाल शर्मा और व्यापार समिति अध्यक्ष प्रमोद बंसल ने भी अस्पताल पहुंचकर मृतकों के परिजनों से मुलाकात की। मृतक परिजनों ने न्याय की मांग करते हुए परिवार में किसी को सरकारी नौकरी, आर्थिक सहायता की मांग की। मांगें नहीं मानने पर हिंडोन फाटक पर जाम लगा दिया।

# फोटोग्राफर को तड़पा-तड़पा कर मारा, कलाइयां काटी

महानगर संवाददाता

**उदयपुर।** उदयपुर में फोटोग्राफर की बेरहमी से हत्या कर दी गई। हत्यारों ने धारदार हथियार से युवक का गला रेता। उसके हाथ की कलाइयां काट दी। घावों पर मिर्च पाउडर भी डाला गया। मामला प्रतापनगर इलाके का है। शनिवार सुबह 6 बजे का है। उदयपुर शहर एसएसपी उमेश ओझा ने बताया कि सुबह कुराबड़ के छोटा गुड़ा निवासी शंकर पुत्र लोगर डांगी की लाश मिली थी। मौके से एफएसएल टीम और डॉग स्क्वॉड ने सबूत जुटाए। युवक की कलाइयों को काटने के निशान मिले है। यह भी जांच की जा रही है कि क्या उसके घावों पर मिर्च पाउडर डाला गया था।

थानाधिकारी राजेंद्र सिंह चारण ने बताया कि शंकर डांगी स्टूडियो चलाता था। शुक्रवार देर रात युवक के पास किसी का फोन आया था। उसके बाद से वह लापता था। जब सुबह तक घर नहीं लौटा तो परिजन को चिंता हुई। उदयसागर झील के पास उसकी बाइक खड़ी नजर आई। एसएचओ ने बताया कि इसके कुछ ही देर बाद में उदयसागर झील के पास बने पार्क में उसका शव पड़ा मिला। शव खून से लथपथ था और पास में ही एक हथौड़ा और मिर्च पाउडर पड़ा था। परिजन यह सब देख हैरान रह गए। वार्ड पंच घनश्याम सालवी ने बताया कि शंकर के गले, हाथ और सिने के आसपास कट लगने और चोट के निशान थे। पास ही में रखी मिर्च पाउडर से पता चलता है कि उसके घावों पर वह डाली गई थी। उसे तड़पाया गया था और बेरहमी से मार दिया गया।

# रेलवे स्टेशन पर मादक पदार्थ सहित तस्कर गिरफ्तार

महानगर संवाददाता

**अजमेर।** अजमेर जीआरपी पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ सहित एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। तस्कर के कब्जे से 658 ग्राम अफीम बरामद की है। आरोपी मध्य प्रदेश से खरीद कर बेचने के लिए जा रहा था। अफीम की अनुमानित कीमत करीब साढ़े 3 लाख रुपए है। जीआरपी पुलिस ने आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है।

जीआरपी थाना प्रभारी फूलचंद बालोटिया ने बताया कि पुलिस मुख्यालय की ओर से अवैध मादक पदार्थ की रोकथाम के लिए अभियान चलाया गया है। इसी अभियान के तहत एक थाने पर टीम का गठन किया गया था और कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। टीम की ओर से लगातार अवैध मादक



पदार्थ पर कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर एक पर टीम की ओर से गश्त की जा रही थी। एक संदिग्ध युवक को रोककर पूछताछ की तो वह घबरा गया। तलाशी लेने पर उसके बैग से अफीम बरामद हुई। टीम ने कार्रवाई करते हुए हरियाणा निवासी मोनू कुमार पुत्र करनैल सिंह को गिरफ्तार किया, जिसके कब्जे से 658 ग्राम अफीम बरामद की गई। पूछताछ में सामना आया कि आरोपी मध्य प्रदेश से खरीद कर लाया था। जिसे बेचने की फिराक में था।


### टैक्सी ड्राइवर को लूटने के लिए गोली मारी, दो बदमाश गिरफ्तार

# खुलासा : द्रव्यवती नदी में फेंकी लाश, फिर दिल्ली में पेट्रोल पंप लूटा

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** कैब ड्राइवर मुनेश के मर्डर का पुलिस ने खुलासा कर दिया है, जिसकी 12 अप्रैल को हत्या की गई। 14 अप्रेल को शव द्रव्यवती नदी में मिला था। बदमाशों ने लूटपाट के बाद फायर कर कैब ड्राइवर की हत्या कर दी थी। फिर लाश को नदी में फेंक दिया। मामले में पुलिस ने गैंग के दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। बदमाशों के पास से पुलिस ने हथियार और कारतूस भी मिले हैं।

डीसीपी साउथ दिगंत आनंद ने वारदात का खुलासा करते हुए बताया- 12 अप्रैल को प्रताप नगर थाना इलाके में अक्षय पात्र चौराहे के पास 6-7 युवकों ने टैक्सी चालक मुनेश को ऑनलाइन बुक कर इंडिया गेट लेकर निकले। इस दौरान कार में सवार बदमाशों ने चालक को कैब में ही बंधक बना लिया। बदमाश कैब लूटने और आरोपी को पीटकर छोड़ने के फिराक में थे, लेकिन ड्राइवर मुनेश कब्जे में नहीं आया। आरोपियों ने उसके पेट में दो फायर कर दिए। इससे कार ड्राइवर मुनेश की मौके पर ही मौत हो गई।



आरोपियों ने लाश को ठिकाने लगाने के लिए शव को द्रव्यवती नदी उसे फेंक दिया। 14 अप्रेल को शिवदासपुरा थाना पुलिस ने द्रव्यवती नदी से शव निकाला जो काफी सड़ चुका था। 14 अप्रेल को ही मृतक के परिजनों ने प्रताप नगर थाने में मुनेश की गुमशुदगी दर्ज कराई। इस पर पुलिस ने पीड़ित परिवार को द्रव्यवती नदी में मिला शव दिखाया। शव की शिनाख्त हुई। मेडिकल जांच में मृतक के शरीर में दो गोलियां मिलीं। जिस पर पुलिस ने 15 अप्रेल को हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

### पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस और दो मैगजीन बरामद

ड्राइवर का मर्डर करने के बाद बदमाश गाड़ी लेकर दिल्ली चले गए। दिल्ली में एक पेट्रोल पंप पर लूट की वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद इन बदमाशों का दिल्ली में ही 17 अप्रेल को ऑनलाइन चालान कटा। इसकी जानकारी मृतक के भाई के नम्बर पर मैसेज के जरिए आई। मृतक के परिवार ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस टीम ने बदमाशों का पीछा करना शुरू किया। पुलिस ने टीम ने 18 अप्रेल को वारदात करने वाले 5 लोगों को दिल्ली से डिटेन किया। इसमें दो को गिरफ्तार किया। तीन अन्य को बाल सुधार गृह में भेज दिया। पुलिस को बदमाशों के पास से एक पिस्टल पांच जिंदा कारतूस और दो मैगजीन बरामद हुई है।

# पति ने पत्नी की हत्या कर शव कुएं में फेंका

महानगर संवाददाता

**डूंगरपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में स्थित मांडवा खापरड़ा गांव से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां पति ने पत्नी की हत्या कर शव 50 फीट गहरे कुएं में फेंक दिया। वारदात की जानकारी तीन दिन तक किसी को नहीं लगी। शनिवार को आरोपी पति खुद थाने पहुंचा और जुर्म कबूल कर लिया। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शव को कुएं से बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाली थाना एसआई चंदूलाल ने बताया कि मृतका बबली डामोर और उसका पति बक्सी डामोर, सदर थाना क्षेत्र के निवासी हैं। बीते 16 अप्रेल को दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। झगड़े के बाद बक्सी ने बबली की हत्या कर दी और शव कुएं में फेंक दिया।

# मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर प्रभारी मंत्री ने लिया तैयारियों का जायजा

## भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

महानगर संवाददाता



**झुंझुनूं।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जिले में दौरे को लेकर प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एव प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जिले के सभी सभा स्थलों व स्वागत पॉइंट की तैयारियों एव व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

भाजपा जिला प्रवक्ता कमलकान्त शर्मा ने बताया कि रविवार को जिले में होने वाले मुख्यमंत्री के प्रवास को लेकर प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, विधायक राजेन्द्र भाम्बू, कार्यक्रम प्रभारी कासीराम गोदारा, जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढुकिया, नगर मण्डल अध्यक्ष कमल कान्त शर्मा, जिला कलेक्टर रामावतार मीणा, जिला पुलिस अधीक्षक शरद चौधरी, उपखण्ड अधिकारी हवा सिंह यादव, पूर्व सभापति खालिद हुसैन, पवन मेघवाल, रियाज फारुकी, कृष्ण कुमार गावड़िया, मुकेश पातूसरिया के साथ सभा, स्वागत व जन सुनवाई के जिले के सभी पॉइंट के दौरे कर पूर्व तैयारियों का जायजा लिया व व्यवस्थाओं को लेकर निर्देशित किया। जनसुनवाई के लिए सर्किट हाऊस, अधिकारियों की बैठक के लिए सूचना केन्द्र, पीरू सिह स्मारक, झुंझुनूं विधानसभा द्वारा स्वागत व सभा के लिए खिदरसर टोल प्लाजा के पास, नवलगढ़ विधानसभा द्वारा स्वागत के लिए मुकुंदगढ़, मंडावा विधानसभा द्वारा आयोजित सभा एव स्वागत के लिए मंडावा के लिए तय स्थान, चिड़ावा ओजटू मोड़ पर खेतड़ी विधानसभा, चिड़ावा सूरजगढ़ मोड़ पर सूरजगढ़ विधानसभा और पिलानी में पिलानी विधानसभा द्वारा स्वागत, सभा एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के रात्रि विश्राम सहित सभी कार्यक्रम स्थलों की तैयारियों का अवलोकन कर प्रभारी मंत्री गहलोत ने कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिए।

### प्रशासन अलर्ट मोड पर, कलेक्टर-एसपी ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा



प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के रविवार को प्रस्तावित दौरे की तैयारियों के लिए जिला प्रशासन माइक्रो मैनेजमेंट पर काम कर रहा है। जिला कलेक्टर रामावतार मीणा और एसपी शरद चौधरी दौरे के हर पहलू पर बारीकी से नजर रखे हुए हैं। शुक्रवार देर रात तक भी मंडावा, मुकुंदगढ़ और जनसुनवाई स्थल सर्किट हाऊस में दौरे के बाद शनिवार को भी कलेक्टर और एसपी ने सुबह अधिकारियों की बैठक ली और तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री कार्यालय से आए अधिकारी भी साथ रहे। जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने विभिन्न सभा स्थलों पर पानी का छिड़काव, समुचित पेयजल व्यवस्था, मेडिकल टीम तैनात करने, सफाई व्यवस्था, गर्मी को देखते हुए कूलर व एसी इत्यादि की व्यवस्था, सुरक्षा मानकों के अनुसार टेंट व्यवस्था आदि के निर्देश देते हुए सभी प्रभारी अधिकारियों को व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# सोनार किले के शीघ्र बहुरेंगे दिन







### केंद्रीय पर्यटन मंत्री शेखावत ने ऐतिहासिक महत्व को समझा

### किले की स्थिति को पैदल भ्रमण कर देखा, किले वासियों के दर्द को सुना

महानगर संवाददाता

**जैसलमेर।** साढ़े आठ सौ साल से अधिक पुराने ऐतिहासिक किले की शनिवार को केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत ने सुध ली। उन्होंने किले में पैदल भ्रमण कर किले की वर्तमान स्थिति को बारीकी से देखा। किले और किलवासियों के मर्म को समझा।

गौरतलब है कि लम्बे समय से इस ऐतिहासिक किले की सुरक्षा को लेकर सवाल उठाए जा रहे थे। इसे लेकर लगातार खबरें प्रकाशित कर मंत्री तक पहुंचा गया, जिसका नतीजा है कि गजेंद्र सिंह इस बार एक मंत्री के रूप में किले का निरीक्षण करने पहुंचे। मंत्री के साथ पोकरण विधायक प्रतापपुरी, जिला कलेक्टर प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी, महारावल चैतन्यराज सिंह, एएसआई अधिकारी बिरि सिंह, आयुक्त लजपालसिंह सोढ़ा, कंवराजसिंह चौहान, विक्रमसिंह नाचना, सुनीता भाटी सहित कई अधिकारी साथ रहे।

मंत्री ने किले के प्रवेश द्वार अखे प्रोल से निरीक्षण शुरू किया। इसके बाद उन्होंने चारों प्रोल का बारीकी से निरीक्षण किया तथा वर्तमान स्थिति में आवश्यक सुधार के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने किले में सीवरेज सिस्टम के अभाव में किले की दीवारों से रिसते पानी को देखा। इससे कमजोर होती दीवारों की शीघ्र मरम्मत व रिसाव को ठीक करने के पुरातत्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही किले और प्रोलों के आस-पास की जर्जर दीवारों, किले में झूलते विद्युत तारों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। मंत्री ने किले में अवैध निर्माण पर चिंता जताई तथा सम्बन्धित अधिकारी को कड़े निर्देश दिए कि नियमों की सख्ती से पालना की जाए। उन्होंने कहा कि जैसलमेर और किला हमारी धरोहर है। उनके प्रति सम्मान रखें। इसकी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करें। केंद्रीय स्तर पर हर तरह का सहयोग मिलेगा।

इसके बाद मंत्री शेखावत नगर आराध्य देव श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर दर्शन किए। इसके बाद किले के निवासियों से किले में बढ़ते पर्यटन भार को देखते हुए दूसरा गेट शुरू करने पर चर्चा। हालांकि किलवासियों ने किले की मूलसंरचना से किसी तरह के छेड़छाड़ का विरोध कर दूसरे गेट की आवश्यकता से इनकार किया। इस पर किले के संरक्षण और भविष्य में बढ़ते पर्यटन का हवाला देकर उनके समझाइश की गई।

किलेवासियों ने यहां मरम्मत की स्वीकृति नहीं मिलने, बिजली-पानी कनेक्शन, स्टेट ग्रांट पट्टों में आ रही समस्या से अवगत कराया। वहीं किले के भीतर होटल-रेस्टोरेंटों के निर्माण की प्रवृति खत्म करने की मंत्री ने किले वासियों से अपील की। शेखावत ने प्रतिबंधित क्षेत्र होने के बावजूद होटल, रेस्टोरेंट के अवैध नव निर्माणों पर चिंता जताई। उन्होंने पुरातत्व विभाग के अधिकारियों को इसके लिए नियमों की कड़ाई से की पालना के निर्देश दिए।

#### स्थानीय निवासियों व दुकानदारों से मिले

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की सादगी ने सबको प्रभावित किया। उन्होंने किले के पैदल निरीक्षण के दौरान स्थानीय निवासियों, दुकानदारों से मिलकर उनके हाल जाने। किले के निर्माण मरम्मत के विशेषज्ञ गजधर सिकंदर गाड़ीवान को देखकर अपने पास बुलाया। उनकी होसला अफजाई की।

# हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 12 मई को

## तैयारियों को लेकर बैठक आयोजितः 51 जोड़े बंधेंगे परिणय सूत्र में

महानगर संवाददाता



**बस्सी।** हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा की ओर से आगामी पीपल पूर्णिमा को चतुर्थ आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसे लेकर शनिवार को सिद्धी पीठधाम श्री कल्याण जी मंदिर परिसर स्थित धर्मशाला में राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरधीचंद शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि आयोजन को सफल बनाने के लिए समाज के भामाशाहों ने काफी योगदान दिया है। राष्ट्रीय महामंत्री सीताराम अलियाबाद ने कहा कि सभी भामाशाहों के सहयोग से सामूहिक विवाह में 51 उपहार स्वरूप सामान दिए गए हैं। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शंभू कुई वाले ने कहा कि अब तक वर वधू के 15 जोड़ों का पंजीयन हो चुका है। समाज के पदाधिकारी गांवों में घर-घर जाकर समाज के लोगों को जागरूक कर रहे हैं। राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष रमेश मेव वाले ने बताया कि सम्मेलन की तैयाियों को लेकर सभी पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई है। समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 12 मई को बस्सी क्षेत्र के सिद्धी पीठधाम श्री कल्याण जी मंदिर परिसर स्थित अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा की धर्मशाला में होगा।

बैठक में राष्ट्रीय युवा संघ कार्यकारी अध्यक्ष सुनील टीलावाला, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष रमेश मावावाला, विनोद पूर्व चेयरमैन बस्सी, भगवान सहाय गोविंदपुरा, रामफूल ढांचोलिया नायला, बद्रीनारायण, विनोद कालवानिया, रामकिशोर सहित समाज के दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### गो सेवा के लिए 25 बीघा भूमि की समर्पित

#### भामाशाह हाथीसिंह को किया सम्मानित



महानगर संवाददाता

**जैसलमेर।** शहर के युवा गोभक्त भामाशाह हाथीसिंह भाटी मूलाना ने गो सेवा के लिए 25 बीघा भूमि समर्पित की है। इस कार्य के लिए श्री गोधाम महातीर्थ पथमेड़ा के सीईओ आलोक सिंहल ने देगराय मंदिर परिसर में उनका अभिनंदन किया।

उन्होंने कहा कि अपनी मेहनत से अर्जित भूमि को गो सेवा में देना भगवान और गोमाता की कृपा के बिना संभव नहीं है। यह पूर्वजों के पुण्य का फल है। श्री पथमेड़ा गो चिकित्सालय के महासचिव आनंद पुरोहित ने जैसलमेर में गो सेवा की आवश्यकता बताई। उन्होंने पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया।

हाथीसिंह मूलाना ने कहा कि यह अवसर गोमाता और गुरु महाराज की कृपा से मिला है। गुरु मोहनपुरी और प्रतापपुरी महाराज की प्रेरणा से यह संकल्प पूरा हुआ। उन्होंने कहा कि नंदीशाला में हर समय सहयोग के लिए तैयार रहूंगा। पथमेड़ा गो चिकित्सालय बाड़मेर के व्यवस्थापक कंवराजसिंह ने भामाशाह का धन्यवाद किया। इस अवसर पर गौशाला की ओर से हाथीसिंह भाटी, गिरधरसिंह दवाड़ा और अभयसिंह देगराय भोपा का दुपट्टा और गोमाता का स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया।

### किसान के छप्पर पोस में लगी आग, लाखों का हुआ नुकसान



महानगर संवाददाता

**रामगढ़ पचवारा।** उपखंड मुख्यालय के गांव बाढ़ हमीरपुरा में किसान के छप्पर पोस में आग लग जाने से खाने-पीने के समान सहित जेवरात व नगदी जल जाने से लाखों रुपए का नुकसान हो गया।

रामगढ़ पचवारा थाना पुलिस हेड कांस्टेबल करण सिंह ने बताया कि अग्निकांड की सूचना मिलते ही थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। अग्निकांड पीड़ित मुकेश व राहुल दोनों भाइयों के दो छप्परपोस में आग लग जाने से उसमें रखा सामान 25 कट्टे गेहूं, पांच कट्टे जौ, चांदी की पायल, चांदी की कनकती, सोने का पेंडल, 35 हजार नगद सहित खाने-पीने का सामान जलकर अग्नि की भेंट चढ़ गया। हैड कांस्टेबल ने बताया कि ट्यूबवेल चलकर लोगों ने आग पर काबू पाया। इस दौरान सूचना के बावजूद दमकल के समय से नहीं पहुंचने पर लोगों में आक्रोश देखा गया।

गौरतलब है कि उपखंड मुख्यालय व नगर पालिका होने के बावजूद दमकल नहीं होने से हो रही आगजनी की घटनाओं पर ट्यूबवेल चलाकर लोग आग पर काबू कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि लालसोट से रामगढ़ पचवारा क्षेत्र में दमकल पहुंचने में काफी समय लग जाता है। लोगों ने लालसोट विधायक रामविलास मीणा से उपखंड मुख्यालय पर दमकल व्यवस्था कराने की मांग की है।

### साधारण सभा की बैठक 22 को

**रामगढ़ पचवारा (मसं)।** उपखंड मुख्यालय स्थित नगर पालिका की साधारण सभा की बैठक 22 अप्रेल को दोपहर 12 बजे पंचायत समिति सभागार में होगी। कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी योगेश कुमार मीणा ने बताया कि बैठक में निर्माण कार्य का अनुमोदन किया जाएगा, वहीं महिला जनप्रतिनिधियों के परिवारजनों को बैठक में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव को लेकर सौंपी जिम्मेदारियां

## अजीतगढ़ में 29 को होगा विराट कवि सम्मेलन

महानगर संवाददाता



**श्रीमाधोपुर।** सर्व ब्राह्मण समाज अजीतगढ़ के केंद्रीय परशुराम सभागार में पं. रमाकांत शास्त्री की अध्यक्षता में भगवान परशुराम जन्म महोत्सव की तैयारी बैठक आयोजित हुई।

महामंत्री शिंभूदयाल भारद्वाज ने बताया कि महोत्सव को धूमधाम से मनाए जाने को लेकर विभिन्न समितियों का गठन कर जिम्मेदारियां वितरित की गई। इनमें वित्त संग्रहण समिति का संयोजक महेश जोशी, सह संयोजक मूलशंकर गोठवाल, सदस्य राजेश गलीवाले, श्याम शिखवाल, दिनेश गोविंद शर्मा को नियुक्त किया गया है। इसी कड़ी में 23 अप्रेल को सुबह 9 बजे समाज भवन अजीतगढ़ से मुख्य चौपड़ बाजार स्थित कचहरी गणेश जी महाराज को गाजे-बाजे के साथ निमंत्रण दिया जाएगा। 29 अप्रेल को शाम 7 बजे से विराट कवि सम्मेलन आयोजित होगा। इसमें गत वर्ष की विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा।

बुधवार 30 अप्रेल को पूर्वाह्न 11 बजे भगवान परशुराम पूजा-अर्चना और आरती का आयोजन होगा। शाम चार बजे से समाज भवन से रथारूढ़ भगवान परशुराम की शोभायात्रा समाज भवन परिसर तक निकाली जाएगी। चार मई को शाम पांच बजे सर्व ब्राह्मण समाज श्रीमाधोपुर के अध्यक्ष पद के चुनाव होंगे। इस अवसर पर मोहनलाल पारीक, मक्खनलाल स्वामी, रूपनारायण पारीक, संजय रानीपुरावाले, भरत शर्मा, घनश्याम रामसेवक, महेंद्र खंडेलवाल, कैलाश शिखवाल, सुरेशचंद्र द्रविड़, नरेंद्र मिश्रा, राजेंद्र रामसेवक, नील कमल शिखवाल, हीरालाल भिंडा सहित अनेक गणमान्य विप्र बंधु उपस्थित रहे।

### कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी आज करेंगे डीडवाना कृषि महाविद्यालय का लोकार्पण



**लालसोट (मसं)।** उपखंड के ग्राम डीडवाना में कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा रविवार प्रातः 10 बजे कृषि महाविद्यालय का लोकार्पण करेंगे। भाजपा मीडिया प्रभारी मोतीलाल शाहजहांनपुरा ने बताया कि समारोह के विशिष्ट अतिथि लालसोट विधायक रामबिलास डूंगरपुर रहेंगे। अध्यक्षता प्रो. बलराम सिंह वाइस चांसलर करेंगे।

### सार्वजनिक स्थलों पर पक्षियों के लिए लगाए परिंडे

**धनाऊ (मसं)।** धनाऊ तहसील मुख्यालय के तालसर में बढ़ते हुए तापमान और हीटवेव को देखते हुए शनिवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तालसर के प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टाफ द्वारा विद्यालय प्रांगण एवं गांव के बाबा रामदेव मंदिर, ईदगाह और सार्वजनिक स्थलों पर पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए। इस मौके पर प्रधानाचार्य चंद्रप्रकाश कोडेचा, भागचंद मीना, उगम द्रविड़, संग्राम सोनगरा, लजपतराम जोगेश, भारुराम, श्यामलाल नायक, अरुणकुमार, लक्ष्मण जोगेश, मिश्री खान, जमील खान, दशरथ परिहार, हाकमराम जोगेश, मजीद खान, लखाराम परमार, करनाराम चौधरी, लूणी जोगेश, उमाराम सहित कई ग्रामीण और विद्यार्थी उपस्थित रहे और प्रत्येक घर में एक-एक परिंडा लगाने का संकल्प लिया।



### ईडी की कार्रवाई के खिलाफ कांग्रेसियों ने किया विरोध प्रदर्शन

**लालसोट (मसं)।** उपखंड मुख्यालय पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चांदसेन के नेतृत्व में ईडी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया।




सोशल मीडिया प्रभारी इरफान खान ने बताया कि ईडी द्वारा राहुल गांधी व सोनिया गांधी के विरुद्ध दर्ज केस में चालान पेश कर झूठी कार्रवाई के संदर्भ में कांग्रेस पीसीसी सदस्य कमल मीणा, चांदसेन ब्लॉक अध्यक्ष दीपक पुरोहित के नेतृत्व में ईडी के खिलाफ लालसोट महिला चिकित्सालय से ज्योतिबा फुले सर्किल तक विरोध प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया। विरोध प्रदर्शन के दौरान मंडल अध्यक्ष विनोद गोयल, सुनील चौबे, एडवोकेट कुंदन मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष जगदीशप्रसाद राडा, अमित स्वामी, सरपंच प्रद्युमन सिंह, कपिल पुरोहित, लालसोट ब्लॉक अध्यक्ष रामनारायण सैनी, मोहम्मदपुरा ब्लॉक उपाध्यक्ष बसंतीलाल मीणा सहित कई कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

### झुंझुनूं के आकाश इंस्टीट्यूट का फिर शानदार प्रदर्शन

#### जेईई मेन रिजल्ट 2025 सेकंड अटेम्प्टः झुंझुनूं के हर्षित जांगिड़ ने हासिल किया 99.08 परसेंटाइल

महानगर संवाददाता

**झुंझुनूं।** जेईई मेन 2025 का रिजल्ट जारी हो गया है और झुंझुनूं जिले के लिए गर्व की बात है कि आकाश इंस्टीट्यूट कोचिंग, झुंझुनूं के छात्र हर्षित जांगिड़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 99.08 परसेंटाइल हासिल किया है।



इनके अलावा अभिनव ने फिजिक्स में 99.43 परसेंटाइल, मुकुल भांबू ने फिजिक्स में 99.5 परसेंटाइ, भव्य धायल ने फिजिक्स में 99.1 परसेंटाइल व खुशबू अंसारी ने केमिस्ट्री में 99.5 परसेंटाइल हासिल किए। सब्जेक्ट वाइस 5 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल से अधिक हासिल किए, 9 विद्यार्थियों ने 97 व इससे अधिक परसेंटाइल हासिल किए, 20 विद्यार्थियों ने 95 व इससे अधिक परसेंटाइल हासिल किए एवं 34 विद्यार्थियों ने 90 व इससे अधिक परसेंटाइल हासिल किए। यह उपलब्धि इसलिए भी खास है, क्योंकि इन सभी विद्यार्थियों ने झुंझुनूं के आकाश इंस्टीट्यूट कोचिंग से तैयारी कर यह ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। हर्षित की इस सफलता से उनके परिवार, शिक्षकों और संस्थान में खुशी की लहर है। आकाश इंस्टीट्यूट कोचिंग के ब्रांच हैड सीमान्त धायल ने कहा, 'हर्षित की यह उपलब्धि हमारी मेहनत और सही गाइडेंस का परिणाम है।' वहं हर्षित जांगिड़ ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और कोचिंग संस्थान को दिया। कहा कि नियमित अध्ययन, सही रणनीति और निरंतर मेहनत से यह संभव हो पाया है। आकाश इंस्टीट्यूट के एकेडमिक हैड इंजीनियरिंग अजय शर्मा ने बताया कि झुंझुनूं के छात्रों ने जिले का नाम रोशन किया है।

# 'मां वाउचर योजना' के तहत निशुल्क सोनोग्राफी के वाउचर वितरित

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत गर्भवतियों की हुई प्रसव पूर्व जांच

महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** जिले में शनिवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच का आयोजन किया गया। अभियान के साथ ही 'मां वाउचर योजना' के तहत गर्भवतियों को निशुल्क सोनोग्राफी के लिए वाउचर भी वितरित किए गए।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमिनी ने बताया कि अभियान के अंतर्गत प्रत्येक माह की 9, 18 और 27 तारीख को गर्भवतियों की जांच की जाती है। चूंकि 18 अप्रेल को सार्वजनिक अवकाश था, इसलिए इस माह यह अभियान 19 अप्रेल को आयोजित किया गया।

इस दौरान गर्भवतियों का वजन, ऊंचाई, पेट की जांच, हीमोग्लोबिन, रक्तचाप, शुगर, एचआईवी, सिफलिस, यूरिन जांच, हृदय स्पंदन एवं सोनोग्राफी सहित विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। साथ ही आवश्यक दवाएं भी निशुल्क प्रदान की गईं। यदि किसी गर्भवती महिला में किसी प्रकार की जटिलता पाई गई, तो उन्हें उच्च चिकित्सा संस्थानों के लिए रेफर भी किया गया।

डॉ. जैमिनी ने बताया कि मां वाउचर योजना के अंतर्गत राज्य की प्रत्येक गर्भवती महिला को गर्भावस्था के दौरान कम से कम एक बार निशुल्क सोनोग्राफी की सुविधा दी जाती है। यह जांच गर्भकाल की दूसरी या तीसरी तिमाही में करवाई जाती है। योजना के तहत जिले के सभी अधिकृत निजी सोनोग्राफी केंद्रों को जोड़ा गया है, जिससे महिलाएं अपने नजदीकी पंजीकृत सेंटर पर जांच करवा सकें। चिकित्सकों द्वारा गर्भावस्था के दौरान उचित पोषण, संतुलित आहार, हरी सब्जियों, फलों तथा आयरन युक्त खाद्य पदार्थों के सेवन के महत्व पर भी जागरूक किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिले की सभी गर्भवती महिलाओं और उनके परिवारजनों से अपील की है कि वे प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत आयोजित शिविरों में भाग लें, विशेषज्ञ चिकित्सकों से निशुल्क परामर्श प्राप्त करें तथा मां वाउचर योजना का लाभ उठाकर समय पर सोनोग्राफी जांच अवश्य करवाएं।

उत्तराखण्ड शासन

देवभूमि रजत उत्सव

देवभूमि उत्तराखण्ड



श्री यमुनोत्री
30 अप्रैल, 2025

श्री गंगोत्री
30 अप्रैल, 2025

श्री केदारनाथ
2 मई, 2025


श्री बदरीनाथ
4 मई, 2025

श्री हेमकुंट साहिब
25 मई, 2025

# हरित चारधाम यात्रा



आप सभी का
हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन



**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

## सुगम एवं सुरक्षित चारधाम यात्रा

### चारधाम मार्ग के समीप आध्यात्मिक और प्राकृतिक रत्न

**यमुनोत्री के पास:** जानकी चट्टी, हनुमान चट्टी, खरसाली गांव, सप्तऋषि कुंड, पांडव गुफा, लाखा मण्डल, केदारकांठा ट्रैक, राणा चट्टी

**गंगोत्री के पास:** गौमुख ट्रैक, भोजबासा, तपोवन, सूर्यकुंड व गौरीकुंड, हर्षिल वैली, मुखीमठ (मुखबा), दयारा बुग्याल ट्रैक, गरतांग गली, काशी विश्वनाथ मन्दिर, नचिकेताताल, डौडीताल

**केदारनाथ के पास:** भैरवनाथ मन्दिर, वासुकीताल, गौरीकुंड, त्रियुगीनारायण मन्दिर, चोपता-तुंगनाथ-चंद्रशिला, गुप्तकाशी, देवरियाताल

**बदरीनाथ के पास:** माणा गांव, व्यास गुफा और गणेश गुफा, भीमशिला, औली, फूलों की घाटी, वसुधारा जलप्रपात, चरणपादुका, तप्तकुंड, नारदकुंड, ज्योतिर्मठ (जोशीमठ), सतोपंथ झील, पाण्डुकेश्वर, आदिबदरी मन्दिर, हेमकुंट साहिब

### यात्रा के लिए जरूरी सामान

| | | |
|---|---|---|
| रेनकोट | सनग्लासेस | पानी की बोतल |
| मास्क | ग्लूकोस बिस्कुट | लाठी |
| कोल्ड क्रीम | टार्च | मंकी कैप |
| मफलर | कैनवास जूते | कैश |
| मोज़े | सैनिटाइज़र | स्वेटर |
| छाता | पहचान पत्र | दस्ताने |

### पंजीकरण के लिए

registrationandtouristcare.uk.gov.in

Toll Free number 0135 1364

Download the App:
touristcareuttarakhand

Google play | App Store

हेलीकॉप्टर/अधिक जानकारी के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं
www.heliyatra.irctc.co.in

आईआरसीटीसी हेल्पलाइन नं 1800110139
080-44647998/080-35734998

उत्तराखण्ड पर्यटन टोल फ्री नंबर:
1364/0135 3520100

### महत्वपूर्ण सूचना

- यात्रा से पूर्व पंजीकरण अवश्य करायें।
- रजिस्ट्रेशन में सही मोबाईल नम्बर दर्ज करें।
- धामों पर "दर्शन टोकन" अवश्य प्राप्त करें।
- यात्रा मार्ग पर विभिन्न पड़ावों पर विश्राम करते हुए प्रस्थान करें।
- यात्रा मार्गों पर गंदगी न फैलायें एवं मार्ग को स्वच्छ रखने में सहयोग करें।
- कृपया वाहनों की गति नियंत्रित रखें एवं वाहनों को निर्धारित स्थलों पर ही पार्क करें।
- greencard.uk.gov.in पर अपने वाहन का रजिस्ट्रेशन करवाएं।
- यात्रा के दौरान सिंगल यूज़ प्लास्टिक का प्रयोग न करें।

### स्वास्थ्य का रखें खास ख्याल

- यात्रा आरंभ करने से पहले निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में अपनी जांच अवश्य करायें।
- जिन्हें हृदय संबंधी दिक्कतें तथा हाइपरटेंशन है, वे अतिरिक्त सावधान रहें।
- रास्ते में कहीं भी लगे कि आपकी तबीयत ठीक नहीं है तो आगे यात्रा न करें और नजदीकी चिकित्सा केंद्र से संपर्क करें।
- जरुरी दवाइयां, फर्स्ट ऐड किट एवं मेडिकल हिस्ट्री सम्बन्धी रिपोर्ट साथ लेकर चलें।

## आपकी यात्रा मंगलमय हो

त्रियुगी नारायण मन्दिर | गरतांग गली | फूलों की घाटी | हर्षिल वैली | देवप्रयाग | ऋषिकेश | औली



सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | uttarakhandDIPR | DIPR_UK | uttarakhand DIPR

#ExploreUttarakhand @DIPR_UK

# 'नर सेवा नारायण सेवा'..संघ शाखा अर्थात् सेवा यज्ञ








**मधुभाई कुलकर्णी**
वरिष्ठ प्रचारक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

**हमें** अपने चारों ओर ऐसे अनेक महान व्यक्ति दिखेंगे, जिन्होंने अपना पूरा जीवन सेवा कार्य के लिए समर्पित कर दिया। जैसे, बंगाल के रवींद्रनाथ ठाकुर, जिन्होंने शांति निकेतन के नाम से शिक्षा का आदर्श आलय स्थापित किया। बाबा आमटे, जिन्होंने कुष्ठ रोगियों के लिए एक प्रसिद्ध सेवा केंद्र 'आनंदवन' की स्थापना की। पूज्य नारायण गुरु, जिन्होंने शिक्षा, संस्कृति, स्वास्थ्य जैसे विभिन्न आयामों के माध्यम से दलितों, पीड़ितों और वंचितों के उत्थान के लिए कार्य किया। डॉ. भीमराव गस्ती, जिन्होंने कर्नाटक के बेलगावी में एक केंद्र की स्थापना करके बेरड समाज के विकास के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।

गुजरात के जलाराम बापू एक दूरदर्शी संत हुए। उनके यहां अखंड भंडारा चलता रहता है। राष्ट्र के प्रत्येक कोने में ऐसे आदर्श हमें दिखाई देंगे। एक बार व्यक्ति के मन में सहानुभूति विकसित हो जाए तो वह हजार तरीकों से समाज की सेवा कर सकता है। कोई भी दिव्यांग, मंदबुद्धि, परित्यक्ता, नेत्रहीन, अनाथ आदि किसी को अपनी सेवा के लिए स्वयं नहीं बुलाते। उनके लिए आज हजारों संस्थाएं काम करती दिखाई देती हैं। भोजन दान को पुण्य कार्य मानकर विद्या अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को मधुकरी देने वाले हैं, बिना किसी भेदभाव हर एक को भोजन मिल सके, इसके लिए पीढ़ियों से भंडारा चलाने वाले धार्मिक स्थल भी हैं। गुरुद्वारे लंगर के लिए प्रसिद्ध हैं। छात्रावास, बाल संस्कार केंद्र, वृद्धाश्रम, धर्मार्थ चिकित्सालय आदि चलाए जा रहे हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से प्रेरणा लेकर वनवासी कल्याण आश्रम ने अपना कार्य क्षेत्र जनजातीय समाज को चुना है। इसने हजारों सेवा कार्यों की श्रृंखला खड़ी की है। विश्व हिंदू परिषद भी ऐसी ही सेवा कार्य करने वाली संस्था है। छोटे-छोटे सुदूर गांवों में एकल शिक्षक वाले स्कूल हजारों की संख्या में चलाए जाते हैं।

रा.स्व.संघ ने डॉ. हेडगेवार जन्म शताब्दी वर्ष अर्थात् 1989 से एक स्वतंत्र सेवा विभाग की शुरुआत की थी। इसमें अखिल भारतीय स्तर से लेकर जिला स्तर तक के सेवा संयोजकों की नियुक्ति की गई है। स्वयंसेवकों के द्वारा चलाए जाने वाले सभी सेवा कार्य सेवा भारती के अंतर्गत आते हैं। दुखियों का दुख दूर करने के प्रयत्न करना एक बहुत ही आवश्यक सेवा कार्य है। संत तुकाराम ने एक 'अभंग' में लिखा है-

**जे का रंजले गांजले।**
**त्यासि म्हणजे जो आपुले।**
**तोचि साधू ओळखावा।**
**देव तेथेचि जाणावा।**

सज्जनता या नम्रता मानवता की प्रतीक है। ऐसे सेवा कार्य के लिए आर्थिक सहायता सतत् मिलती जाती है। अखंड भंडारा या अन्नक्षेत्र चलाने वाली धार्मिक संस्थाओं को अनाज की कभी कमी नहीं होती। इस तरह के सेवा कार्य विशेष होते हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने लिए एक अलग बुनियादी सेवा कार्य तय किया है। केवल संगठित समाज ही अपनी सारी समस्याएं सफलतापूर्वक सुलझा सकता है इसीलिए संघ ने हिंदू समाज को संगठित करने का निर्णय लिया है। हिंदू संगठन की बात करने पर कुछ लोगों की भौहें टेढ़ी हो जाती हैं। तो फिर मुसलमानों का क्या, ऐसा विचार उनके मन में आता है। मानो मुसलमानों के बिना हिंदू संगठन का कोई अर्थ ही न हो। ऐसे लोग नहीं समझते कि 'हिंदू संगठन' शब्दों की गहराई और दायरा बहुत बड़ा है। 'हिंदू संगठन' माने-(क) आपसी भाईचारे और स्नेह पर आधारित सामंजस्यपूर्ण समाज। (ख) हर तरह के भेदभाव से मुक्त समाज। (ग) अनैतिकता तथा अस्पृश्यता से मुक्त समाज। (घ) भ्रष्टाचार से मुक्त चरित्रवान समाज। (ड.) समाज को ही परमेश्वर मानकर एवं मानव सेवा को ही ईश्वर सेवा मानने वाला समाज। (च) भारत माता को परम आराध्य मानकर मानव सेवा में रत समाज।

> **यदि कोई आध्यात्मिक उन्नति की सीढ़ी चढ़ना चाहता है तो उसका पहला पायदान होता है सेवा। सेवा भाव प्रत्येक व्यक्ति में जन्म से ही होता है। जो व्यक्ति सेवा करता है, उसकी तुलना मां से की जाती है। यदि कोई भी कार्य मां की सेवा मानकर किया जाए तो कार्य में उत्कृष्टता प्राप्त होती है। यदि किसी भी कार्य को भगवान की सेवा समझें तो सेवा करने वाले को उस कार्य में न केवल उत्तमता प्राप्त होगी बल्कि ऐसी खुशी भी मिलेगी जिसका वर्णन नहीं किया जा सकता। ऐसा करते हुए अहंकार उसे छू भी नहीं पाता। प्रत्येक कार्य को ईश्वरीय कार्य मानकर करें तो हमारी मनोदशा भी वैसी ही बनेगी जैसी संत ज्ञानेश्वर महाराज ने इस 'अभंग' में बताई है-**
>
> **परि हे मिया केले।**
> **की हे माझेनि सिद्धी गेले।**
> **ऐसे नाही ठेविले। वासनेमाजी।**

इसमें संदेह नहीं है कि हिंदू संगठन का विचार समय के साथ विस्तारित होता रहेगा। हिंदू समाज को भारत और विश्व में गौरव का स्थान मिलना ही चाहिए। आदरणीय प.पू. सरसंघचालक डॉ. हेडगेवार व द्वितीय सरसंघचालक प.पू. गुरुजी द्वारा व्यक्त किए गए कुछ विचार देखें तो समझ में आता है कि संघ द्वारा अपने लिए तय किया गया बुनियादी सेवाकार्य अर्थात 'हिंदू संगठन' के कार्य का दायरा कितना विशाल और गहराई कितनी अधिक है।

डॉ. साहब कहते थे कि 'कोई राष्ट्र कितना महान है, यह इस बात पर निर्भर करता है कि उस राष्ट्र का औसत व्यक्ति कितना महान है। संपूर्ण राष्ट्र की जीवन शक्ति इसी बात पर निर्भर होती है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति के मन में सामंजस्यपूर्ण जीवन के लिए रुचि, जुनून और इच्छा पैदा करना ही हमारा ध्येय है, यही हमारी विशेषता है और यही हमारी सफलता की कुंजी है।'

प.पू. गुरुजी का कहना था कि समाज की जीवंतता को नष्ट करने वाले सभी मतभेदों और संघर्षों को दूर करके एक सामंजस्यपूर्ण और एकजुट समाज का निर्माण करना हमारा सर्वोच्च कर्तव्य है। एक सुव्यवस्थित समाज ही अज्ञानता और दरिद्रता का समाधान करने में सक्षम है। इसीलिए हम ऐसे लोग, जो प्रेम भावना से भरे हों, एक दूसरे के सुख-दुःख को समझते हों, सभी के साथ स्नेह और आत्मीयता की भावना से चलते हों और एक दूसरे के कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहते हों, ऐसे लोगों को सुनिश्चित करना हमारा कार्य और कर्तव्य है। हमारे लिए इस भूमि से अधिक पवित्र कुछ भी नहीं है। इस भूमि की धूल का हर कण, हर चेतन-अचेतन वस्तु, हर पत्थर, हर काष्ठ, हर वृक्ष और नदी हमारे लिए पवित्र है। इस भूमि के प्रत्येक व्यक्ति के मन में उत्कट भक्ति हमेशा जाग्रत रहे, ऐसा संघ का प्रयास है। वे कहते थे कि, आइए, हम अपनी जीवनशैली का मार्ग केवल हमारे प्राचीन लोगों द्वारा खोजे गए तथा बुद्धि, अनुभव और इतिहास द्वारा परखे गए शाश्वत सिद्धांतों के आधार पर निर्धारित करें।

संघ शाखा हमेशा यही प्रयत्न करती है कि विचार केवल विचार न रहें, उनके अनुसार आचरण भी किया जाए। संघ शाखा चलाना एक स्वतंत्र श्रेष्ठ सेवा कार्य है। यह बाकी सभी सेवा कार्यों का आधारभूत सेवा कार्य है, अपने में एक व्यापक रचनात्मक कार्य है। संघ मानता है कि मुख्य शिक्षक का कौशल प्राप्त कर रोज तीन-चार घंटे का समय देकर, एक उत्कृष्ट संघ शाखा खड़ी करना बहुत बड़ी देश सेवा है। यह शांतिपूर्वक लगातार किया जाने वाला कार्य है। इसमें विज्ञापन करने जैसा कुछ भी नहीं है। भारत में हिंदू समाज में हमारा जन्म हुआ, यह हमारा सौभाग्य है। हिंदू समाज निर्दोष, संगठित, पूरी तरह समर्थ, वैभव संपन्न हो, इसके लिए प्रयत्न करना हमारा कर्तव्य है। इसी भावना से मुख्य शिक्षक और उनके सहकर्मी काम करते हैं। कोई फूलों का हार नहीं, कोई पुरस्कार नहीं, बस यज्ञ की आहुति की तरह बलिदान। इस समय देशभर में 80 हजार संघ शाखाएं हैं। इस कार्य को खड़ा करने के लिए अनगिनत कार्यकर्ताओं ने अपने समय की आहुति दी होगी!

डॉ. हेडगेवार ने संघ की शाखा स्थापित करने के लिए अपना पूरा जीवन बलिदान कर दिया। वे बच्चों के घर जाते थे। यदि कोई उनसे पूछता था कि 'डॉक्टर, कहां गए थे?' तो वह कहते थे, 'मैं ईश्वर के दर्शन करने गया था।' संघस्थान साफ करना, उस पर रेखांकन करना, यह ईश्वर का कार्य है। 1940 के संघ शिक्षा वर्ग में डॉ. हेडगेवार का समापन भाषण उनका अंतिम भाषण था। उसमें उन्होंने कहा था, 'मैं नागपुर में रहकर भी बीमार होने के कारण आपकी कोई सेवा नहीं कर सका। पुणे के संघ शिक्षा वर्ग में प्रत्येक स्वयंसेवक से मेरा परिचय हुआ। परिचय करना भी समाज रूपी परमेश्वर की सेवा ही है।'

नागपुर के मोहिते का बाड़ा संघ स्थान पर लगने वाली संघ शाखा डॉ. हेडगेवार ने 1925-26 में शुरू की थी। आज 2025 चल रहा है। पिछले 100 वर्ष में शाखाओं को खड़ा करने में कितने मुख्य शिक्षकों ने अपना पसीना बहाया होगा, इसे किसी ने दर्ज नहीं किया। संघ शाखा का अर्थ ही है, लगातार चलने वाला सेवा यज्ञ। 'सेवा है यज्ञ कुंड, समिधा सम हम जलें'। कविता की यह पंक्ति गुनगुनाते स्वयंसेवक पूरे देश में मिलेंगे।

डॉ. हेडगेवार संघ शाखा की तुलना 'पावर हाउस' से करते हैं। लगातार विद्युत की आपूर्ति बनाए रखना महत्वपूर्ण होता है। 'पावर हाउस' चलाने वाले लोग अपना काम छोड़कर कहीं जा नहीं सकते। संघ प्रारंभ होने के बाद डॉ. साहब ने अन्य सभी काम छोड़ दिए थे। श्रीगुरुजी संघ शाखा को कल्पवृक्ष कहते थे। वह कहते थे, 'उसकी छाया में बैठो, सब कुछ मिलेगा। देश के कोने-कोने तक संघ की शाखाओं को पहुंचाओ, सफलता ही सफलता दिखेगी'।

तृतीय सरसंघचालक श्री बालासाहेब देवरस संघ शाखा का वर्णन इस प्रकार करते हैं, 'संघ शाखा केवल खेलने या व्यायाम करने का स्थान नहीं है। यह सज्जनों की सुरक्षा का वादा है। युवाओं को नशा मुक्त रखने का अनुष्ठान है। समाज पर अचानक आने वाले संकट के समय बिना शर्त सहायता प्रदान करने वाला आशा केंद्र है। महिलाओं के लिए निडरता और सभ्य आचरण का वादा है। दुष्ट और राष्ट्र विरोधी शक्तियों के लिए भय निर्माण करने वाली शक्ति है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह ऐसा विश्वविद्यालय है जो सामाजिक जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में योग्य कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण प्रदान करता है।'

प.पू. श्रीगुरुजी कहा करते थे,'राष्ट्रभक्ति की विशुद्ध भावना के आधार पर, भेदभाव को भुलाकर संगठित, तेजस्वी तथा प्रभावशाली समाज जीवन निर्माण करने का महान कार्य हम लोगों ने हाथ में लिया है। राष्ट्र क्या है? इसका ज्ञान हुए बिना राष्ट्रभक्ति पैदा नहीं होती। राष्ट्रभक्ति की भावना के बिना स्वार्थ को तिलांजलि देकर, राष्ट्र के लिए परिश्रम करना संभव नहीं है। इसीलिए विशुद्ध राष्ट्र भावना से परिपूर्ण, श्रद्धायुक्त तथा परिश्रमी लोगों को एक सूत्र में बांधना, एक प्रवृत्ति के लोगों की परंपरा निर्माण करने वाला संगठन खड़ा करना तथा इस



संगठन के बल पर राष्ट्रीय जीवन के सारे दोष समाप्त करने का प्रयत्न करना एक बुनियादी और महत्वपूर्ण कार्य है। यह कार्य इस बात पर निर्भर नहीं करता कि हम अपनी सैकड़ों दैनिक समस्याओं को कैसे सुलझाते हैं? समाज के सभी भेदों को समाप्त कर राष्ट्र भावना से प्रेरित एकरस समाज जीवन निर्माण किया जाए तो अनेक दैनिक और तात्कालिक समस्याएं सरलता से हल हो सकती हैं।' स्पष्ट है कि यह कल्पना ऐसी नहीं है जो कुछ दिन अथवा कुछ वर्ष में साकार की जा सके। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सैकड़ों, हजारों जीवन चाहिए, जो शांति के साथ अनथक प्रयास करते चले जाएं।

## राशिफल

**आज दिनांक 20 अप्रेल, 2025, रविवार, विक्रम संवत् 2082, वैशाख माह, कृष्ण पक्ष सप्तमी, पूर्वा आषाढा नक्षत्र, विष्टी करण, सिद्ध योग, राहुकाल: सायं 5:10 से 6:45 बजे तक, सूर्योदय सुबह 6:05 बजे, सूर्यास्त सायं 6:45 बजे, चंद्रोदय रात 12.33 बजे, चंद्रास्त सुबह 12:15 बजे, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:00 बजे से 12:51 बजे, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:28 से 5:16 बजे तक, चंद्रमा धनु राशि में संचार करेगा।**

मेष: आप अपने सकारात्मक रवैये और आत्मविश्वास की वजह से आस-पास के लोगों को प्रभावित करेंगे। आर्थिक तौर पर सुधार तय है। अगर आप अपनी घरेलू जिम्मेदारियों को अनदेखा करेंगे, तो कुछ ऐसे लोग नाराज हो सकते हैं जो आपके साथ रहते हैं। अचानक मिला कोई सुखद संदेश नींद में आपको मीठे सपने देगा।

वृषभ: आज ऐसी चीजों पर काम करने की जरूरत है, जो आपकी सेहत में सुधार ला सकती हैं। बिना किसी की मदद के भी आप धन कमा पाने में सक्षम हो सकते हैं बस आपको खुद पर विश्वास करने की जरूरत है। लंबे समय के बाद आप भरपूर नींद का मजा ले पाएंगे।

मिथुन: दिन की शुरुआत में ही आज कोई आर्थिक हानि हो सकती है जिससे सारा दिन खराब हो सकता है। घर पर कोशिश करें कि कोई आपकी वजह से आहत न हो और परिवार की जरूरतों के मुताबिक खुद को ढालें। आज घटनाएं अच्छी तो होंगी, लेकिन तनाव भी देंगी,जिससे आप थकान और दुविधा महसूस करेंगे।

कर्क: आज आप ऊर्जा से लबरेज होंगे- जो भी करेंगे उसे आप उससे आधे वक्त में ही कर देंगे,जितना वक्त आप अक्सर लेते हैं। विदेशों में पड़ी आपकी जमीन आज अच्छे दामों में बिक सकती है जिससे आपको मुनाफा होगा। परिवार के सदस्यों का जीवन में विशेष महत्व होगा।

सिंह: आशावादी बनें और उजले पक्ष को देखें। आपका विश्वास और उम्मीद आपकी इच्छाओं व आशाओं के लिए नए दरवाजे खोलेंगी। दिन चढ़ने पर वित्तीय तौर पर सुधार आएगा। घर में उल्लास का माहौल आपके तनावों को कम कर देगा। आप भी इसमें पूरी सहभागिता करें और महज मूकदर्शक न बने रहें।

कन्या: स्वयं को शांत बनाए रखें क्योंकि आज आपको ऐसी कई बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है, जिनके चलते आप काफी मुश्किल में पड़ सकते हैं। खास तौर पर अपने गुस्से पर काबू रखें, क्योंकि यह और कुछ नहीं बल्कि थोड़ी देर का पागलपन है। जल्दबाजी में फैसले न लें- खासतौर पर अहम आर्थिक सौदों में मोलभाव करते वक्त।

तुला: आज के दिन आपको धन लाभ होने की पूरी संभावना है लेकिन इसके साथ ही आपको दान-पुण्य भी करना चाहिए क्योंकि इससे आपको मानसिक शांति मिलेगी। घर में तालमेल बनाए रखने के लिए साथ में मिलकर काम करें।

वृश्चिक: सेहत के बारे में जरूरत से ज्यादा चिंता न करें। निश्चिंतता बीमारी की सबसे बड़ी दवा है। अगर अपने घर के किसी सदस्य से उधार लिया था तो उसे आज लौटा दें नहीं तो आपके खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर सकता है।

धनु: आपकी शोहरत बढ़ेगी और आप आसानी से दूसरे लिंग के लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करेंगे। आज आपको अपने कामों को समय पर निपटाने की कोशिश करनी चाहिए। ख्याल रखें कि घर पर आपका कोई इंतजार कर रहा है जिसको आपकी जरूरत है।

मकर: आज के दिन धन हानि होने की संभावना है इसलिए लेन-देन से जुड़े मामलों में जितना आप सतर्क रहेंगे उतना ही आपके लिए अच्छा रहेगा। दिन के उत्तरार्ध में अचानक आई कोई अच्छी खबर पूरे परिवार को खुशी देगी।

कुंभ: आपका ऊर्जा-स्तर ऊंचा रहेगा। जिन लोगों ने किसी से उधार लिया है उन्हें आज किसी भी हालत में चुकाना पड़ सकता है जिससे आर्थिक स्थिति थोड़ी कमजोर हो जाएगी। प्रभावशाली और महत्वपूर्ण लोगों से परिचय बढ़ाने के लिए सामाजिक गतिविधियां अच्छा मौका रहेंगी।

मीन: अपने लिए पैसा बचाने का आपका ख्याल आज पूरा हो सकता है। आज आप उचित बचत कर पाने में सक्षम होंगे। पड़ोसियों से झगड़ा आपका मूड खराब कर सकता है। लेकिन अपना आपा न खोएं, इससे सिर्फ आग और भड़केगी। अगर आप सहयोग न करें, तो कोई आपसे नहीं झगड़ सकता है।

## कौवे की परेशानी

प्रेरक प्रसंग

**एक** कौआ जंगल में रहता था और अपने जीवन से संतुष्ट था। एक दिन उसने एक हंस को देखा, 'यह हंस कितना सफेद है, कितना सुंदर लगता है।' उसने मन ही मन सोचा। उसे लगा कि यह सुंदर हंस दुनिया में सबसे सुखी पक्षी होगा, जबकि मैं तो कितना काला हूं! यह सब सोचकर वह काफी परेशान हो गया और उससे रहा नहीं गया, उसने अपने मनोभाव हंस को बताए। हंस ने कहा-'वास्तिकता ऐसी है कि पहले मैं खुद को आसपास के सभी पक्षियों में सुखी समझता था। लेकिन जब मैंने तोते को देखा तो पाया कि उसके दो रंग हैं तथा वह बहुत ही मीठा बोलता है। तब से मुझे लगा कि सभी पक्षियों में तोता ही सुंदर तथा सुखी है।' अब कौआ तोते के पास गया। तोते ने कहा-'मैं सुखी जिंदगी जी रहा था, लेकिन जब मैंने मोर को देखा तब मुझे लगा कि मुझमें तो दो रंग ही हैं, परन्तु मोर तो विविधरंगी है। मुझे तो वह ही सुखी लगता है।' फिर कौआ उड़कर प्राणी संग्रहालय गया। जहां कई लोग मोर देखने एकत्र हुए थे। जब सब लोग चले गए तो कौआ उसके पास जाकर बोला-'मित्र, तुम तो अति सुंदर हो। कितने सारे लोग तुम्हे देखने के लिए इकट्ठे होते हैं। प्रतिदिन तुम्हे देखने के लिए हजारों लोग आते हैं! जब कि मुझे देखते ही लोग मुझे उड़ा देते हैं। मुझे लगता है कि अपने इस ग्रह पर तो तुम ही सभी पक्षियों में सबसे सुखी हो।'

मोर ने गहरी सांस लेते हुए कहां-'मैं हमेशा सोचता था कि 'मैं इस पृथ्वी पर अतिसुंदर हूं, मैं ही अतिसुखी हूं।' परन्तु मेरे सौंदर्य के कारण ही मैं यहां पिंजरे में बंद हूं। मैंने सारे प्राणियों को गौर से देखा तो मैं समझा कि 'कौआ ही ऐसा पक्षी है जिसे पिंजरे में बंद नहीं किया जाता।' मुझे तो लगता है कि काश मैं भी तुम्हारी तरह एक कौआ होता तो स्वतंत्रता से सभी जगह घूमता-उड़ता, सुखी रहता।'

मित्रों, यही तो है हमारी सब की समस्या। हम अनावश्यक ही दूसरों से अपनी तुलना किया करते हैं और दुखी-उदास बनते हैं। हम कभी हमें जो मिला होता है उसकी कद्र नहीं करते इसीके कारण दु:ख के विषचक्र में फंसे रहते हैं। प्रत्येक दिन को भगवान की भेंट समझ कर आनंद से जीना चाहिए। सुखी होना तो सब चाहते हैं लेकिन सुखी रहने के लिए सुख की चाबी हाथ करनी होगी तथा दूसरों से तुलना करना छोड़ना होगा। क्योंकि तुलना करना दु:ख को न्योता देने के समान है।

## सुडोकु 2085

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | | 5 |
| 5 | | 2 | 6 | 9 | | | | |
| | | | 3 | | | | | |
| | | | | | 1 | 6 | | |
| | | 4 | 2 | 8 | | | 3 | |
| 9 | | | 4 | | | 2 | | |
| 8 | | | 7 | | 2 | | | 1 |
| 1 | | | | | | | | 4 |
| | 3 | | | | | | | |

**संकेत:** आड़े, खड़े व 3 गुणा 3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। उत्तर अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा।

### सुडोकु 2084 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 5 | 3 | 1 | 2 | 6 | 4 | 7 | 8 |
| 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 5 | 3 | 6 |
| 4 | 6 | 8 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 2 |
| 6 | 8 | 1 | 4 | 9 | 3 | 7 | 2 | 5 |
| 2 | 9 | 4 | 5 | 7 | 1 | 8 | 6 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 4 |
| 5 | 1 | 6 | 7 | 3 | 4 | 2 | 8 | 9 |
| 7 | 4 | 2 | 8 | 6 | 9 | 3 | 5 | 1 |
| 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 4 | 7 |

# सूर्य-शुक्र-शनि की युति से बना एकादशांश योग, कई राशियों की चमकेगी किस्मत

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** हिंदू धर्म और ज्योतिष शास्त्र में ग्यारह की संख्या को बहुत शुभ माना जाता है। इस अंक के स्वामी भगवान विष्णु हैं।

जब किसी कुंडली में दो ग्रहों के बीच का कोण लगभग 32.73 डिग्री होता है, तो इस विशेष कोणीय संबंध को एकादशांश या ग्यारहांश योग कहते हैं। यह ज्योतिष शास्त्र में एक सूक्ष्म लेकिन महत्वपूर्ण योग है, जो ग्रहों के बीच के संबंध को दर्शाता है। इस योग को एकादशांश योग कहा जाता है। एक विशिष्ट ज्योतिषीय गणना के अनुसार सूर्य, शुक्र और शनि ने शुक्रवार-शनिवार को मिलकर इस योग का निर्माण किया है। यह एक दुर्लभ योग है, और इसके प्रभाव को समझना महत्वपूर्ण है।

## ऐसे बनता है एकादशांश योग

ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि एकादशांश योग बनने की प्रक्रिया गणितीय ज्योतिष पर आधारित है। पूरे राशि चक्र में 360 डिग्री होते हैं, और जब इन्हें 11 बराबर हिस्सों में बांटा जाता है, तो हर हिस्सा लगभग 32.73 डिग्री का बनता है। इस 32.73 डिग्री के कोणीय अंतर को ही एकादशांश योग कहा जाता है। ज्योतिष के अनुसार, जब दो ग्रह इस 32.73 डिग्री के फासले पर होते हैं, तो उनके बीच बनने वाला कोणीय योग और परस्पर दृष्टि एकादशांश योग कहलाता है।

■ **मेष राशि :** एकादशांश योग मेष राशि वालों के लिए करियर में उत्कृष्ट प्रगति के संकेत दे रहा है। सूर्य और शनि का संयोग आपके कार्यक्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार करेगा, जिससे आप अपने लक्ष्यों के प्रति और अधिक केंद्रित और समर्पित महसूस करेंगे। यह समय आपके लिए कार्यक्षेत्र में सफलता प्राप्त करने का है। शुक्र की कृपा से रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। हालांकि आपको जल्दबाजी से बचने की जरूरत हैं और संभव हो तो धैर्यपूर्वक काम करें। केवल लंबी अवधि के दृष्टिकोण से सफलता मिलने की संभावना है। इसलिए यदि आप अपनी मेहनत और संयम से काम करते हैं, तो आपको दीर्घकालिक सफलता का फल मिलेगा।

■ **वृषभ राशि :** वृषभ राशि वालों के लिए एकादशांश योग एक मजबूत आर्थिक स्थिति का संकेत दे रहा है। शुक्र और शनि का संयोग नए आय स्रोतों को खोल सकता है, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। इसके साथ ही, प्रेम संबंधों में भी मिठास और सामंजस्य बढ़ेगा। जीवनसाथी या प्रेमी के साथ तालमेल बेहतर होगा और आपके रिश्तों में नयापन और गर्माहट आएगी। इसके अतिरिक्त , आध्यात्मिक गतिविधियों में भाग लेने से आपके मन को शांति मिलेगी, जिससे आंतरिक संतुष्टि और मानसिक शांति का अनुभव होगा। यह समय आपके जीवन को संतुलित और सुखद बना सकता है।

■ **कर्क राशि :** कर्क राशि वालों के लिए एकादशांश योग पारिवारिक सुख और रिश्तों में सुधार का संकेत देता है। यह समय आपके परिवार के साथ बेहतर संबंध स्थापित करने का है। रिश्तों में मधुरता आएगी और आपके घर का माहौल भी सुखद रहेगा। नए सहयोगी मिल सकते हैं जो आपके कार्यों में सहायक साबित होंगे। स्वास्थ्य के मामले में भी सुधार की संभावना है, खासकर पुरानी बीमारियों से राहत मिलने का योग है। इस समय कोई शुभ समाचार भी प्राप्त हो सकता है, जिससे उत्साह और ऊर्जा का संचार होगा। आपका मानसिक दृष्टिकोण सकारात्मक रहेगा।

■ **कुंभ राशि :** कुंभ राशि वालों के लिए एकादशांश योग कार्यक्षेत्र में सफलता का संकेत दे रहा है। आपके विचारों और प्रयासों की सराहना होगी। आप अपने कार्यों में अलग पहचान बना सकते हैं। इस समय तकनीकी क्षेत्र में विशेष सफलता प्राप्त होने की संभावना है। शनि की कृपा से आपकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी और धन संबंधी चिंताएं कम होंगी। यह समय आपको अपनी सामाजिक स्थिति को मजबूत करने और नए अवसरों को पहचानने का है।

## हज यात्रा : पहले दिन 300 से ज्यादा यात्रियों ने कराया टीकाकरण



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** हज के सफर पर जाने वाले हज यात्रियों के लिए गाइडेंस और टीका कारण कैंप रामगढ़ रोड स्थित हज हाउस में लगाया गया। पहले दिन तीन सौ से ज्यादा हज यात्रियों का टीकाकरण हुआ। दो दिन चलने वाले इस कैंप में जयपुर के अलावा आसपास के जिलों के हज यात्री टीकाकरण करवाएंगे। इस मौके पर हज कमेटी ई ओ अबूसूफियान चौहान ने कहा कि सफर की तैयारी करीब करीब पूरी हो चुकी है। गर्मी को देखते हुए हाजियों के लिए एयरपोर्ट पर वातानुकूलित डोम लगाया गया है। बाहर से आने वाले हाजियों का ठहरने का इंतजाम हज हाउस में किया गया। उन्होंने कहा कि पहली फ्लाइट एक मई को जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से रवाना होगी। बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष एम सादिक ने कहा कि टीकाकरण कैंप हाजियों में सुकून के साथ टीकाकरण करवाया। उन्होंने अपील की कि यात्री टाइम पर पहुंचे जिससे किसी को कोई परेशानी न हो।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव : शोभायात्रा के लिए दिया मोतीडूंगरी गणेशजी को आमंत्रण



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** चिंरजीवी भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 29 अप्रेल को विद्याधरनगर स्थित भगवान परशुराम सर्किल से शाम साढ़े छह बजे रवाना होने वाली अष्टम ध्वज शोभायात्रा के लिए शनिवार को प्रथम पूज्य मोतीडूंगरी गणेशजी को निमंत्रण दिया गया। बड़ी संख्या में विप्र बंधुओं ने शोभायात्रा के निर्विघ्न रूप से संपन्न होने की कामना के साथ विघ्न विनाशक गणपति की पूजा-अर्चना की। आयोजन से जुड़े गोपाल शर्मा ने बताया कि पोस्टर विमोचन के मौके पर वार्ड नंबर 15 की पार्षद डॉ. मीनाक्षी शर्मा, सुधीर शर्मा, नगेन्द्र वशिष्ठ, विद्याधर शर्मा, विरेन्द्र शर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

गोपाल शर्मा ने बताया कि गाजे-बाजे, लवाजमे के साथ निकलने वाली शोभायात्रा में मुख्य रथ पर भगवान परशुराम जी विराजमान रहेंगे। ब्राह्मण समाज के विभिन्न संगठनों के लोग हाथों में ध्वज लेकर चलेंगे। इससे पूर्व शाम छह बजे भगवान परशुराम जी की महाआरती होगी। शोभायात्रा अलका सिनेमा, रोड नंबर दो, लाल डिब्बा चौराहा, मुरलीपुरा सर्किल, केडिया पैलेस चौराहा होते हुए रामेश्वरधाम स्थित गौड़ विप्र समाज भवन पहुंचेगी। यहां पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया जाएगा। शोभायात्रा में समाज के जन प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे।

## इंटरनेशनल गीता ओलंपियाड 2025 आज

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** गीता के दिव्य ज्ञान से लोगों के जीवन में प्रकाश लाने के लिए जयपुर के गुप्त वृन्दावन धाम की ओर से रविवार को इंटरनेशनल गीता ओलंपियाड 2025 का आयोजन किया जाएगा। यह ऑनलाइन प्रतियोगिता एक साथ भारत के कई राज्यों, जिलों और शहरों से जुड़ने वाले हजारों प्रतिभागियों के बीच होगी।



इंटरनेशनल गीता ओलंपियाड-2025 में परीक्षार्थियों से भगवद् गीता के अध्याय 7 से 12 तक के शुद्ध श्लोक, अर्थ और तात्पर्य पर आधारित 100 बहु विकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। समय सीमा एक घंटा होगी। गुप्त वृन्दावन धाम के मीडिया प्रभारी सिद्ध स्वरूप दास ने बताया कि परीक्षार्थियों को गुप्त वृंदावन धाम के भक्तों द्वारा संचालित स्कूल ऑफ गीता के माध्यम से ऑनलाइन क्लासेस, यूट्यूब वीडियो प्लेलिस्ट, और अभ्यास प्रश्नपत्र उपलब्ध कराए गए हैं। परीक्षा का माध्यम हिंदी और अंग्रेजी दोनों रहेगा। विजेताओं को एक जून को एक लाख रुपए तक के नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

## बाबा श्याम का सजा मनमोहक दरबार

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** म्हारे घरां पधारो श्याम संस्था की ओर से मानसरोवर के सेक्टर 11 स्थित सर्वानंद पार्क में शनिवार को श्री श्याम भजनोत्सव का आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष रतन कट्टा ने बताया कि इस अवसर पर बाबा श्याम का मनमोहक दरबार सजाकर छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। बाबा को ठंडी तासीर वाले व्यंजनों का भोग लगाया गया। पुरुषोत्तम महाराज, महामंडलेश्वर मनोहर दास महाराज, गोपीनाथ जी मंदिर के खाटू धाम के पुजारी रामगोपाल व्यास के सान्निध्य में बाबा श्याम की पूजा-अर्चना कर महाआरती की गई। गायक कलाकारों ने भजनों से बाबा श्याम को रिझाया। इस अवसर पर केके पालीवाल, गोविंद पालीवाल, विनोद पालीवाल ने अतिथियों को सम्मानित किया।

# महापुरुषों-शहीदों को याद कर अर्पित की आहुतियां

## 24 कुंडीय शक्ति संवर्द्धन गायत्री महायज्ञ की महा पूर्णाहुति







महानगर संवाददाता

**जयपुर।** आगरा रोड स्थित ग्रीन पार्क पंचमुखी महादेव मंदिर में शनिवार को 24 कुंडीय शक्ति संवर्द्धन गायत्री महायज्ञ की महा पूर्णाहुति हुई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गायत्री और यज्ञ के संदेश को जीवन में उतारने का संकल्प लिया। दो पारियों में श्रद्धालुओं ने यज्ञ की ऊर्जा से प्राणवान बने वातावरण में विश्व मंगल की कामना के साथ यज्ञ देवता को गायत्री, महामृत्युंजय महामंत्र सहित अनेक मंत्रों से आहुतियां प्रदान की। लोगों ने गर्मी में पक्षियों के लिए परिंडे लगाने, पेड़-पौधों में पानी देने, जूठन नहीं छोड़ने, मोबाइल का अत्यधिक उपयोग नहीं करने, नशा छोड़ने, सूर्य भगवान को अर्घ्य देने का संकल्प भी लिया।

मां गायत्री, गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य, भगवती देवी शर्मा के पंचोपचार पूजन के बाद उद्गाता बंधुओं ने प्रज्ञागीतों की सरस प्रस्तुतियों से वातावरण को सरस बना दिया। प्रारंभ में गायत्री परिवार राजस्थान जोन समन्वयक ओमप्रकाश अग्रवाल, ट्रस्टी सतीश भाटी, गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के व्यवस्थापक सोहन लाल शर्मा, राजवीर सिंह, रामकिशोर शर्मा, महावीर माहेश्वरी सहित परिष्ठ प्रतिनिधियों ने देव पूजन किया। कार्यक्रम संयोजक अनिल खंडेलवाल ने बताया कि शांतिकुंज हरिद्वार से आए टोली नायक प्रभाकांत तिवारी ने हवन को जीवन में अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यज्ञ का अर्थ दान, देव पूजन और संगतिकरण है। समाज में मिल जुलकर रहना भी यज्ञ है। इसलिए चार दिन जो यज्ञ किया उसे घर पर नियमित रूप से करना। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों का विद्यारंभ संस्कार यज्ञ के माध्यम से कराया गया। प्रभाकांत तिवारी ने कहा कि जो बच्चे नियमित रूप से गायत्री महामंत्र का जप करते हैं वे मेधावी और प्रज्ञावान बनते हैं। गायत्री महामंत्र पर दिल्ली एम्स में सफल शोध हो चुका है।

### भगवान को अध्यात्म का खिलौना बना लिया

एक अन्य प्रसंग में उन्होंने कहा कि हमने भगवान को अध्यात्म का खिलौना बना लिया है। हम सभी में भगवान से मांगने की प्रवत्ति बनी हुई हैं। यदि आप भगवान से कुछ मांगना चाहते हो तो अपने लिए नहीं सभी के लिए स्वास्थ्य, कल्याण, राष्ट्र कल्याण के लिए भी कुछ मांगना चाहिए। भगवान श्रद्धा और भाव के भूखे हैं। जब हम यज्ञ में आहुतियां देते हैं यदि उसे भावनाओं से अर्पित करें तो हजार गुना अधिक हो जाती हैं। यज्ञ स्थल पर पीतांबर धारी परिजनों ने अनिष्ठ निवारण एवं शहीदों की आत्मशांति के लिए यज्ञ में आहुतियां दीं। तिवारी ने कहा कि गायत्री साधना के लिए गायत्री मंत्र लेखन या 5 गायत्री चालीसा अवश्य करें। उन्होंने कहा कि यदि 10 करोड़ लोग प्रतिदिन 1 घंटे साधना करें तो उसके असर परमाणु बम से भी हजार गुना अधिक है।

### गुरु ईश वंदना से हुआ शुभारंभ

प्रारंभ में गुरु ईश वंदना, साधनादिपवित्रीकरण, मंगलाचरण, षट्कर्म, पृथ्वी पूजन, संकल्प, चंदन धारण के बाद कलाई पर रक्षा सूत्र बंधवाया गया। इसके बाद अखिल ब्रह्मांड के प्रतीक कलश का पूजन किया गया। कलश प्रार्थना के बाद चेतना के प्रतीक दीप का पूजन किया गया। समवेत स्वर में गुरु, मां गायत्री, प्रथम पूज्य गणपति सहित 33 देवी-देवताओं का भाव पूर्वक आह्वान किया गया। नवग्रह, सर्वतोभद्र, वास्तु मंडल का भी पूजन किया गया।

सर्वदेव नमस्कार कर सभी आह्वावित देवी-देवताओं का षोडशोपचार पूजन किया गया। सभी के कल्याण की कामना के साथ अक्षत और पुष्प से स्वस्तिवाचन किया गया। रक्षाविधान, अग्निस्थापन, गायत्री स्तवन, अग्नि प्रदीपन, समिधाधान, जल प्रसेचन, आज्याहुति का क्रम पूरा कर गायत्री और महामृत्यु मंत्र से आहुतियां प्रदान की गई। यज्ञ में हुई भूलों की क्षमायाचना के रूप में मीठे व्यंजन की आहुति के साथ स्विष्टकृत्होम किया गया। एक बुराई छोड़ने और एक अच्छाई ग्रहण करने के संकल्प के साथ पूर्णाहुति हुई। इसके बाद वसोर्धारा, आरती, घृतावघ्राण, भस्मधारण, क्षमा प्रार्थना, साष्टांग नमस्कार, शुभकामना, पुष्पाजंलि, शांति-अभिषिंचन, सूर्यार्घ्यदान, प्रदक्षिणा का क्रम पूरा हुआ। यज्ञ का संचालन मणिशंकर पाटीदार ने किया।

## विप्र फाउंडेशन युवा के प्रदेशाध्यक्ष बने मुकेश शर्मा

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** विप्र फाउंडेशन ने जयपुर जोन में युवा प्रदेशाध्यक्ष का दायित्व मुकेश शर्मा काका को सौंपा है। विप्र फाउंडेशन युवा के राष्ट्रीय समन्वयक मनोज पांडे ने शर्मा को यह दायित्व पत्र सौंपा। सामाजिक सरोकारों में सदैव अग्रणी रहने के कारण काका के नाम से ख्याति प्राप्त मुकेश शर्मा जयपुर नगर निगम ग्रेटर के वार्ड 71 से पार्षद भी हैं। उन्हें मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा टीम में प्रमुख कार्यकर्ता के रूप में जाना जाता हैं। युवा प्रदेशाध्यक्ष मुकेश शर्मा काका का सांसद मंजू शर्मा, सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा सहित अनेक सामाजिक संगठनों ने नियुक्ति की बधाई प्रेषित कर उनका अभिनंदन एवं स्वागत किया।




## गोविंददेवजी मंदिर में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ संस्कारोत्सव आज

**ठाकुरजी के समक्ष भारतीय संस्कृति के अनुसार मनाएंगे जन्मदिन संस्कार**

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** पाश्चात्य संस्कृति के अनुसार केक काटकर और मोमबत्ती बुझाने के बजाय भरतीय संस्कृति के अनुसार जन्मदिन संस्कार मनाने की परम्परा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आराध्य देव गोविंददेवजी मंदिर में रविवार को सुबह आठ से दस बजे तक संस्कारोत्सव-2025 का आयोजन किया जाएगा। इसमें जन्मदिन संस्कार को भारतीय तरीके से मनाने पर जोर दिया जाएगा।

प्रायोगिक रुप से कई लोगों का जन्मदिन संस्कार मनाया भी जाएगा। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में होने वाले संस्कारोत्सव को गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी की टोली संपन्न कराएंगी। मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि इस मौके पर नौ कुंडीय निशुल्क गायत्री महायज्ञ का आयोजन भी किया जाएगा। यह संस्कार पूरी तरह निशुल्क होगा। किसी भी तरह के सामान लाने की आवश्यक्ता नहीं है। गायत्री परिवार राजस्थान के समन्वयक ओमप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि गायत्री परिवार की ओर से सभी संस्कार शक्तिपीठों पर यज्ञ के साथ कराए जाते हैं। गोविंद देवजी मंदिर में भी हर रविवार को जन्मदिन और विवाह दिवस संस्कार मनाने का क्रम शुरू किया है।

ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसका लाभ उठाना चाहिए।

### ऐसे मनाएंगे जन्म दिन संस्कार

सर्व प्रथम मानव देह प्राप्त होने का महत्व बताया जाएगा। इसके बाद पंच तत्व पृथ्वी, जल, आकाश, अग्नि और वायु का पूजन करवाया जाएगा। नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ में विशेष आहुतियां प्रदान करवाई जाएंगी। उपस्थित लोग पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद प्रदान करेंगे। गायत्री परिवार की ओर से निशुल्क उपहार प्रदान किए जाएंगे। इस मौके पर भविष्य में केक काटकर, मोमबत्ती बुझाकर जन्मदिन नहीं मनाने का संकल्प कराया जाएगा।

## ज्ञान-वैराग्य-भक्ति से ही मिलेगी प्रभु की शरणागति: मदन मोहन दास



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** व्यक्ति के जीवन में जब ज्ञान, वैराग्य और भक्ति का समावेश हो जाता है तो ठाकुरजी की शरणागति अवश्य प्राप्त होती है।

ये उद्गार वृंदावन की धीर समीर पीठ के महंत मदन मोहन दास जी महाराज ने शनिवार को सुभाष चौक पानो का दरीबा स्थित श्री शुक संप्रदाय की आचार्य पीठ श्री सरस निकुंज में श्रीमद्भगवद् कथा ज्ञान महायज्ञ के शुभारंभ के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भक्ति के बिना भगवान कभी नहीं रीझते। इससे पूर्व श्री शुक सम्प्रदाय पीठाधीश अलबेली माधुरी शरण जी महाराज के सान्निध्य में सिंह द्वार से भागवत जी को सिर पर धारण कर निकुंज परिसर लाया गया। मुख्य देहली पूजन कर पुष्प वर्षा के बीच भागवत जी को व्यासपीठ पर विराजमान किया। विधि विधान से पूजन-अर्चन किया गया। मदन मोहन दास जी महाराज ने भागवत कथा के महात्म्य का श्रवण कराते हुए कहा कि कथा श्रवण से मन का शुद्धिकरण होता है। इससे संशय दूर होता है और शांति और मुक्ति मिलती है। इसलिए सद्गुरु की पहचान कर उनका अनुकरण एवं निरंतर हरि स्मरण, भागवत कथा श्रवण करने की जरूरत है। श्रीमद्भगवद् कथा श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक एवं आध्यात्मिक विकास होता है। श्री सरस परिकर के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि आचार्य महामुनीन्द्र शुकदेव महाराज की जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित श्रीमद्भगवद् कथा 26 अप्रेल तक प्रतिदिन अपराह्व तीन से शाम साढ़े छह बजे तक होगी। मुख्य जन्मोत्सव बधाई गायन 27 अप्रेल को दोपहर बारह से शाम छह बजे तक होगा।

# यूनेस्को ने दर्ज की अपने विश्व स्मृति रजिस्टर में 74 नई एंट्री

## श्रीमद्भगवद् गीता-नाट्यशास्त्र मेमोरी ऑफ वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल, सनातन से जुड़ी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने जताया गर्व

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** महाभारत में भगवान कृष्ण के उपदेश पर आधारित श्रीमद्भगवद् गीता और भरत मुनि रचित नाट्यशास्त्र को यूनेस्को ने अपनी मेमोरी ऑफ वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल किया है।

यूनेस्को ने अपने विश्व स्मृति रजिस्टर में 74 नई एंट्री दर्ज की हैं। इनमें श्रीमद्भगवद् गीता और भरतमुनि के नाट्यशास्त्र भी शामिल हैं। इस रजिस्टर में मानवता की अभिलेखीय विरासत के रूप में पुस्तकें पांडुलिपियां, नक्शे, तस्वीरें, ध्वनि या वीडियो रिकार्डिंग शामिल की जाती हैं। सनातन से जुड़ी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने इस पर गर्व प्रकट किया है। स्वामी अवधेशाचार्य महाराज ने कहा कि सहस्त्राब्दियों से मानव सभ्यता और चेतना को पोषित कर रही श्रीमद्भगवद् गीता और भरत मुनि के नाट्यशास्त्र का यूनेस्को के विश्व स्मृति रजिस्टर में अंकित होना हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है। यह अभूतपूर्व सम्मान भारत की अनुपम आध्यात्मिक चेतना, अद्वितीय मेधा, शाश्वत ज्ञान परंपरा, कालजयी कलात्मक प्रतिभा तथा समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक मान्यता है। श्री शुक संप्रदाय पीठाधीश अलबेली माधुरी शरण महाराज ने कहा कि यह भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा और सांस्कृतिक धरोहर के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह भारत के शाश्वत ज्ञान-सोतों को वैश्विक मंच पर मान्यता दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। श्रीमद्गवद् गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि यह जीवन-दर्शन, नीति, कर्तव्यबोध और अध्यात्म का गहन संदेश देने वाला महाग्रंथ है। रंगकर्मी सर्वेश भट्ट ने कहा कि भरतमुनि का नाट्यशास्त्र केवल रंगमंच की कला का शास्त्र न होकर, भारतीय काव्यशास्त्र, सौन्दर्यशास्त्र और संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसमें मनुष्य के भावों, अभिनय और रस की सूक्ष्म व्याख्या की गई है। यह पहल नई पीढ़ी को भी भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगी।

### संपूर्ण मानवता के लिए गौरव

जगद्गुरु रामानंदाचार्य संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. विनोद शास्त्री ने कहा कि श्रीमद्भगवद् गीता और भरत मुनि के नाट्यशास्त्र का यूनेस्को के मेमोरी ऑफ वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल होना न केवल भारत, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए गौरव का विषय है। यह हमारे प्राचीन ज्ञान, दार्शनिक दृष्टिकोण और सास्कृतिक परंपराओं की अमरता का प्रमाण है। श्रीमद्गवद् गीता ने जहां जीवन के गूढ़ प्रश्नों का उत्तर दिया है, वहीं नाट्यशास्त्र ने कला और रंगमंच को विज्ञान का आधार प्रदान किया है। यह निर्णय हमारे ग्रंथों को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाएगा और आने वाली पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जोड़ने में सहायक बनेगा।

विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री राजाराम ने कहा कि श्रीमद्गवद् गीता और भरत मुनि के नाट्यशास्त्र का यूनेस्को के मेमोरी ऑफ वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल होने से दोनों ग्रंथों के संरक्षण में काफी सहायता मिलेगी। डिजिटलीकरण से जनसुलभता होगी। वैश्विक शोधकर्ताओं का ध्यान आकर्षित होगा। देश की सांस्कृतिक और बौद्धिक छवि को मजबूती मिलेगी।

ज्योतिषाचार्य डॉ. राजानंद शास्त्री ने कहा कि यह शाश्वत ज्ञान और कलात्मक प्रतिभा का भी सम्मान है। ये कालातीत रचनाएं साहित्यिक खजाने से कही अधिक है। इसे लेकर संस्कृत समाज में हर्ष है।


आपके शहर बस्सी में राजस्थान का सबसे बड़ा शॉपिंग फेस्टिवल
महानगर टाइम्स मीडिया पार्टनर के साथ
निशुल्क प्रवेश
दिनांक 17 अप्रैल 2025 से
राजस्थान
मेगा
ट्रेड फेयर
RAJ EVENT'S
चन्द्र मोहन मीणा
विधान सभा क्षेत्र बस्सी
भाजपा प्रत्याक्षी
- पता -
मैन बस स्टैंड, SBI बैंक
के पीछे, बस्सी, जयपुर
खाना-पीना
मनोरंजन
खरीदारी
BDS GRAP
विभिन्न प्रकार के आसमान छूते झूले
सभी उत्पाद एक छत के नीचे...
विशेष आर्कषण
देश-विदेश के लजीज व्यजनों से महकता
FOOD COURT
विभिन्न प्रकार के आसमान छूते झूले व बच्चों के झूले
AMUSEMENT ZONE
• इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद • कृषि सम्बन्धी यंत्र • FMCG
• फैशन परिधान • गारमेन्ट्स • हैण्डलूम
• हैण्डीक्राफ्ट्स • सौन्दर्य उत्पाद • फर्नीचर
• इंटीरियर्स • हैल्थ व फिटनेस प्रोडक्ट्स
RAJ EVENTS, राजकुमार शर्मा मो.9462077795

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 1.57 अरब डॉलर बढ़कर 677 अरब डॉलर पार




महानगर संवाददाता

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 11 अप्रेल को समाप्त सप्ताह में 1.57 अरब डॉलर बढ़कर 677.83 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बताया कि लगातार छठे सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि हुई है। चार अप्रेल को समाप्त पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 10.87 अरब डॉलर बढ़कर 676.27 अरब डॉलर हो गया था। सितंबर 2024 में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.89 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 11 अप्रेल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 89.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर बढ़कर 574.98 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 63.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 79.99 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 60 लाख करोड़ डॉलर घटकर 18.36 अरब डॉलर रहा। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास भारत का आरक्षित भंडार 4.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.50 अरब डॉलर हो गया।

## वर्कशॉप्स और स्टोरीटेलिंग का क्यूरेटेड एक्सपीरियंस



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर में एक भावपूर्ण और सुंदर आयोजन देखने को मिला, जहां बच्चों, माता-पिता, कलाकारों और शिक्षकों ने मिलकर क्रिएटिविटी, कनेक्शन और जागरूक पेरेंटिंग का उत्सव मनाया। इस दिन की शुरुआत लेखिका और कलाकार रोहिणी सिंह के नेतृत्व में एक रोचक पोस्टकार्ड मेकिंग सेशन के साथ हुई। इस सत्र में अलग-अलग उम्र के बच्चों ने छोटे संदेशों और विजुएल स्टोरीटेलिंग के बारे में सीखा और इसके महत्व को जाना। यह अवसर था बच्चों के लिए विचारपूर्वक तैयार किए गए ब्रांड 'कार्री' के लॉन्च कार्यक्रम का, जो 19 और 20 अप्रेल को जयपुर में होटल नारायण निवास के कनोता कोर्टयार्ड स्थित हाउस ऑफ हिडन ट्रेजर्स में आयोजित किया जा रहा है।

इसके बाद डूडल आर्ट वर्कशॉप का आयोजन हुआ, जिसका संचालन फाउंडर और कलाकार हर्षी अग्रवाल द्वारा किया गया। इस सत्र में बच्चों ने अपनी कल्पनाओं को आत्म-अभिव्यक्ति के माध्यम से उजागर किया। इस बीच, पूरे दिन लाइव पेंटिंग सेशंस और कैप पेंटिंग जैसी मजेदार एक्टिविटीज चलती रहीं, जिसमें बच्चों और माता-पिता ने मिलकर यादगार चीजें बनाई, जो बचपन की मस्ती और भावनाओं को समेटने वाली खास याद बन गईं। कार्री की फाउंडर, हर्षी अग्रवाल ने कहा, यह लॉन्च क्रिएटिविटी, चाइल्डहुड और पैरेंटहुड का उत्सव है - जो माता-पिता, बच्चों, कलाकारों और शिक्षकों को एक साथ लाया है। हमारा उद्देश्य है कि समुदाय को कार्री के अनुभव से जोड़ा जाए, सिर्फ एक ब्रांड के तौर पर नहीं, बल्कि एक ऐसे मूवमेंट के रूप में जो बच्चों के साथ और भी बेहतर, समझदारी भरे और जागरूक रिश्तों को बढ़ावा दे। यह आयोजन पेरेंटिंग, बचपन और जागरूक जीवनशैली को लेकर बातचीत को प्रोत्साहन देता है, जिससे कि एक सहयोगी समुदाय तैयार हो जो इन मूल्यों को अपनाए और आगे बढ़ाए।

प्री-लॉन्च इवेंट के तहत, 15 अप्रेल को वर्ल्ड आर्ट डे के मौके पर एक खास आर्ट एक्टिविटी आयोजित की गई। डूडल द बीएमडब्ल्यू, जिसमें बच्चों को एक कार को कैनवास बनाकर खुलकर अपनी रचनात्मकता दिखाने का मौका मिला। यह पहल कला की सबसे स्वाभाविक और दिल से निकली अभिव्यक्ति का उत्सव थी। इसके बाद 17 अप्रेल की शाम एक बेहद भावपूर्ण अनुभव लेकर आई, जब टीम ने हाथी गांव के बच्चों के साथ समय बिताया।

### सुरक्षित निवेश के लिहाज से निवेशकों का भरोसा मजबूत

# वैश्विक अनिश्चितता के बीच सोने का आयात 192 फीसदी बढ़ा



महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** टैरिफ वार के कारण दुनियाभर में उपजी वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच देश का सोना आयात मार्च, 2025 में 192.13 फीसदी की भारी बढ़ोतरी के साथ 4.47 अरब डॉलर पहुंच गया। चालू खाता घाटे पर असर डालने वाले सोना के आयात में फरवरी, 2025 में करीब 62 फीसदी की गिरावट आई थी, जबकि जनवरी में इसमें 40.8 फीसदी और दिसंबर, 2024 में 55.39 फीसदी का उछाल देखने को मिला था। हालांकि, मार्च में चांदी का आयात 85.4 फीसदी घटकर 11.93 करोड़ डॉलर रह गया। वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक, बीते वित्त वर्ष 2024-25 में सोने का आयात 27.27 फीसदी बढ़कर 58 अरब डॉलर पहुंच गया, जो 2023-24 में 45.54 अरब डॉलर रहा था। देश के कुल आयात में सोने की हिस्सेदारी 8 फीसदी है। बीते वित्त वर्ष में चांदी का आयात 11.24 फीसदी घटकर 4.82 अरब डॉलर रह गया। कीमतों में लगातार उछाल के बावजूद बहुमूल्य धातु के आयात में वृद्धि से संकेत मिलता है कि निवेशकों का सोने पर भरोसा मजबूत बना हुआ है, क्योंकि यह निवेश का एक सुरक्षित साधन है। विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक अनिश्चितताओं और कई देशों में तनाव के बीच सोने की ओर एसेट डायवर्सिफिकेशन, केंद्रीय बैंकों के बीच बढ़ती मांग और कीमतों में उछाल भी आयात वृद्धि के कारक हो सकते हैं।

#### स्विट्जरलैंड आयात का सबसे बड़ा स्रोत

करीब 40 फीसदी हिस्सेदारी के साथ स्विट्जरलैंड भारत के लिए सोना आयात का सबसे बड़ा स्रोत है। संयक्त अरब अमीरात (यूएई) 16 फीसदी से अधिक हिस्सेदारी के साथ दूसरा और दक्षिण अफ्रीका करीब 10 फीसदी के साथ तीसरा सबसे बड़ा आयात स्रोत है।

#### इस साल 18,780 रुपए बढ़ी कीमत

सोने की कीमतों में इस साल अब तक 18,780 रुपए या 23.65 फीसदी की तेजी देखने को मिली है। एक जनवरी, 2025 को यह 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव बंद हुआ था, जबकि 17 अप्रेल को बढ़कर 98,170 रुपए प्रति 10 ग्राम की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया।

#### अधिक खरीदी से व्यापार घाटा बढ़ा

सोना आयात में उछाल से देश का व्यापार घाटा (आयात व निर्यात के बीच अंतर) मार्च में बढ़कर 21.54 अरब डॉलर पहुंच गया। बीते वित्त वर्ष 2024-25 में यह 282.82 अरब डॉलर के सार्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। देश का विदेशी मुद्रा (फॉरेक्स) भंडार 11 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 1.57 अरब डॉलर बढ़कर 677.83 अरब डॉलर पहुंच गया। यह भंडार में लगातार छठे सप्ताह तेजी है। आरबीआई के मुताबिक, विदेशी मुद्रा संपत्ति 89.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 574.9 अरब डॉलर पहुंच गई।

### टैरिफ वार के बीच आरबीआई गवर्नर का बड़ा बयान

# जरूरत पड़ने पर नीतिगत कदम उठाने से पीछे नहीं हटेंगे: मल्होत्रा

महानगर संवाददाता



**नई दिल्ली।** टैरिफ वार के बीच आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि केंद्रीय बैंक तेजी से बदल रही वैश्विक परिस्थितियों पर नजर रखे हुए और वह जरूरत पड़ने पर नीतिगत कदम उठाने से पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था और वित्तीय बाजारों ने उल्लेखनीय लचीलापन दिखाया है। हालांकि, उन्होंने आगाह किया कि अर्थव्यवस्था और वित्तीय बाजार अस्थिर वैश्विक वातावरण की अनिश्चितताओं से अछूते नहीं हैं।

बाली में आयोजित 24वें एफआईएमएमडीए-पीडीएआई वार्षिक सम्मेलन में मल्होत्रा ने कहा कि तेजी से बदल रही वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए हम लगातार आर्थिक परिदृश्य की निगरानी और आकलन कर रहे हैं। हम हमेशा की तरह नीतिगत मोर्चे पर अपनी कार्रवाई में सक्रिय और तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि विकास दर और मुद्रास्फीति संतुलन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और मुद्रास्फीति भी सहनशील दायरे के भीतर है। गवर्नर ने कहा कि इसके बावजूद वैश्विक अनिश्चितताएं और मौसम की गड़बड़ी मुद्रास्फीति के लिहाज से जोखिम पैदा कर सकती है। उन्होंने कहा कि भले ही हमने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 6.5 प्रतिशत वास्तविक जीडीपी वृद्धि का अनुमान लगाया है, लेकिन भारत अभी भी सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। फिर भी यह हमारी उम्मीद से काफी कम है। हमने दो बार रेपो दरों में कटौती की है और पर्याप्त नकदी दी है।

भारतीय वित्तीय बाजारों के बारे में गवर्नर ने कहा कि विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार, सरकारी प्रतिभूतियां और मुद्रा बाजार सहित सभी बाजार खंड काफी हद तक स्थिर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ महीने पहले रुपया थोड़ा दबाव में आया था, लेकिन उसके बाद इसका प्रदर्शन बेहतर रहा और इसने कुछ हद तक खोई हुई जमीन वापस पा ली। मल्होत्रा ने कहा कि आज, वित्तीय बाजार वैश्विक और घरेलू चुनौतियों, अभूतपूर्व अवसरों और बढ़ती सार्वजनिक अपेक्षाओं के बीच परिवर्तन के मुहाने पर खड़े हैं। जब इस तरह के परिवर्तन होते हैं तो इसमें कई गतिशील हिस्से होते हैं, जिन्हें एक पहेली के टुकड़ों की तरह एक साथ आने की जरूरत होती है। साथ ही कई हितधारक होते हैं, जिनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत वैश्विक व्यवस्था में अपना उचित स्थान हासिल करने के लिए लगातार आगे बढ़ रहा है और ऐसे समय वित्तीय बाजारों को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि देश की आकांक्षाओं को साकार करने के लिए वित्तीय बाजारों को कुशल और लागत प्रभावी वित्तपोषण की सुविधा प्रदान करने की आवश्यकता होगी। वित्तीय बाजारों की बड़ी भूमिका के बारे में मल्होत्रा ने कहा कि ये केवल पूंजी जुटाने और परिसंपत्तियों का व्यापार करने के स्थान नहीं हैं बल्कि आर्थिक विकास के प्रमुख प्रवर्तक भी हैं। उन्होंने यह भी साझा किया कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत का सरकारी प्रतिभूति बाजार पूरे वर्ष स्थिर रहा। उन्होंने कहा कि देश की जरूरतों और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए संकटों से सीख लेकर हमारे बाजार परिपकक्व और उन्नत हुए हैं। हमारे बाजारों का बुनियादी ढांचा अत्याधुनिक है। पारदर्शिता का स्तर दुनिया में सर्वश्रेष्ठ के बराबर है।

## इलेक्ट्रिक राइड हेलिंग स्टार्टअप ब्लूस्मार्ट डूबने की कगार पर

**नई दिल्ली (मसं)।** इलेक्ट्रिक राइड हेलिंग स्टार्टअप ब्लूस्मार्ट के को-फाउंडर पर पैसों के हेराफेरी के आरोप लगने के बाद यह कंपनी अब बंद होने के कगार पर आ चुकी है और सेबी के जांच के घेरे में है। इसने अपनी कैब सर्विस, दिल्ली-एनसीआर, मुंबई और अन्य जगहों पर अस्थाई तौर पर बंद कर दी है और कंपनी आर्थिक संकट से जूझ रही है। ये कंपनी कभी अपने सभी इलेक्ट्रिक बेड़े और ग्रीन बिजनेस मॉडल के लिए मशहूर थी। जिस कारण इसमें बड़े-बड़े दिग्गजों ने पैसा लगाया। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से लेकर बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण, बजाज कैपिटल के संजीव बजाज और शार्क टैंक इंडिया के पूर्व जज अशनीर ग्रोवर का भी पैसा है। दरअसल, इस कंपनी के को-फाउंडर अनमोल सिंह जग्गी और इनके भाई पुनित सिंह जग्गी, जो जेनसॉल इंजीनियरिंग कंपनी के प्रमोटर्स हैं, उन्होंने जेनसोल कंपनी के नाम पर लिए गए लोन के पैसों का गलत इस्तेमाल किया और उस पैसे से फ्लैट, गोल्फ किट, ट्रैवेल जैसी लग्जरी चीजों पर 262 करोड़ से ज्यादा पैसे खर्च किए। जिसका हिसाब सेबी को अपनी जांच में नहीं मिला। ऐसे में सेबी ने इसके प्रमोटर्स को किसी भी कंपनी के मैनेजमेंट से रोक दिया और मार्केट में एंट्री पर भी बैन लगा दी।

### ग्राहक केंद्र दृष्टिकोण ने भरोसेमंद संस्था की दिलाई पहचान

# स्थिरता के साथ 30 वर्षों की यात्रा का उत्सव मना रहा है एयू

महानगर संवाददाता

**मुंबई।** एयू अपने सफर के 30वें वर्ष में प्रवेश करते हुए अत्यंत हर्षित है। 1996 में एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) के रूप में साधारण शुरुआत से लेकर आज समावेशी बैंकिंग का एक विश्वसनीय नाम बनने तक, एयू एक सच्चे इन्क्लूजिव फाइनेंशियल इकोसिस्टम के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध रहा है। बैंक की 30 वर्षों की यह यात्रा जिसमें 8 वर्ष एक स्मॉल फाइनेंस बैंक के रूप में शामिल हैं। दृढ़ता, दूरदर्शिता और एक ऐसी संस्था के निर्माण के प्रति गहरे समर्पण का प्रमाण है, जो पीढ़ियों तक सशक्त बनी रहे- एयू फॉरेवर।

एयू की कहानी 1996 में जयपुर से शुरू हुई, जब इसका उद्देश्य पारंपरिक बैंकिंग से उपेक्षित लोगों तक वित्तीय सेवाएं पहुंचाना था। वंचित वर्गों की सेवा कर और समुदायों को सशक्त बनाकर, एयू ने आकांक्षाओं को उपलब्धियों में बदला, और विकास व प्रगति को बढ़ावा दिया। इस यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव 2017 में एयू का स्मॉल फाइनेंस बैंक में रूपांतरण था, जिसे भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से अनुसूचित बैंक का दर्जा भी प्राप्त हुआ।




### एयू की यात्रा के प्रमुख चरण

**प्रारंभिक वर्ष (1996-2015)** : एयू ने जयपुर से वंचित समुदायों को वित्तीय सेवाएं प्रदान करते हुए शुरुआत की और एक प्रतिष्ठित एनबीएफसी-एयू फाइनेंशियल्स के रूप में स्थापित हुआ। संस्था की मजबूत नींव, अटूट ईमानदारी और ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण ने इसे भरोसेमंद संस्था की पहचान दिलाई। स्मॉल फाइनेंस बैंक में परिवर्तन (2015-2017): एयू फाइनेंसर्स को भारतीय रिज़र्व बैंक से स्मॉल फाइनेंस बैंक में रूपांतरण हेतु सैद्धांतिक स्वीकृति प्राप्त हुई। अप्रेल 2017 में एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक (एयू एसएफबी) ने अपने संचालन की शुरुआत की।

**रणनीतिक विकास** : एयू एसएफबी ने अपने जमा उत्पादों में उद्योग-प्रमुख नवाचार किए, जैसे मासिक ब्याज भुगतान, कागज-रहित नकद निकासी प्रक्रिया, जमा पर उच्च रिटर्न आदि। बैंक ने एचएनआई और यूएचएनआई ग्राहकों के लिए एयू इटर्निटी और एयू आईवी जैसे प्रीमियम बैंकिंग प्रोग्राम भी लॉन्च किए। खुदरा पेशकश को मजबूत करते हुए, बैंक ने कई प्रकार के क्रेडिट कार्ड लॉन्च किए और अधिकृत डीलर (एडी) श्रेणी का लाइसेंस प्राप्त किया। फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ विलय : भारतीय बैंकिंग इतिहास में सबसे तेज विलयों में से एक को पूरा करते हुए एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ विलय कर अपने राष्ट्रीय विस्तार को तेज किया और इनोवेशन, इन्क्लूजन व परिवर्तनकारी विकास के अपने मिशन को आगे बढ़ाया।

**यूनिवर्सल बैंकिंग की आकांक्षा** : एयू एसएफबी ने स्वैच्छिक रूप से यूनिवर्सल बैंक बनने के लिए आवेदन किया है, जो इसकी निरंतर प्रगति और दीर्घकालिक दृष्टिकोण के अनुरूप है। इससे ग्राहक सेवाओं और परिचालन लचीलापन और बेहतर होने की संभावना है। पिछले तीन दशकों में एयू एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन में विकसित हुआ है, जो भारत के वंचित क्षेत्रों तक औपचारिक वित्तीय सेवाएं पहुंचा रहा है। प्रगति और उद्देश्य के संतुलन की विचारधारा में निहित एयू स्थिर और भविष्य-उन्मुख विकास को बढ़ावा देता है। ग्रीन फिक्स्ड डिपॉजिट्स जैसे इनोवेटिव समाधानों के माध्यम से यह ग्राहकों को जिम्मेदारी के साथ निवेश के विकल्प प्रदान करता है।

एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के संस्थापक, प्रबंध निदेशक और सीईओ संजय अग्रवाल ने कहा, राजस्थान में हमारी छोटी-सी शुरुआत से लेकर आज एक राष्ट्रीय संस्था बनने तक की यह यात्रा सभी सहयोगियों की कड़ी मेहनत, विश्वास और समर्थन का परिणाम है। उन्होंने कहा, आगे बढ़ते हुए हमारा फोकस इन्क्लूजिव विकास को बढ़ावा देने पर बना रहेगा।

# 'कलर्स ऑफ द वर्ल्ड फेयर' में राजस्थान ने पेश की पर्यटन की अद्भुत झलक



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** तुर्किए की राजधानी इस्तांबुल में राजस्थान पर्यटन ने अपने चमक बिखेरी है। यहां कल शुरू हुए कलर्स ऑफ वर्ल्ड अध्यक्ष राजस्थान पर्यटक ने भव्य पवेलियन लगाया जिसमें राजस्थान पर्यटन के उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई है। दुनियाभर से इस फेर में शिरकत करने आए ट्रैवल एजेंट और टूर ऑपरेटर्स ने राजस्थान पर्यटन के उत्पादन में गहरी रुचि दिखाई है।

राजस्थान को एक प्रमुख वैश्विक पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करने के अपने निरंतर प्रयासों के तहत, पर्यटन विभाग, राजस्थान सरकार, फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म ऑफ राजस्थान के सहयोग से, 18 से 20 अप्रेल तक तुर्किए के इस्तांबुल में आयोजित प्रतिष्ठित कलर्स ऑफ द वर्ल्ड फेयर में एक विशेष और जीवंत भागीदारी कर रहा है। पर्यटन विभाग की संयुक्त निदेशक पुनीता सिंह और उपनिदेशक भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में 20 सदस्य दल इस आयोजन में शिरकत कर रहा है। राजस्थान मंडप राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, पर्यटन क्षमता और आत्मीय मेहमाननवाजी का एक जीवंत उत्सव है। पहले दिन मंडप का भव्य उद्घाटन समारोह हुआ और यह तुरंत ही गतिविधियों और आकर्षण का केंद्र बन गया। आगंतुकों का स्वागत पर्यटन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, एफएचटीआर और एचआरएआर के अध्यक्षों तथा आईएचएचए और आरएटीओ के प्रमुख सदस्यों द्वारा किया गया। प्रतिनिधिमंडल में प्रसिद्ध होटल व्यवसायी, ट्रैवल एजेंट्स, डेस्टिनेशन मैनेजमेंट कंपनियां, इवेंट प्रोफेशनल्स, लोक कलाकार और पाक विशेषज्ञ शामिल हैं। फेयर के उद्घाटन के साथ ही, राजस्थान की उपस्थिति पारंपरिक रंग-बिरंगे वस्त्रों- जैसे साड़ियां और पगड़ियां, लोक संगीत, लाइव कुकिंग अनुभवों, सांस्कृतिक गतिविधियों और उपहारों के साथ सबका ध्यान आकर्षित करने लगी। एफएचटीआर के प्रेसिडेंट कुलदीप सिंह चंदेला ने स्वागत भाषण दिया और राजस्थान की भागीदारी की सकारात्मक शुरुआत की। उन्होंने डॉ. पुनीता सिंह के साथ मिलकर वैश्विक पर्यटन के भविष्य पर एक विचारशील पैनल चर्चा में भाग लिया।

# उद्योग जगत के नेताओं और सरकारी अधिकारियों के साथ मनाया राठा दिवस



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग ट्रेड्स एसोसिएशन (आरएटीए), जयपुर चैप्टर ने होटल सिगनेट, अजमेर रोड पर भव्य रूप से अपना 76वां राठा दिवस आयोजित किया। इस आयोजन में आर्किटेक्ट्स, कंसल्टेंट्स, कॉन्ट्रैक्टर्स, इंजीनियर्स और विभिन्न सरकारी विभागों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में संयुक्त आयुक्त एवं महाप्रबंधक शिल्पी आर पुरोहित, भारतीय मानक ब्यूरो प्रमुख एवं निदेशक कनिका कालिया, सार्वजनिक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता अमित कक्कड़, इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन एवं एसोचैम राजस्थान चैप्टर के सह-अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, और रीको के वरिष्ठ डीजीएम के.के. कोठारी शामिल रहे। अध्यक्ष आशीष लुहारूवाला और उनकी टीम -उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, सचिव रंजीत हिरावत, कोषाध्यक्ष दिनेश भाटी और अन्य सदस्यों के सामूहिक प्रयासों से, यह आयोजन नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ।

# अब 7 दिन में होगा जीएसटी रजिस्ट्रेशन, नहीं करनी होगी ज्यादा माथापच्ची

महानगर संवाददाता



**नई दिल्ली।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने शुक्रवार को जीएसटी रजिस्ट्रेशन आवेदनों की प्रोसेसिंग के लिए अधिकारियों को संशोधित निर्देश जारी किए हैं, इससे करदाताओं पर अनुपालन का बोझ कम होगा और नियम-आधारित पारदर्शिता को बढ़ावा मिलेगा। इसके मुताबिक कारोबारियों को सात दिन में जीएसटी रजिस्ट्रेशन मिल जाएगा। वहीं जिन आवेदनों को रिस्की माना जाएगा, उनकी प्रोसेसिंग कारोबारी परिसरों के फिजिकल वेरिफिकेशन के बाद 30 दिनों के भीतर हो जाएगी। सरकार के इस कदम को व्यापार में आसानी करने के एक प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है। जीएसटी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के दौरान आवेदकों को होने वाली परेशानियों को लेकर राजस्व विभाग (सीबीआईसी) को कई शिकायतें प्राप्त हुई हैं। ये शिकायतें मुख्य रूप से जीएसटी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के दौरान अधिकारियों की ओर से मांगे जाने वाले अतिरिक्त दस्तावेजों को लेकर थीं। शिकायतों का निवारण करने और जीएसटी रजिस्ट्रेशन प्रोसेस को आसान बनाने के लिए सीबीआईसी ने नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। वित्त मंत्रालय ने कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे रजिस्ट्रेशन आवेदन पत्र में दिए गए दस्तावेजों की निर्धारित सूची का सख्ती से पालन करें। नए निर्देशों में विशिष्ट मामलों की स्थिति में रजिस्ट्रेशन आवेदन पत्र के साथ अपलोड किए जाने वाले आवश्यक दस्तावेजों की भी जानकारी दी गई है।

### सख्त कार्रवाई के निर्देश

सरकारी एजेंसी ने अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे छोटी-मोटी विसंगतियों या ऐसे अतिरिक्त दस्तावेजों के आधार पर नोटिस जारी न करें, जो आवेदनों के प्रोसेसिंग के लिए आवश्यक नहीं हैं। इसके अतिरिक्त सरकारी एजेंसी ने कहा है कि विशिष्ट मामलों में संबंधित उप/सहायक आयुक्त से अनुमोदन लेने का भी निर्देश दिया गया है, जहां सूचीबद्ध दस्तावेजों के अलावा अन्य दस्तावेज मांगे जाने की आवश्यकता है।

वर्ल्ड लिवर डे पर इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज के कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री बोले- पिछले 5 सालों में रूटीन बदला, आज सभी दवाओं से मुक्त होकर खड़ा हूं

# स्वस्थ और फिट रहने के लिए 2 घंटे एक्सरसाइज, 6 घंटे की नींद जरूरी : अमित शाह

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि देश के युवाओं को अगर स्वस्थ और फिट रहना है तो उन्हें अपने रूटीन में बदलाव करना होगा। यह बात मैं अपने पर्सनल एक्सपीरियंस से बोल रहा हूं। अमित शाह ने नई दिल्ली में वर्ल्ड लिवर-डे पर इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज के एक कार्यक्रम में यह बात कहीं। शाह ने कहा कि देश के युवाओं को अभी 40-50 साल और जीना है और देश की प्रगति में योगदान देना है। मैं उनसे अनुरोध करता हूं कि वे अपने शरीर के लिए दो घंटे व्यायाम और अपने दिमाग के लिए छह घंटे की नींद रिजर्व करें।




### आज किसी भी तरह की दवा की जरूरत नहीं

अमित शाह ने कहा कि मई 2020 से लेकर आज तक मैंने अपने जीवन में बहुत बड़ा बदलाव किया। आवश्यक मात्रा में नींद, पानी और आहार और नियमित व्यायाम ने मुझे बहुत कुछ दिया है। आज मैं आपके सामने बिना किसी भी तरह की एलोपैथिक दवा और इंसुलिन से मुक्त होकर खड़ा हूं। यह मेरा अपना अनुभव है। मैं आज यहां इस अनुभव को साझा करने आया हूं।

### हमारा स्वास्थ्य ढांचा मजबूत बने : रेखा गुप्ता

दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि आज लिवर डे के अवसर पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि देश में किसी को भी हेल्थ सर्विस के लिए संघर्ष नहीं करना पड़े। हमारी राजधानी दिल्ली सिर्फ यहीं के लोगों के इलाज के लिए नहीं है। पूरे देश और दुनिया से लोग यहां आते हैं। यह हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम अपने स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करें।

### पीएम मोदी का पोस्ट- स्वस्थ जीवन जीने का प्रयास करें

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लिवर डे पर सोशल मीडिया पर लिखा, वर्ल्ड लिवर डे को ध्यानपूर्वक खाने और स्वस्थ जीवन जीने के आह्वान के साथ मनाने का सराहनीय प्रयास। तेल का सेवन कम करने जैसे छोटे कदम बड़ा बदलाव ला सकते हैं। आइए,हम सब मिलकर मोटापे के बारे में जागरूकता बढ़ाकर एक स्वस्थ और तंदुरुस्त भारत का निर्माण करें।



## मुंबई में 35 साल पुराना जैन मंदिर तोड़े जाने पर उबाल




### जैन समुदाय ने किया शांतिपूर्ण प्रदर्शन

### कांग्रेस-भाजपा नेताओं ने भी जताया बीएमसी की कार्रवाई का विरोध

महानगर संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई के विले पार्ले इलाके में स्थित 35 साल पुराने पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर को तोड़े जाने पर जैन समुदाय ने शनिवार को बीएमसी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और समुदाय के लोगों ने इस कार्रवाई को गलत (अनुचित) बताया। हालांकि, बीएमसी द्वारा ध्वस्तीकरण स्थल पर प्रार्थना की अनुमति का आश्वासन देने के बाद लोगों ने अपना विरोध प्रदर्शन खत्म करने का ऐलान कर दिया। इस प्रदर्शन में मुंबई के कांग्रेस प्रमुख वर्षा गायकवाड़, लोकल भाजपा विधायक पराग अलावाणी और जैन मुनि भी शामिल हुए।

**मंदिर अधिकारियों को भेजा था नोटिसः बीएमसी** बीएमसी के अनुसार, यह मंदिर अवैध है और उन्होंने कुछ दिन पहले मंदिर के संबंधित अधिकारियों को नोटिस भेजा गया था। बीएमसी ने अनुरोध किया कि वे संरचना को गिरा दें, नहीं तो वह कार्रवाई करने के लिए मजबूर हो जाएंगे। वहीं, नोटिस मिलने के बाद जैन मंदिर के अधिकारियों ने संभावित कार्रवाई के खिलाफ बॉम्बे हाईकोर्ट का रुख किया। हाईकोर्ट ने उनकी इस याचिका पर सुनवाई के लिए गुरुवार का दिन मुकर्रर किया था, लेकिन गुरुवार तक इंतजार किए बिना बीएमसी ने बुधवार को जैन मंदिर पर बुलडोजर चला दिया।

**बीएमसी ने दिया आश्वासनः** बीएमसी की इस कार्रवाई के बाद जैन समाज आहत है और उन्होंने कार्रवाई के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने का फैसला लिया, हालांकि बीएमसी द्वारा ध्वस्तीकरण स्थल पर प्रार्थना की अनुमति देने के बाद जैन समुदाय के लोगों ने अपने विरोध प्रदर्शन को खत्म कर दिया।

### आदित्य ठाकरे ने सरकार पर साधा निशाना

इस मुद्दे पर महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे ने बीएमसी पर निशाना साधते हुए कहा, 'जैन समुदाय दो दिन से मुंबई में एक डेरासर को ध्वस्त करने के खिलाफ बीएमसी का विरोध कर रहा है। बीएमसी अब पूरी तरह से और सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय और शहरी विकास मंत्री के कार्यालय द्वारा नियंत्रित है। ठाकरे ने गार्जियन मंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि गार्जियन मंत्री किसके खिलाफ विरोध कर रहे हैं? डेरासर को बचाने के बजाय, संरक्षक मंत्री के रूप में अपनी शक्ति में वे नौटंकी कर रहे हैं? उनका बीएमसी में ही एक अवैध ऑफिस है और उन्हें रियल एस्टेट और ऐसे मामलों का बहुत बड़ा अनुभव है। उन्होंने एक्स पर ये भी लिखा कि डेरासर को बचाने के बजाय, अब वे विरोध का नाटक कर रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि सभी को जल्द ही पता चल जाएगा कि बीजेपी किसी की नहीं है।

### भाजपा नेता भी आक्रोश मार्च में हुए शामिल

प्रदर्शन में बीजेपी सरकार में मंत्री और विधायक भी शामिल हुए। विधायक मुरजी पाटिल ने कहा कि हम इन सभी चीजों की निंदा करते हैं। जल्द से जल्द अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए, उन्हें हटाया जाना चाहिए। हम मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री से मिलेंगे। हम, सत्ताधारी विधायक, आज सड़कों पर उतर आए हैं। हम भी बहुत दुखी हैं। वहीं इस आंदोलन में शामिल हुए मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने कहा कि हम इन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करवाएंगे, लेकिन खुद की सरकार है, फिर भी यह आलम पूछने पर चुप्पी साध ली।

## कौन बनेगा 'बाल पार्षद' कार्यक्रम का समापन

### स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने में बच्चों की भागीदारी जरूरी : पल्लवी शर्मा

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** कौन बनेगा बाल पार्षद अभियान के तहत डिजिटल बाल मेला एवं नगर निगम हैरिटेज के संयुक्त तत्वावधान में आमेर किले पर स्वच्छता पर आधारित विशेष प्रदर्शनी का शनिवार को समापन हुआ। समारोह की मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर द्वितीय की सचिव पल्लवी शर्मा रहीं। जबकि विशिष्ट अतिथि हेरिटेज निगम के उपायुक्त दिलीप कुमार भम्भानी मौजूद रहे। इस दौरान सर्वश्रेष्ठ स्लोगन, लघु नाटिका और प्रश्नोत्तरी विजेता बच्चों को पुरस्कार भी दिया गया।

इस अवसर पर पल्लवी शर्मा ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने में बच्चों की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि बच्चे स्वच्छता के दूत है। बच्चों को अपने घर के साथ ही आसपास में भी स्वच्छता के लिए लोगों को प्रेरित करना चाहिए। पेंटिंग प्रदर्शनी का अवलोकन कर उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे बच्चों ने सफाई को लेकर जिस तरह से विचार पेंटिंग के माध्यम से प्रदर्शित किए है, उससे लगता है कि जयपुर सबसे स्वच्छ शहर बनने जा रहा है। इस दौरान उन्होंने बच्चों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जनहित में किए जा रहे कार्यों के साथ ही पीड़ित प्रतिकर स्कीम की भी जानकारी दी। साथ ही उन्होंने बच्चों को कानून की जानकारी देने से जुड़े विशेष कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही, जिससे बच्चे कानून को लेकर सजग रहे और उन्हें अपने अधिकारों की जानकारी हो। वहीं, दिलीप कुमार भम्भानी ने कहा कि बच्चे स्वच्छता के साथ साथ पार्षद के कार्यों को भी विस्तार से जाने।

### प्रदर्शनी में लगाई 50 वार्डों के बच्चों की चयनित फोटो

फ्यूचर सोसायटी की रविता शर्मा ने बताया कि इस प्रदर्शनी में जयपुर नगर निगम हैरिटेज के 50 वार्डों से चयनित विद्यालयों के बच्चों की ओर से तैयार की गई पेंटिंग्स प्रदर्शित की गई थी। स्थानीय ही नहीं, बल्कि देश-विदेश के पर्यटकों ने भी स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और ठोस कचरा प्रबंधन जैसे गंभीर विषयों पर बनी पेंटिंग को सराहा। डिजिटल बाल मेला की जान्हवी शर्मा ने बताया कि कौन बनेगा बाल पार्षद कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को शहरी प्रशासन, संविधान और स्वच्छता अभियानों की व्यावहारिक जानकारी दी गई।

## दो दिवसीय अग्रोहा धाम यात्रा रवाना



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** महेश नगर 80 फीट रोड से श्री अग्रवाल समाज सेवा समिति, टोंक रोड के तत्वावधान में शनिवार को दो दिवसीय अग्रोहा धाम यात्रा रवाना हुई। समिति के अध्यक्ष मुकेश गुप्ता, उपाध्यक्ष अरविंद अग्रवाल, महामंत्री केके सिंघल सहित विभिन्न पदाधिकारी और समाज बंधु यात्रा में शामिल हुए। यात्रा संयोजक जुगल किशोर गोयल और ओमप्रकाश बंसल ने बताया कि यात्रा रविवार को रात्रि करीब 12 बजे वापस जयपुर पहुंचेगी। इससे पूर्व सभी यात्री श्री खेमी सती, बाबा गंगाराम धाम और रानी सती मंदिर के दर्शन करते हुए दोपहर 2 बजे सालासर बालाजी पहुंचेंगे।

## नाट्य प्रस्तुति 'पर्दा उठने से पहले' का हुआ मंचन

### जवाहर कला केंद्र में जयपुर नाट्य समारोह का समापन

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** जवाहर कला केंद्र की ओर से आयोजित जयपुर नाट्य समारोह के अंतर्गत शनिवार को नाट्य प्रस्तुति 'पर्दा उठने से पहले' का मंचन हुआ। यह नाटक राजेंद्र कुमार शर्मा ने लिखा है और नाट्य रूपांतरण एवं निर्देशन हिमांशु झांकल ने किया है। प्रस्तुति में यह दर्शाया गया है कि एक निर्देशक को नाटक तैयार करने में कितनी बाधाओं का सामना करना पड़ता है। जाहिर तौर पर विपरीत परिस्थितियों को काफी रोचक अंदाज के साथ पेश किया गया जिससे पर्दा उठने से पहले की व्यथा दर्शकों तक पहुंची।

मंच पर नाटक की शुरुआत होती है, अनिल एक प्रसिद्ध नाट्य निर्देशक है और उसे मालूम पड़ता है कि तीन दिन बाद होने वाले उसके नाटक की नायिका वीना रिहर्सल से गायब हो गई है। अनिल की पत्नी शीला नाटकों के प्रति उसकी दीवानगी को नापसंद करती है और ऐसी स्थिति में अनिल उसे कुछ बताने में असहज महसूस करता है। रिहर्सल के दौरान नाटक के अन्य कलाकार यह सलाह देते हैं कि क्यों न वह अपनी पत्नी शीला को ही नायिका के रूप में ले आए। अब लाचार अनिल के पास कोई दूसरा विकल्प शेष नहीं था इसलिए वह जैसे तैसे शीला को अपनी बातों में उलझाकर और तारीफों के पुल बांधकर रिहर्सल में ले आता है। इस दौरान हास्य स्थितियां उत्पन्न होती हैं और उसके पड़ोसी व अन्य पात्र रिहर्सल में बाधा उत्पन्न करने लगते हैं।

जल्द ही नाटक की नायिका वीना वापस लौट आती है और अनिल उसकी तारीफों में जुट जाता है। यह बात शीला को बर्दाश्त नहीं होती और वह वीना को अपना घर से निकाल देती है। अनिल डर जाता है कि कहीं फिर से नाटक मझदार में न रह जाए। तभी एक युवती अनिल से पूछती है कि क्या वह उसके नाटक में नायिका बन सकती है और नाटक का साकारात्मक अंत होता है। ऐसे ही हास्यप्रद किस्सों से भरे इस नाटक के माध्यम से एक निर्देशक की व्यथा को सकारात्मक ढंग से दर्शाया गया। मंच पर विनोद, सीमा किराड़, वर्षा भाटी, सुमित बैरवा, भीमा, आकाश बैरवा, उमेश, राघव, ऋतु, सुमित्रा बोहरा ने विभिन्न किरदार निभाएं। मंच से परे प्रकाश व्यवस्था शहजोर अली, संगीत संयोजन हिमांशु और उमेश ने संभाला।

## नवनिर्मित लखेरा समाज की धर्मशाला का लोकार्पण समारोह कल

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** चांदपोल बाजार, बगरू वालों का रास्ता में अखिल भारतीय लखेरा लक्षकार धर्मशाला का उदघाटन होगा। रविवार को सामूहिक सुंदरकांड एवं सोमवार को कलश-शोभा यात्रा निकाली जाएगी। नवनिर्मित धर्मशाला का भव्य लोकार्पण समारोह 21 अप्रेल को होगा। समारोह में देश भर से समाज के वरिष्ठजन, राष्ट्रीय पदाधिकारी शामिल होंगे। दो दिवसीय कार्यक्रम में रविवार सामूहिक सुंदरकांड का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद शाम 7 बजे से भोजन प्रसादी एवं 8 बजे से रात्रि 11 बजे तक राजस्थान महासभा की जनरल मीटिंग होगी। सोमवार को मंदिर ठिकाना श्री रामचंद्र जी चांदपोल बाजार से विशाल कलश-शोभा यात्रा रवाना होगी। यात्रा चांदपोल हनुमान जी मंदिर चांदपोल गेट से चांदपोल बाजार होते हुए बगरू वालों का रास्ता स्थित लखेरा लक्षकार समाज की धर्मशाला पहुंचेगी। विधायक बालमुकुंदाचार्य के सान्निध्य में धर्मशाला का लोकार्पण किया जाएगा।

## 14वां हेमलता प्रभु स्मृति समारोह 22 को

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र में 22 अप्रेल को 14वें हेमलता प्रभु स्मृति समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम जयपुर की पहली महिला नाट्य निर्देशक और कनोडिया महिला महाविद्यालय की सह-संस्थापक व महारानी महाविद्यालय में दो दशक तक अंग्रेजी शिक्षिका रहीं हेमलता प्रभु के 105वें जन्मदिवस के अवसर पर किया जा रहा है। इस मौके पर रंगायन सभागार में शाम 7 बजे इम्प्रॉपर फ्रैक्शन्स की ओर से मंजरी कौल के निर्देशन में नाट्य प्रस्तुति 'जुगनू दिल औरतें' (फायरफ्लाइ वुमेन) का मंचन किया जाएगा।

## गर्मी में पशु-पक्षियों के लिए की चारे-पानी की व्यवस्था

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** जयपुर वी यूनाइट फाउंडेशन ने हाथी गांव में हाथियों और सड़कों पर घूम रही गायों को हरा चारा खिलाया और कबूतरों को दाना डाला। इस मौके पर छोटी बच्चियों को किताबें और कॉपियां भी बांटी गईं। फाउंडेशन के सचिव विजय पंडित ने बताया कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए पशु-पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था की गई है। इसके तहत 2000 परिंडे और पानी की टंकियां शहर के विभिन्न इलाकों में लगाई गई हैं। संस्था का उद्देश्य गर्मी में जीवों को राहत पहुंचाना और समाज में सेवा भावना को बढ़ाना है।

## बेजुबानों में भी है जान, गर्मी में रखें इनका ध्यान : मोनूराम महाराज



### संतों ने किया 1001 परिंडे एवं गायों के लिए पानी की टंकी का वितरण

महानगर संवाददाता


**जयपुर।** आस्था के पावन केंद्र श्री अमरापुर स्थान में शनिवार को 1001 परिंडो का वितरण किया गया। ग्रीष्म ऋतु के तापमान की अधिकता को देखते हुए बेजुबान पक्षियों के जल एवं दाने के लिए संतों ने 1001 परिंडो एवं गौ माता के लिए पानी की टंकी का वितरण किया।

संतों ने कहा कि बेजुबान पक्षियों में भी जान होती है। ग्रीष्म ऋतु में तापमान की अधिकता के कारण पानी की तलाश में भटकते हुए जल एवं दाने के अभाव में अपने जीवन को समाप्त कर देते है। परिंडो को घर की छत या पेड़ों पर लगाकर नित्य नियम से पर्याप्त मात्रा में जल एवं दाना रखने से बेजुबा पक्षियों को इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा।

## हिंदी पाठ्य पुस्तकों शामिल हों स्वामी टेऊंराम महाराज के पद, छंद, दोहे व भजन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** श्री प्रेम प्रकाश पंथ के संस्थापक स्वामी टेऊंराम महाराज, जो कि सिंधी समाज के एक महान सिद्ध संत, महापुरुष हुए है। जिनके द्वारा एक आध्यात्मिक (आठ सौ पृष्ठिय महाग्रंथ) श्री प्रेम प्रकाश ग्रंथ भी रचना की गई। जिसमें संत कबीर, मीरा, सूरदास, मलूकदास, रसखान, गुरु नानक देव, दादू दयाल आदि संत महात्माओं के सदृश भजन, छंद, दोहे, कवित, श्लोक माला, वाणी आदि आध्यात्मिक रचनाएं रची गई है। ऐसे सिद्ध संत महापुरूष की जयंती एवं पुण्य विश्व के जाने माने कैलेंडरों, पंचांगों में प्रकाशित होने पर संत समाज अभिभूत है।



इस कार्य के लिए संत समाज ने प्रकाशक, संपादक, ज्योतिषाचार्यो का आभार प्रकट किया है। साथ ही संतों ने कहा कि आचार्य स्वामी टेऊंराम महाराज की वाणी (दोहे, पद, छंद, कवित, भजन) आदि हिंदी पाठ्य पुस्तकों में शामिल होनी चाहिए।

**FOR SALE**

• All that piece and parcel of immovable property bearing Plot No. 02, Block No. B, Gaun Mandi Prangan, Sanganer, Jaipur, admeasuring 92.94 Sq. Mtr.
Four corners:- North-Other Plot South- Road, East- Other Plot West- Other Plot

• All that piece and parcel of immovable property bearing Plot No. 23, Block No. A, Gaun Mandi Prangan, Sanganer, Jaipur, admeasuring 92.94 Sq. Mtr.
Four corners:- North-Other Plot South- Road, East-Other Plot West- Other Plot

• All that piece and parcel of immovable property bearing Shop No. SS-70, Rajdhani Mandi Prangan, Krishi Upaj Mandi, Kukerkheda, Sikar Road, Jaipur, admeasuring 23.23 Sq. Mtr. having built up area on ground floor 250 Sq. Ft.
Four corners:- North-Other, South- Road, East- Shop No. 71, West-Shop No. 69

**Property for Sale Dated 22.04.2025, 1:00 PM to 2:00 PM**

— Interested Party may contact —
Mr. Akshay Khandelwal
+91-8290047519
Mr. Nitesh Chhibber
+91-9115594124
Mr. Deependra Rathore
+91-9602900479
Mr. Rajit Gupta
+91-8558848217

**फाइनेंस**

डिफाल्टर, ब्लैकलिस्टेड, नेगेटिव मुस्लिम एरिया, निगम, JDA, पंचायत, अनअप्रूव्ड, सोसाइटी पट्टे, मकान बनायें, खरीदे, मॉर्गेज लोन, महेंद्र देवड़ा सोडाला 7792930003

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण (1) बाबूलाल शर्मा पुत्र श्री कजोडमल शर्मा, उम्र 60 वर्ष, (2) संतोष शर्मा पत्नी श्री बाबूलाल, उम्र 55 वर्ष निवासीगण- 99, राजीव विहार, मांग्यावास, मानसरोवर, जयपुर के हैं, जो कि मेरे अभिभाष्य का पुत्र निखिल शर्मा, उम्र 31 वर्ष जो कि विवाहित है एवं मेरे अभिभाष्य के कहने में नहीं है तथा मेरे अभिभाष्य व उनके परिवारजन से अलग होकर गलत संगत में निवास कर रहा है, लिहाजा मेरे अभिभाष्यगण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से अपने पुत्र निखिल शर्मा को बेदखल करते है। यदि कोई दीगर व्यक्ति द्वारा मेरे अभिभाष्य के उक्त पुत्र से किसी प्रकार का कोई संव्यवहार किया जाता है तो उसमें मेरे अभिभाष्यगण की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। सूचित रहे।

जयपुर
दिनांक: 19.04.2025
गिरधारी लाल सैनी (एडवोकेट)
मो. नं. 9314043843

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**

क्रमांक: जविप्रा/उपा./जोन-9/2025/डी-1367 दिनांक: 18.04.2025

**सार्वजनिक विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती ललिता सिंह पत्नी श्री हुकम सिंह द्वारा निजी खातेदारी योजना विनायक एनक्लेव के भूखण्ड संख्या 73ए क्षेत्रफल 162.18 व.ग. का नाम हस्तान्तरण एवं उपविभाजन करने हेतु ऑन लाईन आवेदन पंजीयन संख्या 215104 दिनांक 28.03.2025 द्वारा निवेदन किया गया है। निजी खातेदारी योजना विनायक एनक्लेव के भूखण्ड संख्या 73ए क्षेत्रफल 162.18 व.ग. की लीज डीड श्रीमती जिया मेधानी पत्नी श्री प्रकाश मेधानी के पक्ष में दिनांक 29.01.2018 को जारी की गई। श्रीमती जिया मेधानी द्वारा सैनर्जी बिल्डकॉन प्रा.लि. जरिये निदेशक श्री सुरेश कुमार गुप्ता पुत्र श्री राधेश्याम आकड को जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 06.02.2012 के द्वारा बेचान किया गया। सैनर्जी बिल्डकॉन प्रा.लि. जरिये निदेशक श्री सुरेश कुमार गुप्ता पुत्र श्री राधेश्याम आकड द्वारा श्री अतुल माखीजा पुत्र श्री जगदीश चंद माखीजा को जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 29.05.2013 के द्वारा बेचान किया गया। श्री अतुल माखीजा पुत्र श्री जगदीश चंद माखीजा द्वारा मैसर्स मीरासल एनक्लेव प्रा.लि. जरिये डायरेक्टर श्री विक्रय राय मित्ररूका पुत्र श्री अशोक मित्ररूका को बेचान किया गया। मैसर्स मीरासल एनक्लेव प्रा.लि. जरिये डायरेक्टर श्री विक्रय राय मित्ररूका पुत्र श्री अशोक मित्ररूका द्वारा श्रीमती ललिता सिंह पत्नी श्री हुकम सिंह को जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 28.02.2025 के द्वारा बेचान किया गया है इत्यादि अपलोड किये गये है। उक्त भूखण्ड के स्वामित्व के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्य इस कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी एवं प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

उपायुक्त जोन-9, जविप्रा, जयपुर

**कार्यालय आवासीय अभियन्ता, खण्ड-तेरह, जयपुर।**
**राजस्थान आवासन मण्डल**
(राज.आवा.मंडल अधिनियम 1970 के तहत गठित राज्य सरकार का उपक्रम)
क्रमांक: आवा.अभि./खण्ड-13, रा.आ.म./2025-26/डी-33 दिनांक: 16.04.25
**आम जाहिर सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा व्यावसायिक भूखण्ड संख्या एस-24 बनास विहार योजना टोंक, क्षेत्रफल 18.00 वर्गमीटर का आवंटन मूलतः श्रीमति लक्ष्मी देवी पत्नी श्री गंगा राम को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 418 दिनांक 10.06.2010 जारी किया गया था। श्रीमति लक्ष्मी देवी पत्नी श्री गंगा राम की मृत्यु दिनांक 18.03.2016 को हो चुकी है। श्रीमति लक्ष्मी देवी पत्नी श्री गंगा राम के पुत्र श्री कमल कुमार रघुवानी पुत्र श्री गंगा राम द्वारा व्यावसायिक भूखण्ड संख्या एस-24 बनास विहार योजना टोंक का हस्तान्तरण अपने पक्ष मे करने हेतु आवेदन पत्र मय प्रशासनिक शुल्क, शपथ पत्र, पहचान संबंधी दस्तावेज एवं वारिसान का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर उक्त व्यावसायिक भूखण्ड संख्या एस-24 बनास विहार योजना टोंक का हस्तान्तरण अपने पक्ष में करने हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर आवेदक श्री कमल कुमार रघुवानी पुत्र श्री गंगा राम के पक्ष में व्यावसायिक भूखण्ड संख्या एस-24 बनास विहार योजना टोंक के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।

श्री कमल कुमर रघुवानी पुत्र श्री गंगा राम,
आवास संख्या 2/51, बनास विहार योजना टोंक,
जिला टोंक, राजस्थान-304001

आवासीय अभियंता, खण्ड-तेरह, जयपुर

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि अचल सम्पत्ति फ्लेट नम्बर एफ-3, फर्स्ट फ्लोर स्थित आवासीय प्लॉट नम्बर सी-45, रामनगरिया साउथ, जगतपुरा, जयपुर, राज., जिसका कुल क्षेत्रफल 721.15 वर्गफीट है। उक्त सम्पत्ति को श्रीमती कमलेश सिसोदिया पत्नी श्री गोविन्द सिंह ने (1) श्री लालचन्द नारवानी (2) श्री संजय आसनानी व (3) श्री विक्की सहगल से जरिये विक्रय पत्र दिनांकित 29.05.2020 द्वारा खरीद कर लिया। यह कि कुछ समय पश्चात् श्रीमती कमलेश सिसोदिया का स्वर्गवास दिनांक 06.12.2022 हो गया, उनकी मृत्यु के पश्चात उनके विधिक उत्तराधिकारी में श्री गोविन्द सिंह (पति), श्री राजकमल सिसोदिया (पुत्र) व ऋतु सिसोदिया (पुत्री) उक्त सम्पत्ति के संयुक्त रूप से विधिक रूप से मालिक एवं स्वामी, काबिज हुए, श्री गोविन्द सिंह व ऋतु सिसोदिया ने उक्त सम्पत्ति में निहित अपने-अपने अविभाजित हिस्से को रजिस्टर्ड हक त्याग पत्र श्री राजकमल सिसोदिया के हक में त्याग कर दिया। इस प्रकार श्री राजकमल सिसोदिया उक्त सम्पत्ति के एकमात्र रूप से विधिक रूप से मालिक स्वामी अधिकारी काबिज हुए। अब श्री राजकमल सिसोदिया से श्री सुमित शर्मा उक्त सम्पत्ति को क्रय कर रहे है जिस बाबत मेरे अभिभाष्य वित्तीय संस्था HDFC Bank Ltd. से ऋण ले रहे हैं, सर्वसाधारण को उक्त सम्पत्ति के विधिक वारिसान, मालिकाना हक, स्वामित्व, कब्जे, अधिकार पर कोई आपत्ति हो तो सात दिवस में लिखित में मय दस्तावेज सूचित करे अन्यथा आपत्ति शून्य, अप्रभावी व अमान्य समझी जावेगी।

दिनांक: 19.04.2025
केदार राम (एडवोकेट)
शॉप नं. 03, प्लॉट नं. 2/536,
चित्रकुट वैशाली नगर, जयपुर-302021
मो. 9460943434

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मीरा त्रिपाठी पत्नी श्री राघवेन्दर प्रताप त्रिपाठी ने प्लाट नम्बर बी-28, आवासीय योजना जमना नगर, पथ नम्बर 5, सोडाला, जयपुर जिसका कुल क्षेत्रफल 273.77 वर्गगज है में से उत्तरी ओर का एक भाग जिस पर प्लाट नम्बर बी-28-ए अंकित किया गया है जिसकी नाप पूर्व से पश्चिम 19 फीट 3 इंच तथा उत्तर से दक्षिण 64 फीट 6 इंच है। जिसका कुल क्षेत्रफल लगभग 137.42 वर्गगज है। को श्री किशन अग्रवाल पुत्र श्री रामदास अग्रवाल से खरीद कर IDBI BANK LTD के पास रहन रखने बाबत आवेदन किया है। यह कि उक्त वर्णित प्लाट सर्वप्रथम श्रीमती मोहिनी देवी नाहर पत्नी श्री जेतरूप नाहर को कार्यालय जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा शहरी जमाबन्दी के आधार पर आवासीय प्रयोजनों के लिए भूमि का पट्टा विलेख विक्रय पत्र दिनांक 03.10.2013 द्वारा प्राप्त हुई, जिसका पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय जयपुर प्रथम के क्रम संख्या 2013051015991 पंजीबद्ध किया गया। यह कि श्रीमती मोहिनी देवी नाहर का स्वर्गवास दिनांक 11.06.2021 को हो गया एवं उनके पति श्री जेतरूप नाहर का स्वर्गवास दिनांक 08.03.2023 को हो गया। इनके स्वर्गवास के पश्चात उनके विधिक उत्तराधिकारियों में उनकी 6 पुत्रियां 1. श्रीमती अंजु सेठिया 2. श्रीमती अनिता जैन 3. श्रीमती सुनीता विकास बुच्चा 4. श्रीमती मंजू देवी 5. श्रीमती शांति देवी रंजीत कुमार बोथरा एवं 6. श्रीमती संतोष देवी उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति प्लाट नम्बर थी-28 में अपने अपने अविभाजित हिस्से, सम्पर्ण के संयुक्त रूप से मालिक, स्वामी काबिज अधिकारी हुए। तत्पश्चात 1. श्रीमती अंजु सेठिया पत्नी श्री जतन लाल सेठिया पुत्री स्वर्गीय श्री जेतरूप नाहर 2. श्रीमती अनिता जैन पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार जैन पुत्री स्वर्गीय श्री जेतरूप नाहर 3. श्रीमती सुनीता विकास बुच्चा पत्नी श्रीमती विकास कुमार बुच्चा पुत्री स्वर्गीय श्री जेतरूप नाहर ने उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति प्लाट नम्बर थी 28 में अपने अपने अविभाजित 3/6 हिस्से समपूर्ण को जरिये रजिस्टर्ड हकत्याग पत्र लिखा दिनांक 15 मई 2023 द्वारा अपनी सगी बहनों 1. श्रीमती मंजू देवी पत्नी श्री कमल कुमार जैन 2. श्रीमती शांति देवी पत्नी श्री रंजीत कुमार बोथरा पुत्री स्वर्गीय श्री जेतरूप नाहर 3. श्रीमती संतोष देवी पत्नी श्री हंसराज जैन पुत्री स्वर्गीय श्री जेतरूप नाहर के हित में त्याग कर दिया जिस हकत्याग पत्र का पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय जयपुर पंचम के यहां क्रम संख्या 202303019106691 पर पंजीबद्ध किया गया। तत्पश्चात 1. श्रीमती मंजू देवी पत्नी श्री कमल कुमार जैन 2. श्रीमती शांति देवी पत्नी श्री रंजीत कुमार बोथरा पुत्री स्वर्गीय श्री जेतरूप नाहर 3. श्रीमती संतोष देवी पत्नी श्री हंसराज जैन पुत्री स्वर्गीय श्री जेतरूप नाहर ने उपरोक्त वर्णित प्लाट नम्बर बी-28 को जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र द्वारा दिनांक 25/08/2023 को श्री किशन अग्रवाल पुत्र श्री रामदास अग्रवाल से खरीद कर को विक्रय कर दिया। जिस का पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय जयपुर पंचम के यहां क्रम संख्या 202303190112847 पर पंजीबद्ध किया गया। यह की यदि किसी भी व्यक्ति का उक्त सम्पत्ति मे उत्तराधिकार विक्रय, रहन, लीज, दान या अन्य किसी प्रकार से कोई अधिकार या हक हो तो निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष सात दिवस में अपना अधिकार या हक मय दस्तावेज प्रस्तुत करें अन्यथा उक्त सम्पत्ति पर रहन कर लिया जावेगा एवं उसके पश्चात् किसी प्रकार का कोई हक या अधिकार मान्य नहीं होगा ना ही मेरे मुव्किल IDBI BANK LTD पर बाध्यकारी होगा।

भुवनेश जैन (एडवोकेट)
मो. नंबर 98280-25372 ए-12, मूर्तिकला कॉलोनी,
गोपालपुरा बाईपास, जयपुर राजस्थान।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से उप. मुख्य बिजली इन्जीनियर (निर्माण-II) उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर के अधीन निम्नलिखित कार्यो के लिये दी गई तिथि को 15.00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:- **1. कार्य का नाम: Tender No. EL/C/JP/FL-DNA/T09/24-25** फुलेरा-डेगाना खंड के दोहरीकरण परियोजना के संबंध में फुलेरा-डेगाना खंड के बीच स्टाफ क्वार्टरों सर्विस लिंक रोड, सुपरवाइजर ऑफिस, ओआरएच, एसआरएच इत्यादि से सम्बन्धित विद्युत कार्य। **2. कार्य की अनुमानित लागत:** Rs. 12768544.00 **3. बयाना राशि जो जमा करनी है:** Rs. 213900.00 **4. निविदा प्रपत्र जमा कराने व खुलने की तारीख व समय:** 13.05.2025 Upto 15.00 Hrs. 13.05.2025 at 15.30 Hrs. **5. उपरोक्त ई निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये वैबसाइट का पता:** www.ireps.gov.in

450-AJ/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube twitter



# लखनऊ ने राजस्थान को 2 रन से हराया

### आवेश खान ने आखिरी ओवर में डिफेंड किए 9 रन मार्करम-बडोनी ने लगाए अर्द्धशतक

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** लखनऊ सुपरजायंट्स ने राजस्थान रॉयल्स को आईपीएल के रोमांचक मुकाबले में 2 रन से हरा दिया। आवेश खान ने 20वें ओवर में 9 रन डिफेंड किए और लखनऊ को जीत दिलाई। आवेश ने 3 विकेट लिए। ऐडन मार्करम और आयुष बडोनी दोनों ने फिफ्टी लगाई।

जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में लखनऊ ने बैटिंग चुनी। लखनऊ ने 5 विकेट खोकर 180 रन बनाए। जवाब में राजस्थान 5 विकेट के नुकसान पर 178 रन ही बना सकी। यशस्वी जायसवाल ने 74 रन बनाए। वनिंदू हसरंगा को 2 विकेट मिले।

### आवेश ने दिलाई जीत

राजस्थान रॉयल्स को आखिरी ओवर में 9 रन बनाने थे। टीम से ध्रुव जुरेल और शिमरोन हेटमायर पिच पर थे। आवेश ने पहली गेंद पर 1 और दूसरी गेंद पर 2 रन दिए। उन्होंने तीसरी गेंद पर हेटमायर को कैच करा दिया। चौथी गेंद डॉट रही। आवेश ने फिर पांचवीं गेंद पर 2 रन दिए। आखिरी गेंद पर 4 रन चाहिए थे, आवेश ने 1 ही रन दिया और अपनी टीम को 2 रन से मैच जिता दिया।

# जोस बटलर शतक से चूके, टीम को दिलाई जीत

### दिल्ली को 8 विकेट से हरा गुजरात पहुंची शिखर पर

महानगर संवाददाता

**अहमदाबाद।** आईपीएल-2025 में शानदार फॉर्म में चल रही दिल्ली कैपिटल्स को गुजरात टाइटंस ने शनिवार को अपने घर नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए मैच में सात विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली ने आठ विकेट खोकर 203 रन बनाए थे। गुजरात ने जोस बटलर और शेरफाने रदरफोर्ड के दम पर ये टारगेट 19.2 ओवरों में तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया।




दिल्ली की तरफ से सबसे ज्यादा 39 रन अक्षर पटेल ने बनाए। उन्होंने 32 गेंदों पर एक चौके और दो छक्कों की मदद से ये पारी खेली। आशुतोष शर्मा ने 37 रन बनाए। गुजरात के लिए बटलर शतक से चूक गए। उन्होंने 54 गेंदों का सामना कर 11 चौके और चार छक्कों की मदद से 97 रन बनाए।

### गिल हुए निराश

204 रनों के टारगेट का पीछा करने उतरी गुजरात की टीम को दूसरे ही ओवर में झटका लग गया। कप्तान शुभमन गिल साई सुदर्शन के साथ हुई गलतफहमी के चलते रन आउट हो गए। गिल ने सात रन बनाए। फिर बटलर और सुदर्शन ने टीम को संभाला। 36 के निजी स्कोर पर सुदर्शन की पारी का अंत कुलदीप यादव ने कर दिया। वह 74 के कुल स्कोर पर आउट हुए।

### बटलर और रदरफोर्ड ने जिताया मैच

उनके जाने के बाद जोस बटलर और शेरफाने रदरफोर्ड ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली के लिए परेशानी खड़ी की। बटलर ने अपना अर्धशतक पूरा किया और दूसरे छोर से रदरफोर्ड तूफानी अंदाज में रन बनाने लगे। बटलर हालांकि 97 रन पर नाबाद रहे और शतक से चूक गए। 19वें ओवर की पांचवीं गेंद पर मुकेश कुमार ने रदरफोर्ड को पवेलियन की राह दिखाई।

### दिल्ली की खराब शुरुआत

दिल्ली को भी अच्छी शुरुआत नहीं मिली थी। अभिषेक पोरेल को अरशद खान ने 23 के कुल स्कोर पर पवेलियन भेज दिया। अभिषेक नौ गेंदों पर तीन चौके और एक छक्के की मदद से 18 रन बनाकर लौटे। केएल राहुल ने आते ही तेजी से रन बनाने शुरू किए, लेकिन वह अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में तब्दील नहीं कर सके। 14 गेंदों पर 28 रन बनाकर वह आउट हो गए। करुण नायर ने एक बार फिर अपनी तूफानी बैटिंग दिखाई। उन्होंने 18 गेंदों पर दो चौके और इतने ही छक्कों की मदद से 31 रन बनाए। नायर की पारी का अंत प्रसिद्ध कृष्णा ने किया।

### कप्तान अक्षर का हल्ला बोल

कप्तान अक्षर ने फिर मोर्चा संभाला और ट्रिस्टन स्टब्स ने उनका साथ दिया। दोनों ने तेजी से रन बनाए। स्टब्स को मोहम्मद सिराज ने आउट कर दिल्ली का चौथा विकेट गिरा दिया। प्रसिद्ध कृष्णा ने अक्षर की पारी का अंत कर दिया। वह 32 गेंदों पर 39 रन बनाने में सफल रहे। स्टब्स ने 21 गेंदों पर 31 रन बनाए। अंत में आशुतोष शर्मा ने तूफान मचाया और 19 गेंदों पर दो चौके और तीन छक्कों की मदद से 37 रनों की पारी खेली। हालांकि टीम का निचला क्रम जल्दी ढह गया।

### आईपीएल 2025: 37वां मैच आज मुल्लानपुर में दोपहर साढ़े 3 बजे से

# आज आरसीबी के सामने पंजाब किंग्स की चुनौती

महानगर संवाददाता

**चंडीगढ़।** पंजाब किंग्स रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ होने वाले मैच में लय और मनोवैज्ञानिक बढ़त के साथ उतरेगी। इस सप्ताह की शुरुआत में बारिश के कारण 14 ओवर के मैच में पंजाब ने पांच विकेट से जीत हासिल की थी। आरसीबी पर जीत इस सीजन में पंजाब की सात मैचों में पांचवीं जीत थी, जिससे वह अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया और प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली। इसके विपरीत, बेंगलुरु ने पिछले तीन मैचों में से दो मैच गंवाए और मिड-टेबल में खिसक गया। अब तक सिर्फ चार जीत के साथ, आरसीबी की गलती की संभावना तेजी से कम हो रही है।

**पंजाब: बल्लेबाज-गेंदबाज दोनों फॉर्म में :** श्रेयस अय्यर के नेतृत्व में पंजाब ने अपने पर हमेशा से ही कमतर प्रदर्शन करने का ठप्पा हटा दिया है। टीम ने गेंदबाज और बल्लेबाजी विभागों में स्थिरता पाई है। सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य ने मजबूत शुरुआत दी है, जबकि अय्यर, जोश इंगलिस और नेहल वढेरा ने मध्य क्रम में गहराई और अनुकूलनशीलता सुनिश्चित की है। मार्कस स्टोइनिस और शशांक सिंह ने दबाव की स्थितियों में योगदान दिया है, जिससे बल्लेबाजी लाइनअप को ताकत और परिपक्वता दोनों मिली है। गेंदबाजी विभाग में पंजाब ने शानदार प्रदर्शन किया है। अर्शदीप



सिंह और जेवियर बार्टलेट ने नई गेंद से शुरुआती झटके दिए हैं, जबकि मार्को जेनसन और युजवेंद्र चहल ने बीच के ओवरों में महत्वपूर्ण सफलताएं दिलाई हैं। तीनों ने मिलकर बेंगलुरु के खिलाफ पिछले मैच में छह विकेट लिए थे और उन्हें 95 रन पर रोक दिया था। पंजाब पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों के अनुकूल सतह पर भी यही प्रदर्शन दोहराना चाहेगा।

**आरसीबी: हार से लगातार बढ़ रहा दबाव :** उधर रजत पाटीदार और उनके खिलाड़ियों पर दबाव बढ़ रहा है। पिछली हार विशेष रूप से निराशाजनक थी, जिसमें स्टार खिलाड़ियों से सजी लाइनअप अनुशासित गेंदबाजी का सामना करने में विफल रही थी। टिम डेविड और जोश हेजलवुड की शानदार गेंदबाजी के बावजूद, विराट कोहली और फिलिप साल्ट पर बेंगलुरु की अत्यधिक निर्भरता ने शुरुआती विकेट गिरने पर उन्हें कमजोर बना दिया है। पडिक्कल, लिविंगस्टोन और जितेश शर्मा वाले मध्यक्रम को अधिक जिम्मेदारी उठानी होगी, जबकि भुवनेश्वर कुमार और यश दयाल को पंजाब को काबू में रखने के लिए शुरुआती सफलताएं हासिल करनी होंगी। पिछले मैच में हेजलवुड द्वारा लिए गए तीन विकेट निर्णायक साबित हुए थे।

### आज दूसरा मैच वानखेड़े स्टेडियम में शाम साढ़े 7 बजे से

# चेन्नई सुपर किंग्स से पिछली हार का हिसाब चुकता करने उतरेगी मुंबई

**मुम्बई।** आईपीएल 2025 अब लीग चरण के आधे मुकाबलों के बाद रोमांचक दौर में पहुंच चुका है। अब यहां से हर टीम के लिए हर एक मुकाबला बेहद महत्वपूर्ण है। इस सीजन का 38वां मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेला जाएगा। इन दोनों के बीच ये इस सीजन की दूसरी भिड़ंत है। इससे पहले इन दोनों का आमना-सामना चेन्नई में हुआ था, तब सीएसके ने चार विकेट से जीत दर्ज की थी। ऐसे में मुंबई अपने घर में उस हार का बदला चुकता करना चाहेगी। दोनों टीमें अंक तालिका में आखिरी 4 स्थानों पर स्थिति हैं और इस मुकाबले को जीतकर अपनी स्थिति सुधारना चाहेंगी। चेन्नई सुपर किंग्स की टीम हारी तो उनके प्लेऑफ में पहुंचने की संभावनाएं धुंधली हो जाएंगी। दूसरी ओर मुंबई इंडियंस की हार हुई, तो उनकी भी राह कठिन होगी। **इस मैच से पहले**



**एक नजर डालते हैं इन दोनों के हेड टू हेड रिकॉर्ड पर:** इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के हेड टू हेड रिकॉर्ड की बात की जाए तो इन दोनों का आमना-सामना कुल 38 बार हुआ है। इनमें से मुंबई इंडियंस ने 20 मैचों में जीत दर्ज की है। वहीं, चेन्नई सुपर किंग्स ने 18 मुकाबले अपने नाम किए हैं। इस तरह अभी तक मुंबई का पलड़ा थोड़ा भारी नजर आ रहा है।

# डेविड वार्नर की मेजर लीग क्रिकेट में एंट्री

### सिएटल ऑर्कास टीम के लिए चौके-छक्के लगाते आएंगे नजर



विशेष संवाददाता

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के जाने-माने बल्लेबाज डेविड वार्नर अब अपने क्रिकेट कॅरियर की नई शुरुआत करने जा रहे हैं। 37 साल के वॉर्नर ने अमेरिका की टी-20 लीग मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के तीसरे सीजन के लिए सिएटल ऑर्कास टीम से करार किया है। यह टूर्नामेंट 12 जून से 13 जुलाई तक अमेरिका में खेला जाएगा। यह वार्नर का एमएलसी में पहला मुकाबला होगा। यह लीग साल 2023 में शुरू हुई थी और धीरे-धीरे इसकी लोकप्रियता बढ़ रही है।

टी-20 क्रिकेट के सबसे शानदार बल्लेबाजों में से एक माने जाने वाले वार्नर अब तक 401 टी-20 मैच खेल चुके हैं और 12,956 रन बना चुके हैं। उनकी स्ट्राइक रेट 140.27 है। वॉर्नर की खासियत है कि वह शुरुआत से ही आक्रामक बल्लेबाजी करते हैं और बड़े-बड़े शॉट्स खेलने से नहीं डरते। वार्नर की मौजूदगी से सिएटल ऑर्कास को उनकी पारी की शुरुआत में मजबूती मिलने की उम्मीद है। इस समय वह पाकिस्तान सुपर लीग में कराची किंग्स के कप्तान हैं।

# डॉ. रवि व डॉ. आदेश सेमीफाइनल में

### प्रियंका हॉस्पीटल डीपीटीएल सीजन 5

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रियंका हॉस्पीटल डीपीटीएल सीजन 5 के लीग पैट्रन डॉ. संदीप निझावन ने बताया कि 20 अप्रेल तक चलने वाली प्रतियोगिता में खिलाड़ी कड़ी प्रतिस्पर्धा में जीतकर क्वार्टर फाइनल व सेमीफाइनल में पहुंच रहे हैं। लीग चेयरमैन डॉ. जयंत सेन व लीग सेक्रेटरी डॉ. अनिल यादव ने बताया कि डबल्स मैचेज में डॉ. अजीत-डॉ. ओम ने डॉ.



अनिल-डॉ. अंकुर को 5-0 से, डॉ. कपिल-डॉ. जयंत ने डॉ. भूपेन्द्र-डॉ. आरके कजला को 6-4 से हराया। लीग को-चेयरमैन डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि सिंगल्स मैचेज में डॉ. कपिल जिंदल ने डॉ. जीत सिंह को 13-11 से व डॉ. रमेश टैंगर ने आरके कजला को 13-10 से हराया। लीग कॉर्डिनेटर डॉ. सुधांशु शर्मा ने बताया कि 40-50 आयु वर्ग में डॉ. रवि सभरवाल ने डॉ. आदित्य पेरीवाल को 6-3 से व डॉ. आदेश ने डॉ. मुरली को 6-2 से हराया।

लीग कॉर्डिनेटर डॉ. सचिन खट्टर ने बताया कि 50-60 आयु वर्ग डबल्स में डॉ. कपिल-डॉ. जयंत ने डॉ. भूपेन्द्र-डॉ. आरके कजला को 6-2 से हराया। 50-60 आयु वर्ग के सिंगल्स में डॉ. रमेश टैंगर ने डॉ. आरके कजला को 6-2 से व डॉ. कपिल ने डॉ. जीतसिंह को 6-4 से हराया।

### आईपीएल 2025 फाइनल के अगले दिन होगा आगाज

# टी20 मुम्बई लीग 26 मई से



महानगर संवाददाता

**मुम्बई।** टी20 मुंबई लीग का तीसरा चरण आईपीएल 2025 के समापन के एक दिन बाद शुरू होगा, जिसमें भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा को आधिकारिक तौर पर टूर्नामेंट का चेहरा घोषित किया गया। कोविड-19 महामारी से पहले यह प्रतियोगिता 2018 और 2019 में दो साल के लिए आयोजित की गई थी और अब तीसरे चरण के लिए आठ टीमों के साथ आईपीएल जैसे प्रारूप में वापसी कर रही है। इन आठ टीमों में से दो के नए मालिक होंगे, जिनमें से एक का नाम सोबो मुंबई फाल्कन्स है।

बहुप्रतीक्षित टी20 मुंबई लीग की शानदार वापसी के साथ, मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने भारतीय कप्तान और मुंबई के अपने रोहित शर्मा को सीजन 3 के लिए ब्रांड एंबेसडर बनाया। 26 मई से शुरू होने वाली भारत की प्रमुख घरेलू फ्रेंचाइजी-आधारित टी20 लीग में से एक में शहर की बेहतरीन क्रिकेट प्रतिभाओं को प्रदर्शित करते हुए उच्च-ऑक्टेन एक्शन और कड़ी प्रतिस्पर्धा का वादा किया गया है।

# वेस्टइंडीज नहीं कर पाई वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज क्रिकेट के लिए मौजूदा समय अच्छा नहीं चल रहा है। एक समय वर्ल्ड कप में अपना कमाल दिखाने वाले इस देश के लिए अब क्रिकेट के महाकुंभ का टिकट पाना भी मुश्किल हो रहा है। वेस्टइंडीज की महिला टीम इसी साल होने वाले वनडे वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाई है। ये टीम 0.001 की नेट रनरेट के अंतर से ये टिकट हासिल करने से चूक गई। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेले गए मैच में वेस्टइंडीज ने थाईलैंड को सात विकेट से हरा दिया,लेकिन ये टीम नेट रनरेट को बेहतर नहीं कर पाई और मामूली अंतर से विश्व कप का टिकट हासिल करने से चूक गई। बांग्लादेश ने उसकी जगह क्वालिफाई कर लिया। वेस्टिंडीज का नेट रनरेट 0.639 का था, तो बांग्लादेश का 0.629 का।

## प्रदेश समाचार

# कोटा विश्वविद्यालय में पूर्व कुलपति संगम 'सुनहरी यादें' आयोजित



महानगर संवाददाता

**कोटा।** कोटा विश्वविद्यालय कोटा में शनिवार को 'पूर्व कुलपति संगम' कार्यक्रम 'सुनहरी यादें' आयोजित हुआ। अतिथियों का कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रो. कैलाश सोडानी ने स्वागत किया। आयोजन संयोजक डॉ. घनश्याम शर्मा ने स्वागत भाषण दिया। डॉ. शर्मा ने पूर्व कुलपतियों के कार्यकाल एवं महत्वपूर्ण गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इसके उपरांत विश्वविद्यालय की स्थापना से वर्तमान कुलपतियों के कार्यकाल की मुख्य गतिविधियों का प्रस्तुतिकरण हुआ। प्रो. एम.एल. कालरा ने अपने अनुभव साझा करते हुए विश्वविद्यालय में तत्समय भौतिक एवं मानवीय संसाधनों के अभाव की चर्चा की। साथ ही उन्होंने शैक्षणिक पदों की सरकार से स्वीकृति, संविदा के आधार भर्ती के लिए सरकार से प्रयास कर अनुमति की जानकारी दी। उन्होंने तत्समय के राजकीय महाविद्यालय के साथियों एवं विश्वविद्यालय स्टाफ के सहयोग की सराहना की।

प्रो. बी. एम. शर्मा ने कहा कि एक दशक के बाद मुझे इस प्रागंण में आने का अवसर मिला है। कोटा की 'कोचिंग इण्डस्ट्री' ने देश एवं विदेश में शहर का मान ऊंचा किया है। उन्होंने अपने कार्यकाल में हुई प्रतियोगी परीक्षाओं की भर्ती पर हुई सेमिनार की चर्चा कर राज्य लोक सेवाओं एवं भारतीय प्रशासनिक सेवाओं में सुधार की जानकारी दी।

# वक्फ बोर्ड संशोधन बिल के माध्यम से मुसलमानों तक पहुंचेगा लाभ: मेवाती

### वक्फ बोर्ड विधेयक-2025 जनजागरण अभियान की जिला कार्यशाला

महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** भारतीय जनता पार्टी की वक्फ बोर्ड विधेयक-2025 जनजागरण अभियान की जिला कार्यशाला शनिवार को रणथम्भौर रोड स्थित एक होटल में सम्पन्न हुई। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि कार्यशाला में मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हमीद खां मेवाती रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रेमप्रकाश शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष भरतलाल मथुरिया, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश मंत्री उमर गद्दी, बौंली प्रधान कृष्ण पोसवाल रहे। अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने की।




मुख्य अतिथि हमीद खां मेवाती ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता वक्फ बोर्ड संशोधन बिल को लेकर गांव-गांव, ढाणी-ढाणी जाएंगे, प्रत्येक मंडल स्तर पर सम्मेलन किए जाएंगे और अल्पसंख्यक समुदाय के सभी लोगों को इस बिल के बारे में बताया जाएगा। अल्पसंख्यक मोर्चा की टीम प्रत्येक गांव में जाकर इस बिल के खिलाफ गुमराह करने वालों को करारा जवाब देगी। पीएम मोदी बिल्कुल सही कानून लाए हैं। कांग्रेसियों ने वक्फ के नाम पर करोड़ों रुपए की भूमि पर कब्जा कर रखा है। कई जगह वक्फ के नाम पर होटल बना रखे हैं। उन्होंने बताया कि 3000 बीघा जमीन पर सांसद ओवैसी द्वारा यूनिवर्सिटी बनाई हुई है, जिसका लाभ गरीबों को नहीं मिल रहा है।

जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने बताया कि अगर बिल गलत था, तो कांग्रेस के लोगों ने बिल पेश करने के समय संसद से वाकआउट क्यों नहीं किया, बिल का विरोध क्यों नहीं किया। अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा का राष्ट्रभक्त संगठन है। वक्फ की संपत्तियों को लूटने का कार्य केवल और केवल कांग्रेसियों ने किया।

इस दौरान भाजपा के जिला महामंत्री हरिओम गर्ग, जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण धाकड़, मीरा सैनी, बलवीर सिंह राजावत, जिला मंत्री हरी प्रसाद गुप्ता, हरफूल मरमट, जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष तनवीर अहमद, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष बनवारी जाट, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष नागेश राज लोढ़ी, बजरिया मंडल अध्यक्ष नीलकमल जैन आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सुराणा फाउंडेशन ने बनवाया सरकारी स्कूल का भवन



### पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र राठौड़, पद्मश्री देवेन्द्र झाझड़िया व फाउंडेशन के सुमेरमल सुराणा ने किया उद्घाटन

महानगर संवाददाता

**सुजानगढ़।** समग्र शिक्षा अभियान व मुख्यमंत्री जन सहभागिता विद्यालय विकास योजना के अन्तर्गत गोपालपुरा में बने महात्मा गांधी राजकीय स्कूल के भवन का शनिवार शाम पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र राठौड़, पद्मश्री देवेंद्र झाझड़िया व सुराणा फाउंडेशन के अध्यक्ष सुमेरमल सुराणा ने उद्घाटन किया।

इस दौरान मुख्य अतिथि राजेन्द्र राठौड़ ने सुराणा फाउंडेशन की प्रशंसा करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में खर्च करने से धन की बढ़ोतरी होती है। उन्होंने बेशकीमती जमीन देने पर देदाराम मेघवाल व हुकमाराम मेघवाल का भी माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान सरपंच सविता राठी ने स्कूल में खेल मैदान की मांग उठाई, जिस पर राठौड़ ने जल्द ही सरकार से वार्ता करने का आश्वासन दिया। इससे पहले सुराणा फाउंडेशन के सुमेरमल व सुनील सुराणा ने अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पूर्व हाईकोर्ट जज करणीसिंह राठौड़, समाजसेवी मेघराज सिंह रॉयल, बीदासर प्रधान संतोष मेघवाल, सुजानगढ़ प्रधान मनभरी देवी, सीबीईओ सुनीता पूनिया, एसीबीईओ मंजू पंवार, सरपंच महावीर सिंह पार्वतीसर, इमरान खान, गिरधारी कांटीवाल, जयश्री दाधीच, गणपत दास स्वामी सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विश्व हिंदू परिषद ने प्रवासी बन्धुओं का किया सम्मान

महानगर संवाददाता

**नवलगढ़।** गायत्री शक्ति पीठ मंदिर में विश्व हिन्दू परिषद की ओर से प्रवासी बन्धुओं का सम्मान समारोह व पंचांग वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के प्रखण्ड अध्यक्ष राममोहन सेकसरिया ने की। शुरुआत प्रणवोच्चार, एकात्मकता मंत्र व विजय महामंत्र से हुई। संरक्षक रामकुमार सिंह राठौड़ ने देशभक्ति गीत सुनाया। कार्यक्रम में प्रवासी बन्धुओं गिरधारी लाल छावछरिया, जयप्रकाश छावछरिया व सर्वेश धरनीधरका का अंगवस्त्र पहना कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर सर्वेश धरनीधरका ने विश्व हिन्दू परिषद के पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम के तहत निशुल्क वितरण के लिए कपड़े के एक हजार थैले उपलब्ध करवाने की घोषणा की। इसी प्रकार गिरधारी लाल छावछरिया व जय प्रकाश छावछरिया ने जनकल्याण व राष्ट्रहित के कार्यों के लिए 51 हजार रुपए उपलब्ध करवाने की घोषणा की। कार्यक्रम में श्री श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट, झुंझुनूं द्वारा प्रकाशित बहुउपयोगी व्रतोत्सव दर्शिका 'परिवार पंचांग' उपस्थित प्रबुद्धजनों को वितरित किए गए। अंत में शांति मंत्र व जयघोष से कार्यक्रम का समापन हुआ। संचालन प्रखण्ड मंत्री सुरेश कुमावत ने किया।

# बलदेव सैनी नगर अध्यक्ष नियुक्त

**नवलगढ़ (मसं.)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देश पर नवलगढ़ कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बलदेव सैनी को नियुक्त किया गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव ललित तूनवाल ने आधिकारिक आदेश जारी किया है। सैनी का चयन उनके संगठनात्मक अनुभव के आधार पर किया गया है।



### भाजपा प्रदेश कार्यालय में वन नेशन वन इलेक्शन अभियान के समर्थन में भाजपा महिला मोर्चा के पदाधिकारियों की बैठक

# भारत में चुनाव सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम एक राष्ट्र एक चुनाव: राठौड़

**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ की अध्यक्षता में भाजपा प्रदेश कार्यालय में एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान के समर्थन में भाजपा महिला मोर्चा के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर राठौड़ ने कहा कि भारत में शासन को सुव्यवस्थित करने और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को उसके अनुकूल बनाने की आकांक्षाओं को देखते हुए एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा एक महत्वपूर्ण सुधार के रूप में उभरी है। इसके लिए गहन विचार-विमर्श और आम सहमति की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की ओर से भारत में एक साथ चुनाव कराने के संबंध में उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया और उसकी रिपोर्ट 2024 में जारी की गई थी। इसकी सिफारिशों को 18 सितंबर 2024 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने स्वीकार किया, जो चुनाव सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।





मदन राठौड़ ने कहा कि इस प्रक्रिया के समर्थकों का तर्क है कि इस तरह की प्रणाली प्रशासनिक दक्षता को बढ़ा सकती है, चुनाव संबंधी खर्चों को कम कर सकती है और नीति संबंधी निरंतरता को बढ़ावा दे सकती है। संविधान को अंगीकार किए जाने के बाद 1951 से 1967 तक लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ आयोजित किए गए थे। यह परंपरा 1957, 1962 और 1967 के तीन आम चुनावों के लिए भी जारी रही, लेकिन इसके बाद कांग्रेस की महत्वाकांक्षा के चलते चुनावी प्रक्रिया बदलती रही। कुछ राज्यों की सरकारों को समय से पूर्व भंग कर दिया गया तो कभी लोकसभा को भंग कर दिया गया। इसके बाद देश में चुनाव अलग-अलग समय पर होना शुरू हो गए। अब मोदी सरकार फिर से एक राष्ट्र एक चुनाव की अवधारणा पर कार्य कर रही है, हम सभी को इसका समर्थन करना चाहिए।

**महिलाओं से लोगों को जागरूक करने की अपील**

अभियान के प्रदेश संयोजक सुनील भार्गव ने कहा कि महिला मोर्चा की बैठक में उपस्थित महिलाओं से इस अभियान में जुड़कर आमजन को जागरूक करने की अपील की गई। भार्गव ने कहा कि महिलाओं में एक राष्ट्र एक चुनाव के प्रति जागरूकता आती है तो समाज में जागरूकता आती है। हम सभी को मिलकर पीएम मोदी के इस अभियान को राष्ट्र के हित में जन-जन तक पहुंचाना है। एक साथ चुनाव कराने से सरकार का ध्यान विकासात्मक गतिविधियों और जन कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नीतियों के कार्यान्वयन पर केंद्रित होगा। एक साथ चुनाव कराने से आचार संहिता के लंबे समय तक लागू होने की संभावना कम होगी, जिससे नीतिगत निर्णय लेने में देर नहीं होगी और शासन में निरंतरता संभव होगी।

# मुख्यमंत्री करेंगे यमुना जल की प्रगति की समीक्षा

### टास्क फोर्स की दूसरी संयुक्त बैठक 25 को हिसार में प्रस्तावित

**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 21 अप्रेल को झुंझुनूं जिले के पिलानी में हरियाणा और राजस्थान की टास्क फोर्स की द्वितीय संयुक्त बैठक से पूर्व यमुना जल की प्रगति की समीक्षा करेंगे। इस बैठक में हरियाणा सरकार के उच्च अधिकारी भी शामिल होंगे। दोनों राज्य की टास्क फोर्स की द्वितीय संयुक्त बैठक 25 अप्रेल को हिसार में आयोजित होना प्रस्तावित है।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 1994 में राजस्थान, उत्तरप्रदेश, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश एवं नई दिल्ली के बीच हुए यमुना जल समझौते के अंतर्गत ताजेवाला हैड (हथिनीकुंड बैराज) पर मानसून अवधि (जुलाई से अक्टूबर) में 1917 क्यूसेक (वार्षिक 577 एमसीएम) जल राजस्थान को आवंटित किया गया था, लेकिन आवंटित जल को राजस्थान लाने के लिए 30 वर्षों से गतिरोध बना हुआ था। सीकर, झुंझुनूं एवं चूरू जिलों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करने की दिशा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अथक प्रयासों, केंद्र सरकार के सकारात्मक सहयोग व केंद्रीय जल आयोग के हस्तक्षेप के फलस्वरूप यह गतिरोध दूर हुआ और 17 फरवरी, 2024 को राजस्थान व हरियाणा के मुख्यमंत्रियों एवं केंद्रीय जलशक्ति मंत्री की उपस्थिति में समझौता हुआ। समझौते के तहत प्रथम चरण में ताजेवाला हैड (हथिनीकुंड बैराज) से पीने का पानी राजस्थान लाने के लिए प्रवाह प्रणाली की संयुक्त रूप से डीपीआर बनाने पर सहमति बनी। इस समझौते की क्रियान्विति की दिशा में डीपीआर तैयार करने के लिए राजस्थान एवं हरियाणा सरकार ने टास्क फोर्स का गठन किया। संयुक्त डीपीआर बनाने के संबंध में अतिरिक्त मुख्य सचिव, जल संसाधन विभाग, राजस्थान एवं हरियाणा के मध्य 26 मार्च, 2025 को चंडीगढ़ में बैठक हुई। इसके बाद हरियाणा व राजस्थान की टास्क फोर्स की प्रथम संयुक्त बैठक गत 7 अप्रेल को यमुनानगर (हरियाणा) में हुई, जिसमें अलाइनमेंट के क्रम में वास्तविक धरातलीय परीक्षण किए जाने पर प्राथमिक चर्चा हुई।

**तीन भूमिगत पाइपलाइनों से जल लाना प्रस्तावित**



योजना के तहत तीन भूमिगत पाइपलाइनों के माध्यम से हथिनीकुंड बैराज से चूरू जिले में हांसियावास जलाशय तक जल लाया जाना प्रस्तावित है। ऊपरी यमुना बेसिन (हथिनीकुंड बैराज के अपस्ट्रीम) में रेणुकाजी व लखवार स्टोरेज परियोजनाओं का एमओयू हो चुका है, जिसके अनुरूप राजस्थान द्वारा हिस्सा राशि 77 करोड़ 90 लाख रुपए का भुगतान हिमाचल प्रदेश एवं उत्तराखंड को किया जा चुका है। किशाऊ का एमओयू होना शेष है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने के बाद हथिनीकुंड बैराज पर राजस्थान के हिस्से का 201 एमसीएम जल मानसून के बाद वर्ष पर्यंत इन्हीं पाइपलाइनों से राजस्थान को उपलब्ध हो सकेगा। योजना की प्रभावी मॉनिटरिंग एवं त्वरित क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार गंभीर है एवं इसी क्रम में जल संसाधन विभाग द्वारा अलग से अतिरिक्त मुख्य अभियंता, यमुना जल का नवीन पद सृजित किया गया है। राज्य सरकार के प्रयासों से शेखावाटी अंचल में यमुना जल लाने की क्रियान्विति शीघ्र स्वरूप लेने लगेगी।

### ग्रीष्मकालीन मिलावट विरोधी अभियान प्रारंभ

# पहले ही दिन 114 निरीक्षण किए, 313 सैंपल लिए

**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** प्रदेभर में आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने के लिए 19 अप्रेल से 5 मई तक मिलावट के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। गर्मियों के मौसम को देखते हुए अभियान के तहत पहले दिन 114 निरीक्षण कर 313 नमूने लिए गए।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि गर्मी के मौसम में आमतौर पर खाद्य पदार्थों के जल्द खराब होने एवं डेयरी उत्पादों में मिलावट के मामले अधिक बढ़ जाते हैं। इसे देखते हुए लोगों को शुद्ध एवं मिलावट रहित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने तथा निरामय राजस्थान की अवधारणा को मजबूत करने के लिए यह विशेष अभियान चलाया गया है। खाद्य सुरक्षा आयुक्त एच गुईटे ने बताया कि अभियान के तहत सभी जिलों में प्रत्येक एफएसओ को इस अवधि के दौरान 60 नमूने लेने का लक्ष्य दिया गया है। इसके तहत पहले दिन प्रदेशभर में खाद्य पदार्थों के 124 एन्फोर्समेंट एवं 189 सर्विलांस सैंपल लिए गए। ये नमूने डेयरी उत्पाद, शीतल पेय पदार्थ, स्नैक्स एवं मिठाई आदि के लिए गए हैं। नमूने लेने के साथ ही मिलावट के संदेह के आधार पर 984 किलो खाद्य सामग्री नष्ट करवाई गई एवं 2600 किलो से अधिक खाद्य सामग्री सीज की गई है।

**5 मई तक 6000 नमूने लेने का लक्ष्य निर्धारित**

गुईटे ने बताया कि इस अभियान के दौरान 5 मई तक 6000 नमूने लिए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रत्येक जिले में खाद्य निर्माण इकाइयों का निरीक्षण किया जाएगा और दैनिक आधार पर आयुक्तालय से प्रगति की सीधे निगरानी की जाएगी। साथ ही ऐसी निर्माण इकाइयों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, जो मानदंडों का उल्लंघन कर खाद्य सामग्री का निर्माण कर रही हैं या मिलावटी खाद्य पदार्थ बनाती हैं। दूसरे चरण में अधिक निर्माण इकाइयों और थोक विक्रेताओं को कवर किए जाएगा।

### उत्तरी हवाओं से गिरा प्रदेश का पारा

# जोधपुर, बीकानेर संभाग के कुछ इलाकों में चली धूल भरी आंधी

### 1 से 6 डिग्री तक कम हुआ तापमान

**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** प्रदेश में कई शहरों में हीटवेव का दौर लगातार जारी है, लेकिन उत्तरी हवाओं के चलते प्रदेश के अधिकतर शहरों के दिन और रात के तापमान में गिरावट आई है। इससे आमजन को तेज गर्मी से थोड़ी राहत जरूर मिली है। प्रदेश के शहरों के दिन और रात के तापमान में एक से 6 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई है। 44.3 डिग्री के साथ कोटा प्रदेश में सबसे गर्म रहा। शुक्रवार के मुकाबले शनिवार को गर्मी कम पड़ी। सूर्य की तपन में शुक्रवार के मुकाबले शनिवार को कमी देखी गई।

मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि 20 अप्रेल से राज्य में हीटवेव से राहत मिलने की संभावना है। आगामी 24 घंटे जोधपुर, बीकानेर संभाग के कुछ भागों में 30-40 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से धूल भरी आंधी चलने की संभावना है। राज्य में कुछ स्थानों पर उष्ण लहर दर्ज की गई तथा कुछ स्थानों पर गर्म रात्रि दर्ज की गई। बीकानेर संभाग में धूलभरी आंधी चली। वहीं राज्य में शुक्रवार को कहीं-कहीं हल्की वर्षा भी हुई। राज्य में सर्वाधिक न्यूनतम तापमान प्रतापगढ़ में 31.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राज्य के अधिकतर भागों में हवा में आर्द्रता की औसत मात्रा 25 से 70 प्रतिशत के मध्य दर्ज की गई।



तेज धूप से बच्चे को बचाने की जुगत में महिला।

**हवाओं से गिरा जयपुर का पारा**

जयपुर में सुबह से मध्यम गति की हवाएं चलीं। इससे जयपुर के दिन और रात के पारे में गिरावट दर्ज की गई। जयपुर के दिन के पारे में 2.1 और रात के पारे में 0.6 डिग्री की गिरावट रही। जयपुर का अधिकतम तापमान 41.4 और न्यूनतम तापमान 27.4 डिग्री दर्ज किया गया। आगामी दिनों में अभी और पारे में गिरावट आने की संभावना है।

**प्रमुख शहरों का तापमान**

| | |
|---|---|
| कोटा | 44.3 |
| फलौदी | 42.4 |
| चूरू | 42.2 |
| पिलानी | 41.9 |
| वनस्थली | 41.9 |
| श्रीगंगानगर | 41.8 |




स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गोपाल शर्मा द्वारा 2, सहकार मार्ग, ज्योतिनगर, लालकोठी, जयपुर-15 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी-848, फेज-3, रीको सीतापुरा, जयपुर से मुद्रित। संपादक: गोपाल शर्मा, संपादकीय प्रभारी: जिज्ञासु शर्मा*। फोन: 0141-2741076, 2741077 * पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com * आर.एन.आई. 67873/97/ पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर-JaipurCity/008/2023-25